मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम
#savegajraj#saveelephant


वर्ष : 3 अंक: 198 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

सोमवार, 14 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## रुस-यूक्रेन जंग का 18वां दिन: नौ लोगों की मौत, 57 घायल

### रुसी हमले से यूक्रेन के अधिकतर शहर जल रहे

कीव, एजेंसी। रूस यूक्रेन युद्ध का रविवार को 18वां दिन है। रूस-यूक्रेन की जंग थमने की बजाय बढ़ती जा रही है। युद्ध के 18वें दिन रूसी सेना लगातार हमले कर रही हैं, जिससे यूक्रेन के अधिकतर शहर जल रहे हैं। हालात यह है कि लगातार हो रही गोलाबारी से सरकारी इमारतें और घर तबाह हो गए हैं। मेयर रुस्लान मार्टसिंकिव के हवाले से बताया कि रूसी सेना ने 13 मार्च को इवानो-फ्रैंकिवस्क एयरबेस पर हमला किया। मार्टसिंकिव ने बताया कि एयरबेस को लगातार दूसरे दिन रूस ने निशाना बनाया है। उन्होंने एयरबेस के करीब रहने वालों से स्थानांतरित होने का आग्रह किया है। साथ ही रूसी सैनिकों ने कीव में ग्रीन कोरिडोर के जरिए रेस्क्यू कर रही महिलाओं और बच्चों पर गोली चला दी, जिसमें एक बच्चे सहित 7 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, युद्ध के 18वें दिन यूक्रेन पर रूस के हमले जारी हैं। ल्वीव और खेरसान में कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई है।

स्थानीय अधिकारी के हवाले से बताया कि रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के पश्चिमी शहर ल्वीव के बाहर एक सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर कई हवाई हमले किए। इस हमले में नौ लोगों की मौत हो गई है। जबकि, 57 लोग घायल हुए है।



रिपोर्ट के मुताबिक, बेलारूस के शहर मोजियर, होमेल और नारौलिया में मुर्दाघर रूसी सैनिकों के शवों से कथित तौर पर भरे हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रूसी सैनिकों के शवों को ट्रकों से लाया जा रहा है। इसके बाद ट्रेन या हवाई जहाज से इन शवों को रूस भेजा जा रहा है।

वहीं ल्वीव क्षेत्रीय प्रशासन के हवाले से बताया कि रूसी सेना ने 13 मार्च को ल्वीव ओब्लास्ट में इंटरनेशनल सेंटर फार पीसकीपिंग एंड सिक्योरिटी मिलिट्री ट्रेनिंग बेस पर करीब आठ मिसाइलें दागीं हैं। हालांकि, अभी हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। यूक्रेन के इवानो-फ्रैंकिव्स्क में धमाकों की आवाज सुनी गई है। साथ ही इन शहरों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है और स्थानीय निवासियों को निकटतम आश्रय में जाने के लिए कहा गया है। वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान आया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संघर्ष जारी हैं, और आगे भी बढ़ सकता है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन के पास रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करने के लिए कोई नहीं है। बाइडेन की सभी कमजोरी, कायरता और अक्षमता के बावजूद, यूक्रेन में इस त्रासदी को समाप्त करने के लिए उसके पास अभी भी एक रास्ता है। बिना अमेरिकियों को एक भीषण और बहुत खूनी युद्ध में फंसाए। ट्रम्प ने सुझाव दिया कि वाशिंगटन को मास्को को उग्र परिणामों के साथ धमकी देनी चाहिए।

इसी बीच यूक्रेन के लगभग हर क्षेत्र में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है। आशंका हैं, कि रूस किसी भी वक्त यूक्रेन के इन शहरों में हमले कर सकता है। इनमें खार्किव, क्रामटोर्स्क, स्लोवियनस्क, विन्नित्सिया, कीव, पोल्टावा, जाइटामिर, खमेलनित्स्की, किलिया, युजने, चेनोमौर्स्क, बिलाइवका और अवदिवका में सायरन सुनाई दिए गए हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यूक्रेन में युद्ध की स्थिति पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेनेट के साथ चर्चा की। साथ ही उन्होंने मेलिटोपोल मेयर की रिहाई के लिए उनकी मदद भी मांगी। जेलेंस्की ने ट्वीट कर बताया कि इजराइल के पीएम के साथ बातचीत जारी है। हमने रूस के हमले और शांति वार्ता की संभावनाओं के बारे में बात की। हमें नागरिकों के खिलाफ हो रहे दमन को रोकना चाहिए। मेलिटोपोल के बंदी मेयर और स्थानीय लोगों की रिहाई में सहायता करने के लिए उनसे कहा है।

रुस-यूक्रेन जंग के बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने यूक्रेन में रूस के रुख को सभी यूरोपीय देशों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। उन्होंने अमेरिका और उसके नाटो एवं यूरोपीय सहयोगियों के बीच एकता पर प्रकाश डालकर कहा कि गठबंधन की सबसे बड़ी ताकत इसकी एकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका नाटो गठबंधन के बचाव में यूक्रेन के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम मोदी की हाई लेवल मीटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हाई लेवल मीटिंग बुलाई। इस दौरान यूक्रेन में जारी संघर्ष को देखते हुए भारत की सुरक्षा तैयारियों और मौजूदा वैश्विक परिदृश्य की समीक्षा की गई। जब से रूस ने यूक्रेन पर अपना सैन्य हमला शुरू किया है, तब से प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रियों और सीनियर अधिकारियों के साथ कई उच्च-स्तरीय बैठकें कर चुके हैं। भारत ने युद्ध प्रभावित यूक्रेन में फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए ह्यऑपरेशन गंगाह्न नाम से विशाल अभियान शुरू किया है। इन बैठकों में इस ऑपरेशन को लेकर विस्तार से बातचीत हुई है। रविवार की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने हिस्सा लिया। मोदी ने दो युद्धरत राष्ट्रों के नेताओं- रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके यूक्रेनी समकक्ष वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ भी बातचीत की है। मोदी ने दोनों नेताओ से रक्तपात और विनाश को समाप्त करने के लिए वार्ता और कूटनीति की वापसी की अपील की है। भारत अब तक रूस के आक्रमण के प्रति अपनी प्रतिक्रिया को लेकर सतर्क रहा है। भारत संयुक्त राष्ट्र में मॉस्को के खिलाफ पारित प्रस्ताव से दूर रहा। इस बीच, भारत सरकार और पीएम मोदी को प्रशंसा मिली है। साथ ही पड़ोसी देशों के



नेताओं ने यूक्रेन में फंसे अपने नागरिकों को भी सुरक्षित वापस लाने के लिए धन्यवाद दिया है। उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में युद्ध प्रभावित शहर सूमी से सुरक्षित बाहर निकाले गए छात्रों सहित 674 लोगों को लेकर तीन उड़ानें शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंचीं। स्वदेश लौटे भारतीय नागरिक वहां के खौफनाक मंजर और युद्ध के दौरान दो हफ्ते तक अपनी जान बचाने को लेकर की गई कोशिशों को बयां करते हुए सहम गए। एअर इंडिया और इंडिगो की दो उड़ानें 461 लोगों के साथ सुबह पौने छह बजे और दोपहर 12 बज कर 20 मिनट पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंची। जबकि भारतीय वायुसेना की सी-17 विमान 213 यात्रियों के साथ दोपहर सवा बारह बजे हिंडन एयर बेस पर उतरा।

## संक्षिप्त समाचार

### सऊदी अरब में एक दिन में 81 लोगों को दी गई फांसी

दुबई, एजेंसी। सऊदी में एक दिन में 81 लोगों को फांसी दी गई है। दुष्कर्म, हत्या, पूजास्थलों पर हमला, आतंकवादियों से संबंध जैसे कई संगीन अपराधों में शामिल 81 लोगों को एक ही दिन में फांसी का फैसले की पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। सऊदी अरब के आंतरिक मंत्रालय ने इन सभी लोगों को फांसी दी है। इसमें कई खूंखार आतंकवादी संगठन आईएसआईएस और अल-कायदा के साथ काम करते थे, तब कई अन्य हत्या तथा दुष्कर्म जैसी घटनाओं में शामिल थे। मौत की यह सजा सऊदी के रहने वालों के अलावा कुछ विदेशियों को भी दी गई है। इनमें से ज्यादातर यमन के रहने वाले थे। यह सभी धार्मिक स्थलों और सरकारी संस्थानों को निशाना बनाने, सुरक्षा अधिकारियों की हत्या करने, माइंस बिछाने, अपहरण, टॉर्चर करने और रेप तथा हथियारों की डकैती जैसे अपराधों में संलिप्त थे। इसके अलावा इसमें देश में गड़बड़ी फैलने के उद्देश्य से हथियारों की तस्करी करने वाले भी शामिल थे। अदालत में ट्रायल के बाद इन सभी अपराधियों को अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। मंत्रालय ने बताया कि अपीलीय अदालत और सुप्रीम कोर्ट ने इन सभी को मिली मौत की सजा पर मुहर लगाई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अदालत ने निर्देश दिया था कि इन सभी मौत की सजा दी जाए।

### ईवीएम पर दूरबीन से नजर रखने वाले सपा उम्मीदवार योगेश वर्मा हारे

नोएडा, एजेंसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का वह उम्मीदवार चुनाव हार गया, जो मतगणना से पहले अतिरिक्त सतर्कता बरताकर दूरबीन के द्वारा निर्वाचन कार्यालय पर नजर रखता था। आधिकारिक चुनावी नतीजों से यह बात सामने आई है। योगेश वर्मा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की हस्तिनापुर विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। आयोग की वेबसाइट के मुताबिक, उन्हें हस्तिनापुर में भाजपा प्रत्याशी और मौजूदा विधायक दिनेश खटिक के हाथों 7,312 मतों के अंतर से हार झेलनी पड़ी है। वेबसाइट के अनुसार, वर्मा को लगभग एक लाख (43.55 फीसदी), जबकि खटिक को 1.07 लाख (46.72 प्रतिशत) वोट हासिल हुए हैं। सर्वेक्षणों के रुझानों और नौ मार्च को उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर ईवीएम के साथ छेड़छाड़ के आरोपों के बीच वर्मा को खुली जिप्सी में बैठकर दूर से ही स्ट्रांग रूम पर नजर रखने के लिए दूरबीन का इस्तेमाल करते हुए देखा गया था। हस्तिनापुर में भले ही वोटों की गिनती के दौरान या इससे पहले ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की कोई शिकायत नहीं मिली थी, लेकिन वर्मा उनकी अतिरिक्त सतर्कता से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद चर्चा में आ गए। हस्तिनापुर सीट से एक अन्य लोकप्रिय उम्मीदवार अभिनेत्री से राजनेता बनीं कांग्रेस की अर्चना गौतम थीं, जो चुनावी लड़ाई में कहीं ठहरती नहीं दिखाई दीं।

## केंद्र का ईपीएफ जमा पर ब्याज घटाना जनविरोधी और मजदूर विरोधी फैसला : ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी। केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर को घटाने की कड़ी आलोचना की है। ईपीएफ राशि में 8.1 प्रतिशत करने के फैसले का पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विरोध किया है। ममता बनर्जी ने केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करते हुए इस फैसले को जनविरोधी और मजदूर विरोधी बताया।

ममता बनर्जी ने ट्वीट किया, 'यूपी में जीत के बाद बीजेपी सरकार तुरंत अपना गिफ्ट कार्ड लेकर आई है। केंद्र सरकार ने



कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को पिछले 4 दशक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। यह प्रस्ताव बीजेपी के असली चेहरे को बेनकाब करता है। यह प्रस्ताव उस समय आया है, जब देश के मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग के कामगार और कर्मचारी पहले से ही कोरोना महामारी की वजह से आर्थिक परेशानी से गुजर रहे हैं।'

ममता बनर्जी ने एक के बाद एक कई ट्वीट किए। ममता बनर्जी ने आगे कहा, बीजेपी को जनविरोधी और मजदूर विरोधी बताया और कहा कि, ह्ययह कदम सरासर मजदूर और जन के विरोध में है। यह केंद्र सरकार की उस क्रूर और एकतरफा सार्वजनिक नीति को भी उजागर करता है, जो किसानो, श्रमिकों और मध्यमवर्गीय को नजरअंदाज कर उद्योगपतियों के हितों की रक्षा करता है। विपक्ष की सभी पार्टियों को संयुक्त रूप से एकजुट होकर इस काले कानून का विरोध करना होगा।ह्न

केंद्र सरकार ने कहा कि ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ब्याज दरों को 8.5 प्रतिशत से घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया गया है। गुवाहाटी में चल रहे सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में फैसला लिया गया है कि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ईपीएफओ की ब्याज दरों को घटा दिया जाए। इस तरह अब इसकी ब्याज दरों को 8.50 फीसदी से घटाकर 8.10 फीसदी कर दिया गया है। ईपीएफओ सब्सक्राइबर्स के लिए ये बड़ा झटका है।

## कांग्रेस की करारी हार के बाद असंतुष्ट 'जी 23' समूह के नेताओं की बैठक हुई



नई दिल्ली, एजेंसी। देश में हाल ही संपन्न हुए पांच राज्यों विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की करारी हार के बाद पार्टी के 'जी 23' समूह के कई नेताओं ने शुक्रवार को भी बैठक की जिसमें आगे की रणनीति को लेकर चर्चा की गई। राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद के आवास पर हुई इस बैठक में कपिल सिब्बल, आनंद शर्मा और मनीष तिवारी शामिल हुए। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस कार्य समिति में शामिल 'जी 23' के नेता सीडब्ल्यूसी की बैठक में चुनावी हार का मुद्दा और पार्टी संगठन में जरूरी बदलाव और जवाबदेही सुनिश्चित करने की अपनी पुरानी मांग उठा सकते हैं। 'जी 23' समूह के प्रमुख सदस्य गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा कांग्रेस कार्य समिति में शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय प्रचार अभियान के बावजूद, राज्य में कांग्रेस 403 विधानसभा सीटों में से केवल दो पर जीत हासिल कर सकी। कांग्रेस की वोट हिस्सेदारी भी कम होकर 2.33 प्रतिशत हो गई और उसके अधिकतर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। पार्टी की 2019 के आम चुनावों में लगातार दूसरी हार के बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। सोनिया गांधी ने अंतरिम अध्यक्ष के रूप में फिर से पार्टी की बागडोर संभाली थी। उन्होंने ने भी अगस्त 2020 में पार्टी नेताओं के एक वर्ग 'जी-23' द्वारा खुले विद्रोह के बाद पद छोड़ने की पेशकश की थी लेकिन सीडब्ल्यूसी ने उनसे पद पर बने रहने का आग्रह किया था।

सोनिया गांधी पिछले कुछ समय से सक्रिय रूप से प्रचार नहीं कर रही हैं, प्रियंका गांधी वाद्रा के अलावा राहुल गांधी कांग्रेस के स्टार प्रचारक रहे हैं। साथ ही भाई-बहन की जोड़ी पार्टी के महत्वपूर्ण फैसलों में भी प्रमुख भूमिका निभाती है।

## युद्ध प्रभावित यूक्रेन का भारतीय दूतावास अस्थायी रूप से पड़ोसी देश पोलैंड शिफ्ट



नई दिल्ली, एजेंसी। युद्ध प्रभावित यूक्रेन में भारतीय दूतावास को अस्थायी रूप से पड़ोसी देश पोलैंड शिफ्ट कर दिया गया है। भारत ने कहा, 'यूक्रेन में तेजी से बिगड़ती सुरक्षा स्थिति, देश के पश्चिमी हिस्सों में हमलों को देखते हुए, यह फैसला लिया गया है कि यूक्रेन में भारतीय दूतावास को पोलैंड में अस्थायी रूप से शिफ्ट किया जाएगा।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत की सुरक्षा तैयारियों और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता के तुरंत बाद यह फैसला लिया गया है। सरकार ने एक बयान में कहा कि पीएम मोदी को यूक्रेन में ताजा घटनाओं के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें ऑपरेशन गंगा (यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए शुरू किया गया ऑपरेशन) भी शामिल है।

रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला बोला था। रूसी रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह हमला केवल यूक्रेनी सैन्य बुनियादी ढांचे को टारगेट करके किया जा रहा है। इसमें नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। मॉस्को बार-बार जोर देकर कह रहा है कि उसकी यूक्रेन पर कब्जा करने की कोई योजना नहीं है।

## द कश्मीर फाइल्स की टीम पीएम मोदी से मिली, लोगों ने कहा यह असली प्रमोशन

नई दिल्ली, एजेंसी। द कश्मीर फाइल्स फिल्म 11 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में 1990 के दशक की कश्मीर घाटी के पंडितों के दर्द को दिखाया गया है। यह कश्मीरी पंडितों पर आतंकियों के जुल्म की कहानी कहती है। फिल्म लोगों की काफी पंसद आ रही है। फिल्म के रिलीज होने के बाद ह्यद कश्मीर फाइल्सह्न की टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली। पीएम ने फिल्म की जमकर तारीफ की है, जिसके बाद निमार्ता भी काफी खुश हैं। फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री और प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल ने ट्विटर पर पीएम मोदी का आभार जताया है। जिसके बाद फैंस भी जश्न में शामिल हो गए हैं और इस फिल्म की असली प्रोमोशन बताया है। वहीं, उन्होंने कॉमेडियन कपिल शर्मा पर जमकर अपनी भड़ास निकाली है और सोशल मीडिया पर कपिल शर्मा शोह्न को बॉयकॉट करने की मांग करने लगे हैं।

बता दें कि, बीते दिनों एक यूजर ने विवेक से अपनी फिल्म को कपिल शर्मा के शो में प्रमोट करने की रिक्वेस्ट की थी। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि मैं यह तय नहीं कर सकता कि कपिल शर्मा शो में किसे बुलाया जाना चाहिए।



यह उनके और उनके प्रोड्यूसर की इच्छा पर निर्भर करता है। जहां तक बॉलीवुड की बात है मैं यही कहूंगा जो एक बार मिस्टर बच्चन ने गांधी परिवार के बारे में कहा था कि वहां राजा हैं हम रंक। सोशल मीडिया पर ह्यद कपिल शर्मा शोह्न पर एक बार फिर गुस्सा निकल रहा है। द कश्मीर फाइल्स रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है। फिल्म समीक्षकों का कहना है कि फिल्म ने शुक्रवार को 3.55 करोड़ और शनिवार को 8.50 करोड़ की कमाई की। फिल्म की दूसरे दिन की कमाई में 139 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। फिल्म वीक रिलीज हुई फिल्म राधेश्याम, द बैटमैन और गंगूबाई काठियावाड़ी पर भारी पड़ रही है।

## पंजाब जीत से केजरीवाल गदगद, बोले- सूबे में अब बनेगी ईमानदार सरकार, एक-एक बच्चा बनेगा सीएम

अमृतसर, एजेंसी। पंजाब में शानदार जीत हासिल करने के बाद आम आदमी पार्टी गदगद है और सूबे में सरकार गठन की तैयारियां शुरू कर दी है। 16 मार्च को भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। आम आदमी पार्टी की ओर से पंजाब में शक्ति प्रदर्शन किया गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पंजाब पहुंचे थे। इस दौरान केजरीवाल ने भगवंत मान के साथ एक भव्य रोड शो किया। पंजाब में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप लोगों ने कमाल कर दिया, लव यू पंजाब। पूरी दुनिया को ये यकीन नहीं हो रहा कि पंजाब में इतना बड़ा इंकलाब आ गया है कि सब हार गए। ये बहुत



बड़ा इंकलाब है और ये पंजाब के लोग ही कर सकते थे पूरी दुनिया में और किसी में इतनी ताकत नहीं थी।

केजरीवाल ने कहा कि कई सालों के बाद आज पंजाब के लोगों को एक ईमानदार मुख्यमंत्री मिला है। अब ईमानदार सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग पंजाब को लूट रहे थे वो अब बंद होगा। अब पूरा सरकारी पैसा पंजाब के लोगों पर खर्च होगा। हमने जितनी गारंटियां दी थी सब पूरी होंगी। 16 तारीख को भगवंत मान मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे तो उस दिन पंजाब का एक-एक बच्चा मुख्यमंत्री बनेगा। हम रंगला पंजाब बनाएंगे। वहीं भगवंत मान ने कहा कि हमने 122 लोगों की सुरक्षा कम कर दी है और इसके कारण 403 पुलिसकर्मी और 27 पुलिस वाहन थानों में लौट आए हैं। किसी भी सरकारी कार्यालय में मुख्यमंत्री की तस्वीरें नहीं होंगी, लेकिन शहीद भगत सिंह और बाबासाहेब अंबेडकर की तस्वीरें जरूर होंगी।


आम आदमी पार्टी ने भगवंत मान के नेतृत्व में 92 सीटों पर जीत हासिल की है। 117 सीटों में से 92 सीटों पर जीत हासिल करने वाली आम आदमी पार्टी अब पंजाब में सरकार बनाने जा रही है। रोड शो निकाले जाने से पहले मुख्य संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा राज्य के मुख्यमंत्री नामित भगवंत मान ने रविवार को यहां स्वर्ण मंदिर में माथा टेका। पार्टी के मुख्य संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली से यहां पहुंचने पर सीधे स्वर्ण मंदिर गए। इससे पहले मान ने हवाई अड्डे पर केजरीवाल, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का स्वागत किया। पंजाब पहुंचने के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भगवंत मान के साथ जलियांवाला बाग स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद दोनों नेताओं ने अमृतसर के दुर्गियाना मंदिर में भी पूजा की। भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल अमृतसर के वाल्मीकि मंदिर भी पहुंचे थे।

## संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से होगा शुरू

### जम्मू-कश्मीर के लिए बजट पेश होगा

नई दिल्ली, एजेंसी। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से आरंभ होगा, इसमें विपक्ष सरकार को बढ़ती बेरोजगारी, कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज दर में कटौती और युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीयों की निकासी सहित कई मामलों पर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश कर सकता है। बजटीय प्रस्तावों के लिए संसद की मंजूरी लेना और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए बजट पेश करना सरकार के एजेंडा में शीर्ष पर हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जम्मू-कश्मीर के लिए सोमवार को बजट पेश करेंगी और सदन में इस पर भोजन के बाद की कार्यवाही के दौरान चर्चा की जा सकती है। सरकार ने संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक को भी लोकसभा में विचार किये जाने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है।

बजट सत्र के पहले चरण में 29 जनवरी से 11 फरवरी तक दो अलग-अलग पालियों में लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही संचालित की गई थी। बहरहाल, इस बार कोविड-19 संबंधी हालात में काफी सुधार आने के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे से साथ-साथ चलेगी। संसद के सत्र का दूसरा चरण उस समय में आरंभ होगा, जब कुछ ही दिन पहले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने और पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) ने जीत हासिल की है। इससे पहले, बजट सत्र का पहला चरण संसद के सेंट्रल हॉल में लोकसभा एवं राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण से 29 जनवरी को शुरू हुआ था, जिसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया गया था। सीतारमण ने एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया था, जिसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण और केंद्रीय बजट के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई थी।





# पुलिसकर्मिओं पर हमला करने वाले 3 में से 2 गिरफ्तार : सागर सिंह कलसी आईपीएस

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता



10.03.2022 को इंस्पेक्टर समर सिंह, एसएचओ/पीएस गुलाबी बाग की निगरानी में एवं राकेश कुमार त्यागी, एसीपी/सराय रोहिल्ला के मार्गदर्शन में पुलिस स्टेशन गुलाबी बाग के कांस्टेबल प्रदीप, कांस्टेबल रिखिल और कांस्टेबल विजय में क्षेत्र में पैदल गश्त कर रहे थे. ।गश्त के दौरान, लगभग 09:30 बजे उक्त गश्ती दल किशन गंज रेलवे स्टेशन, ओल्ड रोहतक रोड, दिल्ली के पास पहुँचा, जहाँ उन्होंने देखा कि एक सैंट्रो कार गोल्डन कलर की है, जिसमें तीन व्यक्ति बहुत तेज संगीत बजा रहे थे। इस पर, गश्त करने वाले कर्मचारियों ने कार चालक को संगीत धीमा करने का संकेत दिया, जिससे वे नाराज हो गए और वे यू-टर्न लेते हुए वापस आ गए और उपरोक्त गश्त करने वाले कर्मचारियों को गाली देना शुरू कर दिया, ड्यूटी पुलिस कर्मियों ने उनकी कार का नंबर नोट कर लिया । जब कार यात्रियों को पता चला कि उनकी कार का नंबर कर्मचारियों ने नोट कर लिया है, तो उन्होंने फिर से यू-टर्न लिया और अपनी कार को बहुत तेजी से गश्त करने वाले कर्मचारियों की ओर ले गए और उन्हें जानबूझकर मारने की कोशिश की, लेकिन सतर्क कर्मचारी किसी तरह खुद को बचाने में कामयाब रहे। .यह देखा गया कि तीनों यात्रियों के हाथ में हरे रंग की बीयर की बोतलें थीं। तत्काल, गश्ती दल ने दो पहिया वाहनों पर सवार दो राहगीरों की मदद ली और उन्होंने आपत्तिजनक सैंट्रो कार का पीछा करना शुरू कर दिया. करीब 8 से 10 मिनट तक पीछा करने के बाद ट्रैफिक बाधित होने के कारण सैंट्रो कार को रोका गया और इसी दौरान पेट्रोलिंग स्टाफ को उन्हें रोकने और कार से बाहर निकालने का मौका मिल गया लेकिन यात्रियों में से एक कांस्टेबल प्रदीप के सिर पर बीयर की बोतल से प्रहार किया जिससे उसके माथे पर चोट लग गई और उसके माथे से खून निकलने लगा। इस पर सैंट्रो कार के चालक को वहां से सराय रोहिल्ला क्षेत्र की ओर भागने का मौका मिल गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कार चालक की पहचान अशोक उर्फ आशु के रूप में और उस व्यक्ति की पहचान की जो चालक की बगल की सीट पर यशु चौहान निवासी पदम नगर, सराय रोहिल्ला, दिल्ली था ।कांस्टेबल प्रदीप को एनकेएस अस्पताल, गुलाबी बाग ले जाया गया, जहां उनका चिकित्सकीय उपचार किया गया। तदनुसार, थाना गुलाबी बाग में कांस्टेबल प्रदीप के बयान पर प्राथमिकी संख्या 119/22, दिनांक 10.03.2022, धारा 182/353/307/332/34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया और तुरंत जांच की गई। तत्काल, एसआई प्रवीण शर्मा, (आई/सी पीपी अन्धा मुगल) के नेतृत्व में एक पुलिस टीम, जिसमें एसआई ओंकार सिंह, कांस्टेबल विजय, कांस्टेबल रिखिल शामिल थे, को इंस्पेक्टर समर सिंह एसएचओ/गुलाबी बाग की कड़ी निगरानी में और राकेश कुमार त्यागी, एसीपी/सराय रोहिल्ला के मार्गदर्शन में अपराधियों को पकड़ने के लिए गठित किया गया था। । टीम ने आरोपी व्यक्तियों को पकड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी और ईमानदार और अथक प्रयासों के फल मिले और दो आरोपी व्यक्ति अशोक @ आशु निवासी स्वामी दयानंद कॉलोनी, सराय रोहिल्ला, दिल्ली उम्र -22 वर्ष और यश प्रताप सिंह @ याशू चौहान निवासी पदम नगर, सराय रोहिल्ला, दिल्ली, आयु-22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया और सैंट्रो कार का पंजीकरण क्रमांक DL-4C-AJ- भी बरामद किया गया। सागर सिंह कलसी आईपीएस उपायुक्त पुलिस नार्थ जिला ने बताया कि अपराध स्थल का निरीक्षण किया गया है और कथित सैंट्रो कार से हरे रंग की बीयर की एक बोतल बरामद की गई है और क्राइम टीम द्वारा इसके चांस प्रिंट लिए गए हैं ।अशोक @ आशु निवासी स्वामी दयानंद कॉलोनी, सराय रोहिल्ला, दिल्ली आयु- 22 वर्ष। (उसके पिछले इतिहास का सत्यापन किया जा रहा है। वह एक टैक्सी ड्राइवर है जो सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से यात्रियों को उठाता है) और दूसरा यश प्रताप सिंह @याशु चौहान निवासी पदम नगर, सराय रोहिल्ला, दिल्ली, उम्र- 22 वर्ष। (पहले पीएस सराय रोहिल्ला में दर्ज जुआ अधिनियम के एक मामले में शामिल पाया गया था। वह एक जिम, विवेकानंद पुरी, सराय रोहिल्ला में एक जिम ट्रेनर है)।गिरफ्तार आरोपी व्यक्तियों के खुलासे के अनुसार, उनका एक अन्य साथी भी था जो अपराध के समय कार की पिछली सीट पर बैठा था। शेष आरोपी को पकड़ने के लिए गंभीर प्रयास जारी हैं।

## पूर्व मंत्री एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ओबीसी सैल के राष्ट्रीय चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि पंजाब में आम आदमी को दी शुभकामना

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



गुरुग्राम। पूर्व मंत्री एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ओबीसी सैल के राष्ट्रीय चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि पंजाब में आम आदमी की सरकार बनने जा रही है जिसके लिए मैं उनको शुभकामनाएं देता हूं। अब पंजाब के मुख्यमंत्री बनने जा रहे भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजीरवाल को सबसे पहले सतलुज यमुना लिंक के मामले पर अपना रूख किलियर करना चाहिए। श्री यादव ने कहा दक्षिणी हरियाणा में 1 हजार फीट पर पानी चला गया है, लोगों को पीने का पानी बडी मुश्किल से मिलता है। नहरें यहां पर 42 दिन के बाद आती है। एसवाईएल के पानी का दक्षिणी हरियाणा सहित पूरे हरियाणा को इसका फायदा होगा।

कैप्टेन अजय सिंह यादव ने कहा कि एसवाईएल का पानी हरियाणा में लाने का सपना कांग्रेस पार्टी ने संजोया था जिसके लिए कांग्रेस पार्टी ने लड़ाई लड़ी और कोर्ट में केश चला वहां पर भी हरियाणा की जीत हुई है।माननीय सुर्पिम कोर्ट ने भी हरियाणा के हित में फैसला सुनाया है इसलिए पंजाब सरकार को बिना देरी के एसवाईएल का निमार्ण करवाना चाहिए। एसवाईएल के पानी पर हरियाणा का पूरा अधिकार था जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के फैसले को असंवैधानिक मानते हुए हरियाणा को राहत दी थी। उन्होंने बताया कि सिंधु जल समझौता पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु जी द्वारा पाकिस्तानी के साथ 1960 में हुआ था जिसमे 100 करोड रुपए में पाकिस्तान के साथ समझोता हुआ था कि ब्यास, रावी और सतलुज नदियों का पानी भारत को देने के लिए। एसवाईएल का पानी हरियाणा को मुफ्त में नही दिया जा रहा है।उसके बाद हरियाणा ने पंजाब को 1976 में में रुपए दे रखे हैं। वहीं केंद्र में भाजपा सरकार है और प्रदेश में भी भाजपा सरकार है फिर भी हरियाणा सरकार का उदासीन रवैया समझ से परे है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुठभेड़ में दिल्ली पुलिस ने 4 हथियारबंद लुटेरे को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। राष्ट्रीय राजधानी के शाहदरा में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 4 हथियारबंद लुटेरों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के रहने वाले विक्रम सिंह उर्फ पिंटू, शुभम चौधरी उर्फ सनी, देव कुमार उर्फ दिनेश और हरि किशन के रूप में हुई है।
डीसीपी आर सथियासुंदरम ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को एक गुप्त सूचना मिली कि लूट के मामले में शामिल बदमाशों की मौजूदगी की संभावना है, जिसमें दो बाइक सवार अपराधियों ने बंदूक की नोक पर 3 लाख रुपये लूट लिए थे। पुलिस ने एक जाल बिछाया और कारों की जांच के लिए बैरिकेड्स भी लगाए। डीसीपी ने कहा, ह्लदेर रात आरोपी व्यक्तियों को देखा गया और उन्हें रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन उन्होंने पुलिस पार्टी पर तीन गोलियां चलाई। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की ।ह्व इस संक्षिप्त मुठभेड़ में दो आरोपी गोली लगने से घायल हो गए।

### बड़ा खुलासा- भारत के विरुद्ध षड़यंत्र रचती है यासीन मलिक की पाक बेगम मुशाल मलिक

नई दिल्ली, एजेंसी। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान भारत के विरुद्ध षड़यंत्र रचने में पीछे नहीं रहता अब एक और साजिश का खुलासा हुआ है। इसके मुताबिक गलत सूचनाओं के जरिए भारत के खिलाफ दुष्प्रचार, कश्मीर के लोगों को भड़काने की साजिशें रची जा रही हैं। इन मुद्दों के जरिए पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर शुरू कर दिया है। इसमें कश्मीरी अलगाववादी यासीन मलिक की पत्नी मुशाल हुसैन मलिक की सक्रिय भूमिका है। बताया जाता है कि इन दुष्प्रचारों के जरिए पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में भारत की छवि धूमिल करने की मंशा रखता है। दिल्ली स्थित एक फैक्ट चेकिंग संगठन ने इसमें पाकिस्तान की इस साजिश में यासीन मलिक की बीवी के शामिल होने का दावा किया है। डिजिटल फॉरेंसिक रिसर्च एंड एनालिटिक्स सेंटर (डी-फ्रैक) नाम के इस संगठन के मुताबिक पाकिस्तान की कई मशहूर शख्सियतों के नाम से बने अकाउंट्स के जरिए भारत की छवि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। फैक्ट चेकर के मुताबिक इन सभी अकाउंट्स से जम्मू-कश्मीर के भारतीय अल्पसंख्यकों पर हो रहे उत्पीड़न की बात की जाती है। इसके जरिए भारत और पाकिस्तान की मुस्लिम आबादी को भड़काने का प्रयास किया जाता है। जानकारी के मुताबिक मुशाल मलिक के ट्विटर अकाउंट के करीब 80 हजार फॉलोवर्स हैं। इनमें बड़ी तादाद पाकिस्तानी फॉलोवर्स की है। अपने ट्विटर अकाउंट्स पर मुशाल मलिक खुद को प्राउड वाइफ ऑफ यासीन मलिक कहती है। इतना ही नहीं, वह कश्मीरी अलगाववादियों को हीरो कहती है। इस अकाउंट पर पोस्ट्स के जरिए मुशाल मलिक दुनिया को यकीन दिलाने में लगी है कि कश्मीर में मुसलमानों का कत्लेआम और उत्पीड़न हो रहा है। अपने ट्वीट्स और वहां पोस्ट वीडियोज में वह कश्मीरी मुसलमानों के उत्पीड़न के लिए लगातार भारत को दोषी ठहराती है।

## जीटीटीसी के संस्थापक गौरव गुप्ता द्वारा चेक गणराज्य दूतावास में होली मिलन



» स्वतंत्र सिंह भुल्लर, मदरलैंड संवाददाता

चेक गणराज्य दूतावास और जीटीटीसीआई (GTTCI) के संस्थापक गौरव गुप्ता ने चेक दूतावास पूलसाइड में एक होली डिनर कॉकटेल कार्यक्रम की मेजबानी की, जिसमें चेक गणराज्य के सीनेट के उपाध्यक्ष, श्री रोमन मसारिक, चेक सीडीए और अन्य चेक राजनयिकों ने अच्छी तरह से भाग लिया।

स्लोवाकिया, लातविया, पराग्वे, उरुग्वे, मलावी, हंगरी, फिज, सूरीनाम के कई अन्य सम्मानित राजदूतों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

संयुक्त राज्य अमेरिका, म्यांमार, बुर्किना फासो, कॉमरोस, भामास के कई राजनयिक इस खूबसूरत कार्यक्रम का हिस्सा थे।

परमीत सिंह चड्ढा अध्यक्ष वर्ल्ड सिख चैंबर ऑफ कॉमर्स (WSCC) अपनी पत्नी जसलीन कौर चड्ढा के साथ होली पार्टी के विशेष आमंत्रित सदस्य थे।

श्री गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन कोरोना महामारी के बाद कई कार्यक्रमों की शुरूआत है और आने वाले सप्ताह में होली के कई अन्य कार्यक्रम होने हैं।

श्री चड्ढा ने डब्ल्यूएससीसी की ओर से माननीय उपराष्ट्रपति और चेक दूतावास को मोमेंटो ऑफ यूनिटी भेंट की और इसके बारे में प्राचार्यों को समझाया।

WSCC और Maasters Infrastructure इस आयोजन के सहयोगी और गिफ्टिंग पार्टनर थे



## एनजीओ कार्यकर्ता बताकर 45 दिन की बच्ची को अगवा किया, दिल्ली पुलिस ने 3 घंटे में ढूंढ निकाला



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने अपहरण की गई 45 दिन की बच्ची को अपहताओं के चुंगल से शिकायत के महज तीन घंटों के अंदर मुक्त करवा लिया गया। दरअसल, पुलिस को एक महिला ने शिकायत दी कि उसकी बच्ची को भावना नामक महिला अपने कुछ साथियों के साथ झुग्गी से उठा ले गई है। पुलिस ने महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उस पर एक्शन लिया। पंजाबी बाग इलाके के एसीपी और एसएचओ के निर्देशन में एक टीम बनाई गई। बच्ची की बरामदगी के लिए जिले के आपरेशन सेल और एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वायड के तेजतर्रार अफसरों को भी इस टीम में शामिल किया गया और छानबीन के दौरान टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इस अपहरण में शामिल आरोपियों की पहचान की।

जिले के डीसीपी पश्चिम घनश्याम बंसल की मानें तो पुलिस की तत्परता के कारण बच्ची को अपहरण की घटना के महज 3 घंटे के भीतर ही सुरक्षित बरामद कर लिया गया और फिर उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया। इस मामले में पुलिस ने किशनगंज की रहने वाली 28 वर्षीय भावना, शकरपुर निवासी 50 वर्षीय रेखा जैन, मौजपुर निवासी 38 वर्षीय बबीता जैन और किशनगंज निवासी 29 वर्षीय पवन को गिरफ्तार किया है। डीसीपी से मिली जानकारी के अनुसार यह बात सामने आई है की भावना का मिसकैरेज हुआ था और उसने पूछताछ में पुलिस को यही बताया कि इस बच्चे का अपहरण उसने खुद के लिए किया था। भावना और पीड़ित परिवार के बीच पहले से कोई जान पहचान नहीं थी। भावना एनजीओ में काम करने वाली महिला के तौर पर बच्चे को कपड़े देने के बहाने उसके घर गई थी और बच्चे का किडनैप कर लिया।

## सीएम केजरीवाल ने दिल्ली में इलेक्ट्रिक ऑटो खरीद और रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन पोर्टल 'माई ईवी' लॉन्च किया

नई दिल्ली, एजेंसी।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजधानी में इलेक्ट्रिक ऑटो की खरीद और रजिस्ट्रेशन के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल ह्यमाई ईवीह्ण लॉन्च किया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सरकार दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत ऋण पर ई-ऑटो की खरीद पर पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान भी प्रदान करेगी। दिल्ली इस तरह की सुविधा प्रदान करने वाला पहला राज्य बन गया है।

दिल्ली सरकार ने वेबसाइट विकसित करने के लिए कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) के साथ करार किया है। बयान में कहा गया है कि इलेक्ट्रिक ऑटो पर दी जाने वाली ब्याज दर अनुदान 30,000 रुपये के खरीद प्रोत्साहन पर 25,000 रुपये का अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान करेगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल लोगों को स्वीकृत वाहनों के कई विकल्प प्रदान करेगा, साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि उन्हें एक सहज स्वचालित चैनल के माध्यम से अपने ऋण पर ब्याज अनुदान प्राप्त हो।

बयान में कहा गया है कि 'माई ईवी पोर्टल' एक ऑनलाइन पोर्टल है जो लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) धारकों को ई-ऑटो खरीदने और दिल्ली सरकार द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहनों का दावा करने में सक्षम बनाएगा। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ ई-ऑटो के लिए कुल 4,261 एलओआई दिए जा रहे हैं। ऑनलाइन पोर्टल को परिवहन विभाग की वेबसाइट पर सभी उपयोगकताओं के लिए सुलभ बनाया गया है।

बयान में कहा गया है कि ईवी की खरीद पर ऋण पर 5 प्रतिशत का ब्याज अनुदान दिल्ली ईवी नीति के तहत 30,000 रुपये के लागू खरीद प्रोत्साहन और 7,500 रुपये तक के प्रोत्साहन के अतिरिक्त है।इस योजना के माध्यम से, एक इलेक्ट्रिक ऑटो खरीददार 25,000 रुपये तक का अतिरिक्त लाभ प्राप्त करने में सक्षम होगा। हालांकि, यह योजना वर्तमान में इलेक्ट्रिक ऑटो के लिए चालू है, लेकिन जल्द ही यह राष्ट्रीय राजधानी में लिथियम-आयन-आधारित ई-रिक्शा, ई-कार्ट और इलेक्ट्रिक लाइट गुड्स व्हीकल्स पर उपलब्ध होगी।

## कोरोना सुस्त पड़ा देश को राहत, 676 दिन में दैनिक मामलों की सबसे कम संख्या

नई दिल्ली, एजेंसी। महामारी के घातक वायरस कोरोना की रफ्तार लगातार घट रही है जिसके चलते भारत में गत 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के 3,116 नए मामले सामने आए, जो पिछले 676 दिनों में संक्रमण के सबसे कम दैनिक मामले हैं। इसके साथ ही देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,29,90,991 हो गई है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 38,069 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, गत 24 घंटे के दौरान 47 और मरीजों की मौत होने से देश में कोविड-19 महामारी से जान गंवाने वालों की कुल संख्या 5,15,850 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, कुल संक्रमितों के मुकाबले उपचाराधीन मरीजों की संख्या 0.09 प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर कोविड-19 से ठीक होने की दर में भी और सुधार हुआ है तथा यह 98.71 प्रतिशत तक पहुंच गयी है। मंत्रालय ने बताया कि गत 24 घंटे के दौरान उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 2,490 की कमी आई है। आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 0.41 प्रतिशत है, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 0.50 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि अब तक 4,24,37,072 मरीज ठीक हो चुके हैं जबकि मृत्युदर 1.20 प्रतिशत है। इस बीच, देश में अब तक कोविड-19 टीके की 180.13 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए थे। मंत्रालय ने बताया कि रविवार को जिन 47 लोगों की मौत कोविड-19 की वजह से हुई, उनमें 31 लोगों की मौत केरल में हुई है। इस महामारी से अब तक कुल 5,15,850 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से महाराष्ट्र में 1,43,752, केरल में 66,793, कर्नाटक में 40,018, तमिलनाडु में 38,023, दिल्ली में 26,141, उत्तर प्रदेश में 23,491 और पश्चिम बंगाल में 21,186 लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

## भाजपा का विजय रथ निगम में चौथी बार जीत दिलाएगा: आदेश

नई दिल्ली। प्रदेश भजपा द्वारा आज दिल्ली के सभी जिलों में चार राज्यों में मिली प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में विजय जुलूस के अंतर्गत बाइक रैली निकाली गई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता द्वारका विधानसभा में, नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी बदरपुर विधानसभा में, राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर नई दिल्ली के कस्तूरबा नगर में बाइक रैली को सम्बोधित किया। विजय जुलूस में प्रदेश भाजपा के तीनों महामंत्री श्री कुलजीत सिंह चहल बदरपुर विधानसभा में, श्री हर्ष मल्होत्रा शहादरा विधानसभा में एवं श्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारका विधानसभा में मौजूद थे।

आदेश गुप्ता ने बाइक रैली के दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोआ एवं मणिपुर में भाजपा को बहुमत मिला है वह जनता का पार्टी पर भरोसा का प्रमाण है। उत्तर प्रदेश में 37 साल बाद का इतिहास दोहराया गया तो वही उत्तराखंड में पहली बार सरकार दोहराई गई है। उन्होंने कहा कि गोवा और मणिपुर में भी लोगों ने भाजपा पर भरोसा जताकर यह साबित कर दिया कि देश के विकास का एकमात्र विकल्प प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का कुशल नेतृत्व एवं केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजना है।

गुप्ता ने चार राज्यों में भाजपा की जीत के लिए जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ राजनीतिक पार्टी ही नहीं है बल्कि एक परिवार है और इस परिवार में हर एक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है। क्योंकि देश के प्रधानमंत्री भी खुद को प्रधानसेवक मानते हैं और उसी सेवा भावना के साथ संगठन काम भी करता है। उन्होंने कहा कि आगामी निगम चुनाव भी भाजपा जितने जा रही है क्योंकि दिल्ली की जनता समझ चुकी है कि केजरीवाल सिर्फ विज्ञापन एवं झूठे वायदों के मालिक हैं।विज्ञापनों में बड़ी-बड़ी बातें करने वाले केजरीवाल द्वारा पिछले सात सालों में किया गया एक भी वायदा जमीनी स्तर पर पूरा नहीं हुआ है।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने चार राज्यों में जीत प्राप्ति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा सहित शीर्ष नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा कि चारों राज्यों में जनता ने भाजपा पर जो भरोसा दिखाया है उसे पार्टी आगे भी बरकरार रखेगी और आने वाला समय इन राज्यों में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी।उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक ऐसी सरकार है जो सिर्फ विज्ञापन पर टिकी है वही दूसरी तरफ फंड की कमी के बावजूद निगम लगातार विकास कार्य में जुटा हुआ है चाहे वह स्कूल हो, अस्पताल हो या फिर अन्य विकास कार्य, हर विभाग में निगम ने बेहतर काम किया है।

डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि चार राज्यों में मिली जीत सिर्फ जीत नहीं है बल्कि यह विकास के नाम पर एवं राष्ट्रहित में लगाई गई जनता की मुहर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से जनता को न सिर्फ कोरोना जैसी महामारी से राहत मिली है बल्कि देश में कई सारी जनकल्याण कारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग को साधने का काम किया गया है।

निकाले गए विजय जुलूस में प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रमुख श्री हरिहर रघुवंशी, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अनुजा कपूर, जिला अध्यक्ष श्री प्रशांत शर्मा, श्री विजय सोलंकी, श्री विकेश सेठी, श्री रोहताश बिधूड़ी, श्री राजकुमार भाटिया, श्री मोहन गोयल, मास्टर बिनोद कुमार, श्री विनोद बछेती, श्री रामकिशोर शर्मा, श्री राजेश गोयल, श्री देवेंद्र सोलंकी, श्री बजरंग शुक्ला, श्री सचिन भसीन एवं श्री जगमोहन महलावत सहित भाजपा के प्रदेश, मोर्चा, जिला, मंडल एवं बूथ के पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 20 वर्षीय लड़के ने किया आत्महत्या के प्रयास , दिल्ली पुलिस की मुस्तैदी से बची जान

12.03.2022 को पुलिस स्टेशन पहाड़गंज में अलवर कंट्रोल रूम से डीडी नंबर 34ए के माध्यम से सूचना मिली कि होटल रेपोज विला पहाड़गंज में रहने वाले एक लड़के ने ट्विटर पर ट्वीट किया है कि वह अपनी जीवन लीला समाप्त करने जा रहा है सूचना मिलने पर उपायुक्त पुलिस (मध्य जिला पुलिस) के निर्देश पर एवं पुलिस इंस्पेक्टर रविंदर कुमार तोमर/ थाना प्रमुख पहाड़गंज के पूरे सुपरविजन में तथा सब इंस्पेक्टर रविंदर डागर इंचार्ज पुलिस पोस्ट /एसटी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गए जिसमें गुरीष बाल्यान सब इंस्पेक्टर , कांस्टेबल प्रवीण , कांस्टेबल सुनील समोटा को भी शामिल किया गया और बिना देरी किए होटल रेपोज विला पहुंचे और उक्त लड़के के लिए होटल चेक किया गया और जांच के बाद पता चला कि मनीष दीक्षित पुत्र विमल कुमार दीक्षित निवासी अलवर राजस्थान , नाम का एक लड़का है जो रेपोज विला होटल में ठहरे हुए थे और बिना चेक आउट के 15 मिनट पहले होटल से निकल गए। आस-पास के इलाके में गहन तलाशी ली गई लेकिन सब कुछ व्यर्थ रहा लड़के मनीष दीक्षित से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन



वह अपना फोन नहीं उठा रहा था। उसके मोबाइल फोन का वर्तमान स्थान नेटवर्क प्रदाता से प्राप्त किया गया था और उसे लगातार ट्रैक किया गया था। बाद में सिग्नेचर ब्रिज पर उनकी लोकेशन रुकी हुई थी। तत्काल, नियंत्रण कक्ष मध्य जिला के माध्यम से पीएस तिमारपुर/उत्तरी जिले को एक वायरलेस संदेश भेजा गया। पीएस तिमारपुर के कर्मचारियों को भी इस बारे में सूचित किया गया था। सिग्नेचर ब्रिज से ऊपर वाला लड़का यमुना नदी में कूद सकता है, इस खतरे को भांपते हुए सब इंस्पेक्टर गुरिश बाल्यान कांस्टेबल प्रवीण और कांस्टेबल सुनील सोनोटा के साथ बिना देर किए सिग्नेचर ब्रिज पर पहुंचा तो देखा कि एक लड़का चिल्ला रहा है जो यमुना नदी में डूब रहा है। वहीं पुलिस स्टेशन तिमारपुर का पुलिस स्टाफ भी मौके पर पहुंच गया. कर्तव्य के प्रति अनुकरणीय साहस और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए पुलिस कर्मियों ने यमुना नदी में छलांग लगा दी और मनीष दीक्षित को यमुना नदी में डूबने से बचाया। सब इंस्पेक्टर गुरिश बाल्यान, कांस्टेबल प्रवीण, कांस्टेबल . सुनील समोटा ने यमुना नदी से लड़के मनीष दीक्षित को बाहर निकाला। बाद में, मनीष दीक्षित को ट्रॉमा सेंटर सिविल लाइंस में भर्ती कराया गया और अब वह खतरे से बाहर है और स्वस्थ अवस्था में है। इसके अलावा, उनके परिवार के सदस्यों को अस्पताल ट्रॉमा सेंटर बुलाया गया और मनीष दीक्षित को उनके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया। थाना पहाड़गंज एवं थाना तिमारपुर की पुलिस टीम के जज्बे को विशेष संवाददता विजय गौड़ एवं मदरलैंड वॉइस समाचार पत्र - परिवार की ओर से सलाम ओर टीम की सफलता के लिए टीम की कप्तान आईपीएस श्वेता चौहान उपायुक्त पुलिस ( मध्य जिला ) को बहुत बहुत बधाई ।

## संक्षिप्त समाचार

### 40 वर्षीय युवक ने नहर में लगाई छलांग, थाना पुलिस गोताखोरों की मदद से कर रही तलाश







मदरलैंड संवादाता, मैनपुरी/औंछा। रविवार की सुबह करीब 8.30 बजे एक 40 वर्षीय युवक ने थाना क्षेत्र से होकर गुजर रही कानपुर ब्रांच नहर में छलांग लगा दी। युवक का पीछा करते हुए उसके परिजन भी वहां पहुंच गए जहां उसने छलांग लगाई थी। जब तक परिजन पहुंचे तबतक बहुत देर हो चुकी थी। थाना औंछा प्रभारी अजीत सिंह ने वार्ता के दौरान बताया कि कुछ लोग थाने आए थे। उन्होंने थाने आकर बताया कि चंद्रवीर पुत्र रामशरण निवासी ओए थाना घिरोर जनपद मैनपुरी ने कानपुर ब्रांच नहर में कूद गया है। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस बल के घटना स्थल पर पहुंचे। जिसके बाद मौके पर गोताखोरों को बुलाया गया। गोताखोरों की मदद से नहर में उसका तलासी अभियान चलाया गया। आगे श्री सिंह ने बताया कि नहर में कूदने वाला युवक गुड़गांव की किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी कर रहा था। शनिवार को ही वह वापस गांव आया था। जिसके बाद उसने यह कदम उठाया था। लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई पता नहीं चल सका।

### खेत पर गई 16 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म, तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवादाता, एटा। थाना जसरथपुर क्षेत्र में किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना सात मार्च को हुई। पीड़िता के पिता ने आज कराई आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज। थाना जसरथपुर में खेत पर सबमर्सिबल चलाने गई एक किशोरी को तीन युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि एक युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता ने थाना जसरथपुर में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी सात मार्च को खेत पर शाम सात बजे सबमर्सिबल बंद करने गई थी। इस दौरान गांव के ही तीन युवक उसे बहला फुसलाकर ले गए। जहां गांव सरौठ से आने निकलने पर दो युवक वहीं रुक गए और तीसरा युवक उसकी पुत्री को जंगल में ले गया। उसने किशोरी से साथ दुष्कर्म किया। घर आने पर किशोरी ने मामले की जानकारी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। जसरथपुर थानाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई हे। आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

### नम्बरदारों को जल्द ही स्मार्ट मोबाईल फोन मिलने की उम्मीद बंधी

मदरलैंड संवादाता, नूंह/मेवात। मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा नम्बरदारों को स्मार्ट मोबाईल फोन देने की घोषणा पर अब अमलीजामा पहनाने की उम्मीद जगी है। इससे नम्बरदार अच्छे खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। नम्बरदारों की माने तो देर –सवेर मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा इसके लिए की गई घोषणा पर अमलीजामा पहनाने की राह सुगम हुई है। उल्लेखनीय है कि, डारेक्टर लेंड रिकार्ड हरियाणा, पंचकुला के प्रदेश के सभी जिलाधीशों के लिए जारी पत्र क्रमांक डीएलआर/ बीए/ 2022/2722–43 दिनांक 11.03.2022 के तहत सरकार ने फैसला लिया है कि सरकार नम्बरदारों के लिए 9000/–रुपए का मोबाइल प्रति नम्बरदार के लिए खरीद करके देगी और जिला स्तर पर इसकी प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं। नम्बरदार सुरेन्द्र सिंह, सुभाष ,महेन्द्र सिंह, आनंदप्रकाश, युनुस, अनिल, फकरूदीन, गनी, नवीन सहरावत, करन सिंह, दयाराम, लखपत, इसराईल, समसूदीन,नत्थूराम, राम दयाल, पंडित नरेन्द्र शर्मा, अली मोहम्मद आदि ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा नम्बरदारों को स्मार्ट मोबाईल फोन देने की घोषणा कई कर चुके हैं लेकिन आज तक पूरी नही हो सकी है परन्तु अब उपायुक्त कार्यालयों के लिए पत्र जारी होने से उम्मीद जगी हैं।


### घर से बाहर मोटरसाइकिल चोरी

मदरलैंड संवादाता, नूंह/मेवात। जिला में मोटर साइकिल चोरों का आतंक कम नहीं हो रहा है और ताजा मामलें में जिला के तावडू शहर के प्रेम मोहल्ला निवासी संदीप कालडा पुत्र सुदर्शन कालडा ने तावडू शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि बीती दोपहर को अज्ञात चोर उसके घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल रजि0 नं–एचआर–96ए–8016 को चोरी करके ले गया। पीड़ित ने बाईक को बहुत ढूंढा लेकिन पुलिस में शिकायत देकर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामलें का आरोपी फरार हैं।

# अखिलेश के करहल में चलेगा बाबा का बुलडोजर

## बुलडोजर के साथ अतिक्रमणकारियों पर लगेगा जुर्माना

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवादाता





मैनपुरी। सपा मुखिया अखिलेश यादव के विधानसभा क्षेत्र करहल में प्रशासन बड़ी कार्रवाई करने जा रहा है। एसडीएम ने पुलिसबल के साथ विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर चौबीस घंटे में अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है। अतिक्रमण न हटाने पर प्रशासन बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंच जाएगा और अतिक्रमण को हटाएगा।

गौरतलब है कि यूपी विधानसभा चुनाव खत्म होते ही प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। शनिवार को एसडीएम आरएन वर्मा ने दल बल के साथ नगर में पैदल भ्रमण कर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। एसडीएम ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम शनिवार को पुलिसबल के साथ कस्बे में पहुंचे, यहां उन्होंने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी कि किसी प्रकार से अतिक्रमण ना किया जाए। अतिक्रमण करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के चलते नगर में आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना की संभावना बढ़ रही है। होली का त्योहार नजदीक है।

एसडीएम ने अतिक्रमण करने वाले लोगों को 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण हटा लेने का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही कहा कि यदि नहीं माने तो बुलडोजर के साथ पुलिस अतिक्रमण हटवाने का कार्य करेगी। तब जुमार्ना भी वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि हथठेले वाले भी अतिक्रमण न बढ़ाएं। सड़क पर हथ ठेले नहीं लगाए जाएंगे। जहां सड़क किनारे जगह खाली रहे वहीं हथठेले लगाए जाएं। एसडीएम ने नगर पंचायत को भी निर्देश दिए हैं कि नगर पंचायत कर्मी अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाएं। जो लोग नहीं मान रहें है उनका चालान किया जाए।

# जवाहर नवोदय छात्रा मौत और दुश्कर्म मामला




» मदरलैंड संवादाता

- पांच नए संदिग्धों की ब्लड जांच कराएगी एसआईटी
- स्कूल में गए संदिग्ध को भी तलाश रही एसआईटी

मैनपुरी। नवोदय छात्रा की कथित हत्या व दुष्कर्म के मामले में पांच संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। एसआईटी अब उनसे पूछताछ कर रक्त की जांच कराएगी। वहीं घटना से दो दिन पूर्व परिसर में एक व्यक्ति की मौजूदगी रही। उस व्यक्ति की पहचान के लिए भी टीम जांच में जुटी हैं।

भोगांव के नवोदय विद्यालय में 16 सितंबर 2016 को एक छात्रा की कथित हत्या व दुष्कर्म मामले में एडीजी भानू भास्कर के नेतृत्व में एसआईटी जांच कर रही है। कुछ दिन पूर्व ही आत्महत्या के लिए प्रेरित किए जाने व साक्ष्य छिपाने का दोषी मानते हुए तत्कालीन प्रधानाचार्य सुषमा सागर को जेल भेजा जा चुका है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसआईटी की तीन टीमें अब अलग-अलग तथ्यों पर जांच व कार्रवाई में लगाई गईं हैं। इसी क्रम में पांच नए संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। जिसने पूछताछ व रक्त जांच कराने की प्रक्रिया पर काम शुरू हो चुका है। इसके साथ ही घटना से दो दिन पूर्व यानि 14 सितंबर 2019 को विद्यालय कैंपस में मौजूद रहने वाले एक व्यक्ति की एसआईटी तेजी के साथ पहचान के प्रयास कर रही है। उसकी पहचान होने के साथ ही पूछताछ व डीएनए कराए जाने की कार्रवाई की जानी है। मिली जानकारी के अनुसार एडीजी कभी भी कार्यालय आकर कार्रवाई की समीक्षा कर सकते हैं।

## तावडू की सीवरेज लाईन बिछाने की लम्बे समय से ठप पड़ी अधूरी योजना को विधायक ने नारियल फोडकर शुरूआत की



» मयंद मोहन, मदरलैंड संवादाता

नूंह/मेवात। जिला के उभरते उप मण्डल स्तर के छोटे शहर तावडू की सीवरेज लाईन बिछाने की लम्बे समय से ठप पड़ी अधूरी योजना को पंख लगने की उम्मीद जगी हैं। जलदाय विभाग के अधिकारियों की माने तो शेष बची परियोजना को करीब 6 माह में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस पर करीब 3 करोड़ रूप्ये खर्च होंगे।

यहां, यह बताना जरूरी है कि तावडू शहर में सीवरेज लाईन बिछाने का काम कांग्रेस शासन काल से योजना को मूर्तरूप देने की कवायद शुरू हैं लेकिन अभी तक प्रस्तावित योजना को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका हैं। शहर के मुख्य सडकों का कार्य प्रस्तावित योजना में शामिल न होने से गैर सरकारी सामाजिक संस्था जनसेवक समाज (एसीआर) ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, निकाय मंत्री व जिला उपायुक्त को ज्ञापन व पत्राचार के अलावा समाचार पत्रों के माध्यम से स्थिति से अवगत कराया था लेकिन कोरे आश्वासनों के सिवाए कुछ नहीं मिल पा रहा था। मामूली सी बारिश में मुख्य सडके व गली-मोहल्ले टापू में तब्दील हो जाते थे लेकिन विधायक कुंवर संजय सिंह द्वारा लम्बे समय से खटाई में पड़ी योजना का नारियल फोड़ कर शुभांरभ किया है। संस्था द्वारा इस मुददे पर उठाई गई आवाज का असर होने से वह अच्छे खासे उत्साहित हैं।

इस बारे में जलदाय विभाग के कार्यवाहक उप मण्डल अभियंता असर खां ने रविवार सांय माना कि तावडू शहर की शेष बची सीवरेज लाईन बिछाने के लिए करीब 3 करोड़ रुपए की योजना के लिए विभागीय अनुमति मिलने से सोहना से विधायक कुंवर संजय सिंह द्वारा इसका शुभारंभ किया है और 6 माह में योजना को मूर्तरूप देने का लक्ष्य निर्धारित हैं।

# राजनैतिक विद्वेष से हत्या में फसाये गए निदोर्षों का एफएसएल लखनऊ ने किया खुलासा

» मदरलैंड संवादाता



एटा। एसएसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि 16 जुलाई 2021 को रात्रि समय करीब 11.32 पर मृतक पुनीत फौजी निवासी टिकाथर थाना जैथरा का शव ग्राम नगला बेदी व परौली के बीच सड़क के किनारे पड़ा मिला, बगल में स्कूटी भी पड़ी मिली। उक्त घटना के दो दिन बाद वादी रक्षपाल (मृतक के पिता) ने रात्री घटना का समय करीब 9.30 बजे दशार्ते हुए थाना जैथरा पर अपने पुत्र की हत्या गांव के ही जन्डैल सिंह पुत्र छोटेलाल मुलायम सिंह पुत्र जिलेदार सुनील पुत्र सरदार सिंह गौतम पुत्र जन्डैल सिंह व तीन अज्ञात के विरुद्ध थाना जैथरा पर मुअसं- 327/21 धारा 396, 506, 120बी पंजीकृत किया गया। घटना में संदेह वाले बिंदु दर्शाए गए घटना के समय मृतक की लोकेशन घटनास्थल पर न पाकर जनपद फरुर्खाबाद में पाई गई। पुलिस की गश्त पार्टी जो स्वाभाविक क्रम में घटनास्थल के पास से रात्रि लगभग 11.00 बजे निकल रही थी तो मृतक के परिवारीजन (घटना के तथाकथित गवाह) पुलिस को मिले थे। घटनास्थल पर मिलने के कारण उन्होंने अमृतपुर गांव थाना जसरथपुर में एक व्यक्ति के यहां उत्सव से भोजन करके वापस आने की बात बताई जो तस्दीक करने पर गलत पाई गई।

मृतक के आई चोटों में पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक ने रिपोर्ट में बयान में दुर्घटना की तरफ संकेत किया। नामित अभियुक्तगण घटना के समय घटनास्थल पर मौजूद नहीं पाए, नामित अभियुक्तगण की गांव में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता होना छानबीन से प्रकाश में आया

मृतक का घर आने का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित नहीं पाया गया। घटनास्थल के रोड की चौड़ाई 22 फीट पाई गई जिसमें दो, चार पहिया वाहन आमने-सामने गुजरने पर रोड पर मोटरसाइकिल चलाने का स्थान ना होना पाया गया तथा घटनास्थल के रोड को दुर्घटनाबाहुल्य क्षेत्र पाया गया तथा पिछले 2 वर्ष के दौरान घटनास्थल पर 54 दुर्घटनाओं का होना प्रकाश में आया। पुलिस के बार-बार अनुरोध करने पर भी वादी द्वारा तहरीर में घटना के समय को लेकर टालमटोल किया गया। नामित चार व्यक्ति व अन्य तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लोहे की रॉड से हमला करने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सिर व शरीर पर चोटों के तालमेल का अभाव पाया गया एफएसएल उत्तर प्रदेश की मेडिको लीगल टीम द्वारा घटनास्थल पर चोटों के विश्लेषण से मृतक फौजी की मृत्यु का कारण हत्या ना होकर किसी वाहन द्वारा दुर्घटना में चोटिल हो जाने से मृत्यु हो जाना पाया गया. इस प्रकार से स्थानीय पुलिस द्वारा की गई विवेचना में एफएसएल टीम द्वारा की गई वैज्ञानिक विश्लेषण एवं सर्विलांस सेल द्वारा किए गए विश्लेषण से उक्त घटना का हत्या ना होकर सड़क दुर्घटना पाया गया है अब दुकानों के नाम जिद्दी राजनैतिक द्वेष के कारण अंकित होना पाया गया।

# कोतवाली में होली व शब-ए-बारात त्यौहार की पीस कमेटी की बैठक

» फैजान भारती , मदरलैंड संवादाता



सिकंदराराऊ रविवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में आगामी त्यौहार होली व शब-ए-बारात के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी वेद सिंह चौहान एवं क्षेत्राधिकारी सुरेन्द्र सिंह द्वारा कोतवाली पर क्षेत्र के गणमान्य व संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सभी गणमान्य व्यक्तियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा आगामी त्यौहार होली को सौहार्दपूर्ण एवं शान्तिपूर्वक एवं भाईचारे के साथ मनाने हेतु अपील की गयी। उन्होंने कहा कि होली रखने वाले स्थान निर्विवाद हों। किसी भी प्रकार का कोई भी विवाद उत्तपन्न न होने पाए, जहां पूर्व में होली रखी जाती थी वहीं पर रखी जाए, जिसके संबंध में उपस्थित लोगों से वार्ता करके जानकारी ली गई तथा कुछ युवक शराब पीकर अराजकता फैलाने की कोशिश करते रहे हैं और नियत समय से पहले होली में आग लगा देते है,जिससे विवाद जन्म लेता है। ऐसें लोगो पर नजर रखें और पुलिस को तत्काल सूचना दें। होली पर कोई भी व्यक्ति किसी पर जबरन रंग अथवा कीचड न डाले। धार्मिक स्थल पर रंग डाल कर वहां के माहौल को खराब करने की कोशिश न करें। किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध गतिविधि होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। बैठक में उपस्थित सभी सम्भ्रान्त व्यक्तियों को क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए दिए गये उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया तथा बैठक में उपस्थित गणमान्य व संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरूओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनसे फीड बैक लिया गया तथा सभी को आगामी त्योहारों की बधाई भी दी गई।

इसी क्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओं द्वारा आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहारों को मनाने का आश्वासन दिया गया तथा सोशल मीडिया के दुरूपयोग एवं अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आम जनमानस को भी जागरूक करने व स्वयं भी पालन करने हेतु सभी को सचेत किया गया। सभी को बताया गया कि सोशल मीडिया पर अवांछनीय और उत्तेजक पोस्टों पर बिना पुष्टि के कतई विश्वास न करें और इनके बहकावे में आकर कोई ऐसा कृत्य न करें, जिससे क्षेत्र में अमन चैन एवं सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित हो। सोशल मीडिया का प्रयोग बहुत सोच समझकर करें।

बैठक में एसडीएम सीओ सुरेंद्र सिंह कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सिंह एसडीओ राजीव कुमार सिंह व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन वार्ष्णेय, नवेद अहमद खान, मीरा माहेश्वरी, अभिषेक वार्ष्णेय, चाहत खान, शानू कुरैशी, सुल्तान कुरेशी, इकरार कुरेशी, हिंदूवादी अमन गुप्ता, अमर सिंह यादव, मनोज यादव, रवि यादव आदि मौजूद थे।

## चार मौतों के बाद चेता स्वास्थ्य विभाग सीएमओ ने समस्त डॉक्टरों के साथ की वैठक

» मदरलैंड संवादाता

एटा। जिले में संचालित पंजीक्रत नर्सिंग होम एवं हॉस्पीटल्स के अन्दर गंभीर मरीजों की फर्जी निश्चेतक व सर्जन द्वारा ऑप्रेशन किये जाने तथा स्वंय संचालको द्वारा अप्रशिक्षित लोगों के जरिए बिना किसी चिकित्सीय डिग्री डिप्लोमा के ओपीडी में आए मरीजों के उपचार किऐ जाने की मिली शिकायतों के चलते रविवार को सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने सभी पंजीक्रत नर्सिंग होम एवं हॉस्पीटल्स संचालको व चिकित्सकों की मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में एक आवश्यक बैठक कर खुले शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि नियम विरूद्ध यदि कुछ भी होता है तो बख्शा नहीं जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने आगे कहा कि सभी संचालकगण एवं चिकित्सकगण मानवीय भावना को ध्यान में रखते हुए अपने हॉस्पीटल में आने वाले मरीजों का रजिस्टर्ड चिकित्सक व सर्जन से ही उपचार कराए एवं इस बात का विशेष ध्यान रखे कि जहां तक संभव हो, मरीज का बीमारी के बहाने आर्थिक दोहन से बचा जा सके। सीएमओ ने संचालको व रजिस्टर्ड चिकित्सकों को यह भी निर्देश दिए कि वह अपने यहां ओपीडी एवं सर्जरी आदि के अभिलेख भी सुरक्षित रखे।

# सिकंदराराऊ में सीओ ने किया कोतवाली का निरीक्षण

» मदरलैंड संवादाता

सिकंदराराऊ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सुरेन्द्र सिंह द्वारा कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया गया तथा आगामी त्यौहार होली के दृष्टिगत थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह व उपस्थित कर्मचारीगणों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

हाथरस एसपी जायसवाल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सुरेन्द्र सिंह द्वारा कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अशोक कुमार सिंह एवं समस्त चौकी प्रभारी व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। सर्वप्रथम कोतवाली पर सलामी में लगी गार्द द्वारा क्षेत्राधिकारी को सलामी दी गई। इसके उपरान्त क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना परिसर में बने महिला हेल्प डेस्क व कोविड-19 हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा महिला हेल्प डेस्क पर बने रजिस्टर का अवलोकन किया गया एवं ड्यूटीरत महिला आरक्षी एवं थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात कम्प्यूटर कक्ष की चैकिंग के दौरान कम्प्यूटर व अन्य उपकरणों के उचित रखरखाव हेतु तथा कम्प्यूटर पर केस डायरी तथा सीसीटीएनएस सम्बन्धी समस्त फार्म समय से फीड करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। साथ ही क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित प्रार्थना पत्र, आपरेशन पहचान के अन्तर्गत अपराधियों की डाटा फीडिंग एवं डायल 112 से सम्बन्धित इवेन्ट समय से फीड करने हेतु कांस्टेबल क्लर्क, कांस्टेबल सीसीटीएनएस को निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त क्षेत्राधिकारी द्वारा शस्त्रागार, मालखाना, हवालात, उपनिरीक्षक कक्ष, बैरक, मैस, शौचालय, विवेचना कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया गया तथा उनको सुव्यवस्थित व साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय में रखे विभिन्न अभिलेख, रजिस्टरों जैसे- अपराध रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर, फ्लाईशीट रजिस्टर, महिला उत्पीडन रजिस्टर, हत्या बल्वा रोकथाम रजिस्टर, राजनैतिक सूचना रजिस्टर, गुण्डा रजिस्टर इत्यादि को चैक कर हैड मोहर्रिर, क्लर्क को समय से अभिलेखों, रजिस्टरों को अध्यावधिक रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। इसी क्रम में निरीक्षण के दौरान उपस्थित पुलिसकर्मियों से शस्त्रों के बारे में पूछते हुये उनसे शस्त्र खुलवाकर व बन्द कराने की कार्यवाही करायी गयी। तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी द्वारा



थाना क्षेत्र के 4 मृतक हिस्ट्रीशीटरों के खाखों को नियमानुसार जलाकर नष्ट कराया गया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी द्वारा विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण, मुकदमों में प्रभावी पैरवी, महिला सम्बन्धी अपराधों में त्वरित कार्यवाही, एनसीआर के प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा दिए। तत्पश्चात थाना परिसर भ्रमण के दौरान माल मुकदमाती के सही रख-रखाव हेतु तथा लावारिस वाहनो के जल्द से जल्द निस्तारित कराने हेतु एवं साफ सफाई के लिये विशेष रुप से निर्देशित किया गया तथा टॉप-10 अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही एवं जेल से छूटे हुये अपराधियों का सत्यापन , निगरानी एवं हिस्ट्रीशीटरों, पुराने अपराधियों के गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। साथ ही शिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण करने व कराने व पॉक्सो एक्ट के मुकदमों की प्रभावी पैरवी करते हुये साक्ष्यों को समयबद्ध न्यायालय में परीक्षण कराकर दोषियों को सजा दिलाने के सार्थक प्रयास किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्वालापुर से एक आलानकब के साथ गिरफ्तार

हरिद्वार, एजेंसी। ज्वालापुर पुलिस ने शनिवार की रात को क्षेत्र में गश्त के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने एक आलानकब बरामद किया हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। कोतवाली ज्वालापुर प्रभारी निरीक्षक महेश जोशी ने बताया कि पुलिस बीती रात क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान क्षेत्र में एक संदिग्ध अपनी मौजूदगी छुपाता हुआ देखा गया। जिसको गश्ती पुलिस ने घेर घोट कर दबोच लिया। जिसके पास से पुलिस ने एक आलानकब समेत अन्य औजार बरामद किये हैं। जिसको पुलिस पकड़ कर कोतवाली लेकर पहुंची। जहां पर पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद अकबर पुत्र रहमान निवासी अहबाबनगर ज्वालापुर बताते हुए खुलासा किया कि वह चोरी की नीयत से क्षेत्र में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। जिसको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।


### हरियाणा के युवक ने धर्मशाला में लगाई फांसी

हरिद्वार, एजेंसी। हरियाणा के एक युवक ने काली कमली धर्मशाला के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर सुसाइड नोट समेत दवा के कागज बरामद होने की बात कही जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर परिजनों को सूचित कर दिया है। जोकि हरिद्वार के लिए रवाना हो गये है। बताया जा रहा है कि मृतक अपने भाई के साथ दो दिन पूर्व धर्मशाला में आकर ठहरा था, लेकिन भाई धर्मशाला से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे रोड हरिद्वार स्थित काली कमली धर्मशाला में हरियाणा के एक युवक ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी चैकआउट के समय युवक के कमरे से बाहर न निकलने पर हुई। बताया जा रहा हैं कि धर्मशाला के कर्मचारियों ने कमरे का दरवाजे को खुलवाने के लिए काफी दस्तक दी। लेकिन कमरे के भीतर से कोई जवाब न मिलने और दरवाजा न खुलने पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बंद कमरे की कुण्डी को तोड़ कर भीतर प्रवेश किया तो लोहे के पाइप के साहरे नाइलॉन की रस्सी से युवक लटका हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कमरे को खंगाला गया। बताया जा रहा है कि पुलिस को मृतक के कमरे से कुछ कागज जिसमें सुसाइड नोट व दवा के पर्चे होने की बात कही जा रही है। मृतक की पहचान अभिनव पुत्र मोहन लाल (22) निवासी गांधी नगर रोहतक हरियाणा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक 10 मार्च को एक और युवक जिसका नाम अमन बताया जा रहा हैं के साथ धर्मशाला में पहुंचा था। जहां पर अमन का परिचय मृतक ने भाई के रूप में दिया था। जोकि संदिग्ध परिस्थितियों में धर्मशाला से लापता बताया जा रहा हैं। धर्मशाला कर्मचारियों को अमन के धर्मशाला से निकलने के सम्बंध मे कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गयी। परिजन हरिद्वार के लिए रवाना हो गये हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक राकेन्द्र सिंह कठैत ने बताया कि काली कमली धर्मशाला में हरियाणा के एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। जिसके सम्बंध में पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

### सीहोर -छीयरोली रोड पर चार ट्यूबवेलों से हुई चोरी, किसानों के यहां तीसरी बार हुई है चोरी

मदरलैंड संवाददाता,कनीना। कनीना के सीहोर-छीथरोली मार्ग पर स्थित ट्यूबवेलों से तीसरी बार चोरी हो जाने से किसान परेशान हैं। 26 जनवरी की रात तत्पश्चात 21 फरवरी की रात को भी ट्यूबवेलों से चोरी हो गई थी जिसका मामला कनीना पुलिस ने दर्ज कर लिया था तत्पश्चात एक 21 फरवरी को चोरी हो गई थी। अब तीसरी बार चोरी हुई है। पीड़ित टिल्लू कुमार कनीना सहित किसानों ने बताया कि उनके ट्यूबवेल से बिजली की केबल अज्ञात चोर काट ले जाते हैं। तीसरी बार टिल्लू, कर्मवीर, दयानंद एवं मनोज कुमार के यहां चोरी हो गई जिसमें केबल तथा अन्य समान अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। किसान बेहद परेशान हैं। उन्होंने कनीना पुलिस में शिकायत दी है। किसान दिनेश कुमार ने बताया कि वे भी डरे हुये हैं जिनके यहां दो बार केबल चोरी हो चुकी है कहीं अब तीसरी बार चोरी न हो जाये। किसानों ने रोष पूर्ण लहजे में कहा कि उनके ट्यूबवेल से बार-बार चोरी हो जाने से वे परेशान हैं। जहां सरसों पककर तैयार है और लावणी शुरु हो गई है जिसके सहारा लेकर अज्ञात चोर ट्यूबवेल पर पहुंच जाते और बिजली की केबल को ही काट ले जाते हैं। जितनी केबल खेत और ट्यूबवेल की कोठरी के बाहर होती वह सारी काट ले जाते हैं तथा जो भी सामान मिलता है उसे भी चोरी कर ले जाते हैं। अभी किसान अपने खेतों में जाकर देख रहे अभी और भी किसानों के यहां चोरी होने की संभावना है। अभी तक सभी किसान अपने ट्यूबवेल पर नहीं पहुंचे हैं। किसानों के खेतों से 26 जनवरी की रात को भी हुई थी। चोरी किसान ने बताया कि 26 जनवरी की रात को छह किसानों के यहां ट्यूबवेलों सेचोरी हो गई थी। जिसमें अनिल कुमार के ट्यूबवेल से 100 फुट केबल, एक खाली गैस सिलिंडर, एक पीपल की टंकी, दो बैंड तथा 10 नोजल चोरी हो गये थे वहीं राजेंद्र के कुएं से 65 फुट केबल, दो बैंड, एक टी, पांच नोजल वहीं दिनेश कुमार के ट्यूबवेल से 80 फुट केबल, दो बैंड तथा एक टी चोरी हो गई थी। कामन के ट्यूबवेल से 70 फुट केबल, एक बैंड, एक टी अज्ञात चोर चोरी कर ले गये थे। कनीना पुलिस ने 27 जनवरी को मामला दर्ज कर लिया था। उधर 21 फरवरी को दिनेश कुमार कनीना के ट्यूबवेल से 100 फुट बिजली की केबल, 13 नोजल एवं दो बैंड अज्ञात चोर ले गए वहीं सुभाष के ट्यूबवेल से 70 फुट केबल एवं दो बैंड चोरी हो गये। अनिल कुमार के ट्यूबवेल से 60 फुट केबल ले गये वहीं मुकेश के ट्यूबवेल से 70 फुट केबल, लाल सिंह के ट्यूबवेल, मामन के ट्यूबवेल से 60 फुट केबल अज्ञात चोर काट ले गये। किसान बेहद परेशान हैं। उन्होंने कनीना पुलिस में शिकायत दी थी जिस पर मामला भी दर्ज हो गया था। हर वर्ष सर्दियों के मौसम आने पर किसानों की शामत आ जाती है। अधिकांश किसान परेशान रहते हैं। खेतों से अज्ञात चोर सामान चोरी कर ले जाते हैं वहीं किसान आवारा जंतु तथा फसल की सुरक्षा को लेकर परेशान होते हैं। वही बार-बार उन्हें चोरी हो जाने पर खयाली लगाना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि चोरी रुक सके वरना भविष्य में किसी बड़े आंदोलन पर उतारू हो जाएंगे। दिनेश कुमार ने बताया कि वह 2 बार बिजली की केबल चोरी होने से हजारों रुपए के की केबल खरीदकर ला चुके हैं और अभी तक चोरी नहीं रुकी है। उन्होंने चोरी रोकने की मांग की है।

## चारधाम यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व डीएम ने श्री गंगोत्री में जरूरी व्यवस्थाओं का किया स्थलीय निरीक्षणं



उत्तरकाशी, एजेंसी। चारधाम यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व रविवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने विश्व प्रसिद्ध श्री गंगोत्री में आवश्यक व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। चारधाम यात्रा के सुगम संचालन को लेकर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि धाम में घाटों के किनारे व यात्रा पड़ावों पर साफ-सफाई, पार्किंग में अवशयक कार्यों के निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं को कपाट खुलने से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करें, साथ ही उन्होंने गंगोत्री धाम के सम्पर्क मार्गों में निष्प्रयोज्य साइन बोर्डो, पोस्टर, रेत बजरी हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माणाधीन गंगोत्री धाम में घाटों पर सुरक्षा दीवाल के निर्माण कार्य को त्वरित गति के साथ पूर्ण करने निर्देश दिए। उन्होंने वन महकमें के अधिकारियों को गरतांगली में मार्गों के साथ अन्य व्यवस्थाओं के निरीक्षण करने को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने लोनिवि अधिशासी अभियंता भटवाड़ी को सड़क मार्गों को गड्ढा मुक्त व अन्य निर्माण कार्यों को यात्रा से पूर्व सुचारु करने के अवश्य दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंगोत्री धाम में स्नान घाटों पर साफ-सफाई व रंग- रोगन कार्यों को पूर्ण कर लिया जाए स सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अवश्य मूलभूत सुविधाएं को व्यवस्थित करने के साथ ही स्वास्थ्य से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित कर लिया जाए। वही जिलाधिकारी ने कहा कि चारधाम यात्रा सुगम व सुव्यवस्थित हो इस ओर अभी समय रहते गंगोत्री धाम के साथ ही यात्रा मार्गो के मुख्य पड़ावों पर पेयजल, विद्युत, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया जाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि यात्रा से पूर्व मंदिर परिसर के प्रवेश द्वार पर मन्दिर में जा रहे आगन्तुकों का नाम, मोबाइल नंबर रजिस्टर में अंकित करने भी सुनिश्चित करें। उसके उपरांत जिलाधिकारी ने हर्षिल में यात्रा से जुड़ी अवश्य व्यवस्थाओं का भी स्थलीय निरीक्षण किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी किशोर गिरफ्तार



काशीपुर, 13 मार्च। काशीपुर कोतवाली के कटोराताल पुलिस चैकी क्षेत्र के रहने वाली नाबालिग पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर के माध्यम से बताया कि उनकी पुत्री शहर के एक स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ती है। बीते रोज स्कूल से वापस आने पर पुत्री के गुमसुम और उदास होने के बारे में उसकी मां ने जब उससे पूछा तो उसने बताया कि बड़े गुरुद्वारे नागनाथ मंदिर के पास रहने वाले जैद पुत्र जुनैद अनवर के द्वारा उसके साथ पिछले कई महीनों से गलत काम किया जा रहा है। इस दौरान किसी को भी बताने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। एक बार फिर वह उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर गलत काम करने की नीयत से ले जा रहा था तो वह जबरदस्ती उसके चंगुल से छूटकर घर आ गई। पीड़िता के पिता ने पुलिस से आरोपी किशोर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। वहीं इस पूरे मामले पर काशीपुर कोतवाली प्रभारी मनोज रतूड़ी ने कहा कि काशीपुर कोतवाली कटोराताल पुलिस चैकी क्षेत्र में एक किशोरी के उसके पास ही के रहने वाले किशोर के साथ प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि शनिवार को वह संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई थी जोकि आज सुबह उसके परिजनों ने ढूंढ निकाला। परिजनों के द्वारा पूछने पर बताया कि वह जिस लड़के के साथ गई थी उसने उसके साथ बलात्कार किया है। पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपी किशोर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। जिसके बाद न्यायालय द्वारा आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

## सरोवर नगरी में चीरबन्धन के साथ खड़ी होली की शुरूआत



नैनीताल, एजेंसी। सरोवर नगरी नैनीताल में श्रीराम सेवक सभा द्वारा आयोजित 26वां फागोत्सव के तहत चीरबन्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज रामसेवक सभा प्रांगण में आकर्षक रंगोली सजायी गई। इस मौके पर आचार्य भगवती प्रसाद जोशी ने विधिवत मंत्रोच्चारण कर चीरबन्धन की शरुआत की। इस अवसर पर श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष व श्रीराम सेवक ने सभी लोगों को होली की दी शुभकामनाएं। इस मौके पर महिलाओं ने भी नयना देवी मंदिर में जमकर होली गायन कर होली नृत्य किये व एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भास्कर महतोलिया आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में युगमंच संस्था द्वारा भी बाहर से बुलाये गये होल्यारो द्वारा पुरुषों कीखड़ी होली का आयोजन किया जा रहा है यह हर वर्ष किया जाता है। पुरुषों की होली की शुरूआत यहां नयना देवी मंदिर से की जाती है उसके बाद जगह-जगह की जाती है।

## लोकसभा अध्यक्ष की धर्मपत्नी शांतिकुंज पहुंची



हरिद्वार, एजेंसी। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की धर्मपत्नी श्रीमती अमिता बिरला अपनी बीस सहयोगियों के साथ शांतिकुंज पहुंची। यहां उन्होंने गायत्री परिवार द्वारा संचालित नारी सशक्तिकरण अभियान के अलावा विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का अध्ययन किया। इस अवसर पर उन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी से भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। डॉ. पण्ड्या ने कहा कि अपने आराध्यदेव की प्रेरणा से नारी सशक्तिकरण अभियान को राष्ट्र के विकास के साथ जोड़कर अभियान चलाया रहा है। इस अभियान में जितने पुरुष वर्ग की भागीदारी हो रही है, उतनी ही नारी शक्ति की भी। डॉ. पण्ड्या ने कन्याओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। शैलदीदी ने कहा कि परिवार, समाज एवं राष्ट्र के विकास में नारी शक्ति का अहम योगदान है। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान श्रीमती बिरला की टीम ने प्रज्ञेश्वर महादेव की विशेष पूजा अर्चना कर नारी जागरण के लिए प्रार्थना की। साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रकल्पों का अध्ययन किया और पढाई के साथ साथ विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाये जाने वाले कार्यक्रमों को देखा, समझा। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने उन्हें एक्सप्रेशन पाथ, स्मृति उपवन सहित कई प्रकल्पों का भ्रमण कराया। श्रीमती बिरला और उनकी सहयोगियों ने शांतिकुंज की सभी दिनचर्या में शामिल हो गायत्री तीर्थ और यहाँ की गतिविधियों को समझा। उनकी टीम में राजस्थान, दिल्ली और गुजरात की राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों की नामचीन महिलाएं शामिल रहीं।

## उत्तराखण्ड की संस्कृति को दर्शायेगा छम्मा चैक गीत



- एसएनएन बैनर ने लॉन्च किया उत्तराखण्ड का यह गीत
- प्रोड्यूसर सोहन उनियाल द्वारा बनाये गये इस गीत में एक्टर पुरुषोत्तम जेठूड़ी व गुंजन तिवारी है अहम भूमिका में

देहरादून, एजेंसी। जहां आए दिन उत्तराखंड में लगातार पलायन हो रहा है और उत्तराखंड की संस्कृति को पहाड़ लोग भूलते जा रहे हैं, तो वहीं उसे बचाने की मुहिम एसएनएन फिल्म निमार्ता सोहन उनियाल व स्थानीय कलाकारों द्वारा शुरू की गयी है। इसी की एक शुरूवात करते हुए एसएनएन फिल्म निमार्ता सोहन उनियाल ने उत्तराखण्ड की गढ़वाली भाषा में छम्मा चैक म्यूजिक एल्बम लॉन्च की है। जिसका आज उनके कार्यकालय में शुभारम्भ किया गया है। गढ़वाली भाषा में गाया गया यह गीत शादी के अगले दिन के रीति रिवाजों को दर्शाता है।

जिसकी शूटिंग उत्तराखण्ड की वादियों में उत्तरकाशी जिले के थल्यूड़ में हुई है। इस एलबम में डायरेक्टर अरुण परासी के साथ कलाकार पुरुषोत्तम जेठूड़ी व गुंजन तिवारी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। गीत में उत्तराखण्ड की संस्कृति व रीति रिवाज के साथ जब लड़की शादी से अगले दिन अपने पति के साथ मायके वापस आती है, तो जीजा साली के साथ नोक-झोक व हंसी मजाक का हस्य फिल्माया गया है। म्यूजिक एलबम के कलाकार पुरुषोत्तम जेठूड़ी ने बताया कि वह पांच फिल्मों में काम कर चुके हैं जिसमें से एक जल्द हिंदी बॉलीवुड फिल्म रविदास दर्शकों के सामने होगी।

वहीं फिल्म निमार्ता सोहन उनियाल ने कहा कि जिस तरह उत्तराखण्ड बहुत सुंदर प्रदेश है, वैसे ही यहां की संस्कृति भी दिलों को छूने वाली है। पर धीरे-धीरे यहां की संस्कृति को लोग भूल रहे हैं, और उनसे दूर होते जा रहे हैं जोकि बहुत दुख का विषय है। इसी उद्देश्य को लेकर उनके द्वारा उत्तराखण्ड की संस्कृति पर आधारित फिल्म व गीत फिल्माये जा रहे हैं, जोकि उत्तराखण्ड की संस्कृति को दर्शाते हैं, यहां की संस्कृति को जिंदा रखते हैं। साथ ही इससे उत्तराखण्ड की प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलता है, और यहां के लोक कलाकारों को भी नये अवसर मिल रहे हैं।

## होली के बाद हो सकती है उत्तराखंड में नए मुख्यमंत्री की घोषणा

देहरादून, एजेंसी। विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पांच में से चार राज्यों को भगवा रंग में तब्दील कर दिया है। अब इन राज्यों में सत्तारोहण की तैयारी है। होली के बाद उत्तराखंड में मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा कर सकती है। 19 मार्च को देहरादून में बीजेपी के नए विधायकों की बैठक होगी, जिसमें सीएम पद के लिए धन सिंह रावत और सतपाल महाराज के सबसे आगे रहने वाले विधायकों में से हो सकते हैं। राजनीति के जानकारों की मानें तो बीजेपी अजय भट्ट और अनिल बलूनी के नाम पर भी विचार कर सकती है। भट्ट केंद्र की मोदी सरकार में रक्षा और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री हैं, तो वहीं बलूनी उत्तराखंड में पार्टी की मीडिया सेल के प्रमुख हैं।

दरअसल, 70 सीटों वाली उत्तराखंड विधानसभा में बीजेपी ने 47 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है जबकि इस राज्य में लगातार दूसरी बार कोई पार्टी वापसी नहीं कर पाई। हालांकि, मौजूदा सीएम के चुनाव हारने से अब पार्टी में इस पद के लिए कई नामों की चर्चा हो रही है। उत्तराखंड के बीजेपी नेताओं के मुताबिक, चुने गए पार्टी के विधायकों में से ही किसी को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि, केंद्रीय आलाकमान होली के बाद देहरादून में पर्यवेक्षक भेजकर रायशुमारी करवाएगा और उसी के आधार पर नए नाम का ऐलान करेगा।

ज्ञात हो कि एक तरफ उत्तराखंड में बीजेपी बहुमत से चुनाव जीती, वहीं दूसरी तरफ खटीमा से मुख्यमंत्री के दावेदार पुष्कर सिंह धामी चुनाव हार गए। उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी भुवन कापड़ी ने लगभग 6000 वोटों से हराया। बीजेपी ने राज्य में लगातार दूसरी बार सत्ता में आकर भले ही इतिहास रचा हो, लेकिन सीएम पुष्कर सिंह धामी उस मिथक को तोड़ने में नाकामयाब रहे जिसके लिए उत्तराखंड जाना जाता है। दरअसल, प्रदेश में एक मिथक है कि जो भी नेता मुख्यमंत्री आवास में रहता है, वह अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाता है। चाहे वह भुवन चंद्र खंडूरी हों, या फिर रमेश पोखरियाल निशंक, हरीश रावत या फिर विजय बहुगुणा, तीरथ सिंह रावत, त्रिवेंद्र सिंह रावत हों और या फिर अब चुनाव हारने वाले पुष्कर सिंह धामी।

## संगठन महामंत्री से मिले अजय भट्ट और कैलाश विजयवर्गीय

देहरादून, एजेंसी। भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री कौन होगा, इसे लेकर चल रही चर्चा के बीच केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष से मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में तमाम निहितार्थ निकाले जाने लगे। यद्यपि, केंद्रीय राज्यमंत्री भट्ट ने स्पष्ट किया कि यह केवल शिष्टाचार भेंट थी।

मुख्यमंत्री पद के लिए जिन नेताओं के नाम चर्चा में हैं, उनमें नैनीताल से सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट भी हैं। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय छह मार्च से देहरादून में डेरा डाले थे, चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद गत दिवस दिल्ली लौट गए थे। ऐसे में दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री भट्ट और राष्ट्रीय महासचिव विजयवर्गीय व प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा की राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष से हुई मुलाकात को लेकर चर्चा होने लगी थी। यद्यपि, शाम को संपर्क करने पर केंद्रीय राज्यमंत्री भट्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय महामंत्री संगठन से उनकी शिष्टाचार भेंट थी। दो माह बाद वह पार्टी कार्यालय गए, तो राष्ट्रीय महामंत्री संगठन से मुलाकात का समय मिल गया। तभी राष्ट्रीय महासचिव विजयवर्गीय और प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा भी आ पहुंचे। भट्ट के अनुसार मुलाकात के दौरान उन्होंने विधानसभा चुनाव में मिली जीत और केंद्रीय नेतृत्व की मानीटङ्गरिग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही मुख्यमंत्री धामी की हार पर अफसोस जताया। इसके अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर चर्चा नहीं हुई। निवर्तमान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल शनिवार को दिल्ली पहुंच गए, जबकि सतपाल महाराज बीते दिवस ही दिल्ली चले गए थे। चर्चा है कि महाराज ने राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष से मुलाकात की है, लेकिन महाराज से संपर्क न होने के कारण इसकी पुष्टि नहीं हो पाई। उधर, उनियाल ने कहा कि वह व्यक्तिगत कार्य से दिल्ली आए हैं, लेकिन राष्ट्रीय नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। यह सामान्य बात है।

## सरकार न बनने पर कुछ कांग्रेसी नेताओं के अरमान रह गये अधूरे



- सरकार बनने पर दायित्वधारी दर्जा मिलने की थी पूरी उमीद
- ऐसे नेता कांग्रेस पार्टी को कर रहे अपने फायदे के लिए इस्तेमाल

हरिद्वार, एजेंसी। उत्तराखण्ड में कांग्रेस की सरकार न बनने पर कुछ शहर के कांग्रेसी दिग्गज नेताओं के अरमानों पर पानी फिर गया। जिनको सरकार बनने पर अपने आंकाओं के बदौलत राज्य में कोई दायित्वधारी दर्जा मिलने की पूरी उम्मीद थी। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना हैं कि वो बात अलग हैं यह दिग्गज नेता केवल कागजों तक सीमित हैं, जिनका जनता के बीच कोई जनाधार नहीं है। लेकिन फिर भी कांग्रेस की सरकार बनते ही जुगाड़ कर कोई न कोई दर्जा लेने में कामयाब हो ही जाते है। ऐसे नेताओं की गिनती उंगलियों में गिनी जा सकती है। जबकि शहर के कई कांग्रेसी कार्यकर्ता वर्षो से पार्टी से जुड़ कर पार्टी के लिए दिन रात मेहनत करते हुए रिटायर्ड हो गये। लेकिन उनको कोई भी छोटा मोटा पद को छोड़ कर कोई अहम सम्मान तक नहीं मिल पाया। ऐसा नहीं कि इस बात की टिस कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में नहीं हैं, लेकिन वह कांग्रेस के प्रति समर्पित व सच्चे सिपाही हैं जोकि तपती धूप व बरसात में पैदल चलकर कांग्रेस की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने व भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने तथा लोगों को न्याय दिलाने के लिए सदैव संघर्ष करते देखा गया है। जिनकी वजह से शहर में कांग्रेस है। लेकिन कुछ कांग्रेसी दिग्गज नेता तो केवल कांग्रेस पार्टी को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे है। उत्तराखण्ड में कांग्रेस की सरकार न बनने पर उनको जरूर धक्का लगा है। जिनमें अब मायूसी देखी जा रही हैं, जिन्होंने कभी कांग्रेस पार्टी के हित के लिए नहीं सोचा, बल्कि पार्टी से हमेशा अपने हित साधते रहे। ऐसे कुछ दिग्गजों नेताओं की वजह से आज शहर में कांग्रेस पार्टी की स्थिति काफी बदहाल है। ऐसे नेता किसी बडे नेता के शहर में आने पर उनको दिखाने और उनके साथ फोटो खिचवाते देखे जा सकते है। यहां बताने की आवश्यकता नहीं कि इन नेताओं का जनाधार कितना हैं अगर होता तो विधानसभा चुनाव 2022 में हरिद्वार सीट पर कांग्रेसी प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी भारी मतों से नहीं हारते। ऐसे कांग्रेसी नेताओं को अब सोचना व समझना होगा कि अगर पार्टी हैं तो उनका भी वजूद है। अगर कांग्रेस मजबूत होती हैं तो वह भी मजबूत होंगे।

संक्षिप्त समाचार

## वीनस लेडीज क्लब ने कीकर लॉज में मनाई होली



मदरलैंड संवाददाता, लुधियानाः वीनस लेडीज क्लब द्वारा सभी मेंबर्स के साथ कीकर लॉज मे जाकर होली मनाई क्लब की प्रधान धीरा मेहरा ने बताया कि सभी मेंबर्स की डिमांड पर आउटिंग पिकनिक का आनंद लिया गया और सभी महिलाओ ने मिलकर खूब मस्ती की उप प्रधान पवनीत पहवा ने बताया की गुलाबी रंग में रंगे हाथों से एक दूसरे को रंग लगाया और खूब सेल्फी की वही बॉलीवुड होली के गानों पर खूब डांस किया सैक्टरी गुरदीप खारे और चैरी खरबंदा ने मिलकर सभी मेंबर्स को अंताक्षरी और 1 मिनट गेम्स भी कराई गई सभी मेंबर्स ने मिलकर होली का खूब आनंद लिया और इंजॉय किया सभी मेंबर्स ने मिलकर मोहे रंग दे गाने पर डांस किया पवनीत पहवा ने आज न छोड़ेंगे गाने पर डांस किया।

## बंधु हेल्पिंग फाउंडेशन ने मनाया महिला दिवस



मदरलैंड संवाददाता, लुधियानाः हरचरण नगर में बंधु हेल्पिंग फाउंडेशन की ओर से महिला दिवस मनाया गया जिसमे 100 के करीब महिलाओ ने हिस्सा लिया इस अवसर पर संस्था की डायरेक्टर समरता कौर ने बताया कि विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमाने वाली महिलाओं को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया समरता कौर ने बताया कि महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे हैं महिलाएं वह किसी भी संस्था में काम कर कर उपलब्धियों पर जा सकती है आज की नारी किसी से भी नहीं डरती नारी के साथ ही तेज चलता है नारी का सम्मान करने से ही देश की तरक्की होती है इस अवसर पर बेस्ट डिजाइनर, बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट, बेस्ट डॉक्टर, बेस्ट वुमन बिजनेसमैन ब्लोड लेडी , बेस्ट सोशल वर्कर और अन्य प्रकार के मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## अजय सिंह चौटाला के जन्मदिवस पर हड्डी रोग कैंप का आयोजन किया गया



जयप्रकाश भारद्वाज, मदरलैंड संवाददाता , महेंद्रगढ़ । जन नायक जनता पार्टी के प्रदेश महा सचिव राव रमेश पालड़ी के फार्म हाउस पर पार्टी के संस्थापक अजय सिंह चौटाला के 61 वे जन्मदिन पर एक हड्डी रोग कैम्प लगा कर व केक काटकर बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर गरीबो को फल वितरित किए। कैम्प में 117 मरीजों को दवा व 26 प्लास्टर लगया गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कवर सिंह यादव, जिला प्रधान तेज प्रकाश यादव , राव रमेश पालडी, कमलेश सैनी लखीराम सोनी, रविन्द्र गागड़वास, नरेश,संदीप, राजकुमार जटवास,महिपाल, ओमकार खेडा, दलीप, बबलू, बालजी, मास्टर दिनेश पालड़ी, सुनील, नरेश शेखावत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो लोगों के विरुद्ध मार पिटाई का मामला दर्ज

मदरलैंड संवाददाता,कनीना। कनीना उपमंडल के गांव तलवाना में दो व्यक्तियों के विरुद्ध मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। महिला मुक्ति देवी तलवाना ने दर्ज कराया है। पुलिस में मुक्ति देवी ने कहा कि वह 9 माह की गर्भवती है और 6 मार्च को अकेला देख सतीश एवं कपिल घर के अंदर आ गए। उस समय संदीप जो मुक्ति का नातें में जेठ लगता है, शादी से घर आ गया। घर आता देख संदीप ने उनके घर आने का कारण पूछा तो दोनों उनके साथ मारपीट में लग गए। बीच-बचाव मुक्ति ने करना चाहा तो उसे तथा उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। तत्पश्चात मुक्ति ने फोन के जरिए अपनी जेठानी को बुलाया जब तक वे दोनों लोग भाग खड़े हुए। पुलिस को सूचित किया। संदीप कुमार को कनीना अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। कनीना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कनीना थाने के तहत पडने वाले गांव बवाना में मंदिर का दानपात्र चोरी हो गया। एक व्यक्ति पर शंका जाहिर की है। मिली जानकारी अनुसार खेतों में लावणी कर एक बच्चे ने आकर सहदेव को बताया कि एक दानपात्र खेतों में पड़ा हुआ है। तब रामेश्वर मिस्त्री ने आकर देखा तो मंदिर का दानपात्र था। दूसरा दानपात्र मंदिर के पास ही पड़ा मिला जिसका ताला टूटा पड़ा था। पुलिस में उन्होंने बताया कि मंदिर में बजरंग नामक व्यक्ति रहता था जो 5 दिन पहले अपने घर चला गया और दिनेश नामक व्यक्ति को छोड़ कर चला गया था। दिनेश बगैर बताए मंदिर से चला गया है और अलग अलग जगह फोन पर बताता है। उन्होंने इस व्यक्ति पर शंका जाहिर की है। उन्होंने पुलिस में मामला दर्ज करवाया और पैसे दिलवाने की मांग की है। कनीना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कनीना खंड के गांव सिगड़ा निवासी, बीएमडी ग्रुप चेयरमैन एवं समाजसेवी लक्की राव सीगड़ा पर सीगड़ा बस स्टैंड के नजदीक अज्ञात बाइक सवारों द्वारा द्वारा हमला करने व जान से मारने का मामला दर्ज किया है। इस हमले में लक्की सीगड़ा सुरक्षित बच गए लेकिन बाइक सवार हमलावरों ने उनकी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया।

# ट्रस्ट की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का किया जाएगा आयोजन - बाबूलाल वर्मा



- नवरत्न वर्मा,संजीव कुमार वर्मा ठेकेदार,डॉ संजय कुमार वर्मा व संदीप वर्मा ट्रस्ट के सदस्यों को दिलाई गई शपथ

» **संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता**

नारनौल। नामदेव समाज चैरिटेबल ट्रस्ट की एक बैठक स्थानीय श्री नामदेव भवन धर्मशाला रविदास मार्ग पुरानी सराय नारनौल में आज रविवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन बाबूलाल वर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर समाज के संरक्षक सुभाष चंद्र लखमरा ठेकेदार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक से पूर्व नामदेव समाज के आराध्य संत शिरोमणी श्री नामदेव जी महाराज की आरती की इसके बाद बैठक की शुरूआत की गई। बैठक में सर्वप्रथम ट्रस्ट के सचिव एडवोकेट सत्यनारायण वर्मा द्वारा मीटिंग का एजेंडा पढकर सुनाया गया। सामान्य परिचर्चा के उपरांत ट्रस्ट के चेयरमैन बाबूलाल वर्मा द्वारा ट्रस्ट के 4 आजीवन सदस्यों के स्वर्गवास हो जाने के कारण रिक्त हुई सीटों एवं इन सीटों पर नए सदस्यों को शामिल करने के बारे में विस्तार से उपस्थित सदस्यों को अवगत करवाया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के नए सदस्यों के रूप में नवरत्न वर्मा प्रवक्ता, संजीव कुमार वर्मा ठेकेदार, डॉ संजय कुमार वर्मा व संदीप कुमार वर्मा उर्फ(रिंकु)मेडीकल वालो को ट्रस्ट के सदस्य के रूप में शपथ दिलवाई गई। शपथ दिलाने का कार्य पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर मल वर्मा ने किया। बैठक मे आय एवं व्यय का लेखा जोखा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष दयानंद वर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान बाबूलाल वर्मा द्वारा ट्रस्ट की उपलब्धियों एवं ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी अवगत करवाया गया। गौरतलब है कि ट्रस्ट के द्वारा समाज के जरूरतमंद लड़कियों की शादी में मदद की जाती है इसके अलावा मेडिकल कैंप तथा समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने का कार्य भी किया किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही ट्रस्ट की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

इस अवसर पर ट्रस्ट मंदिर श्री नामदेव जी महाराज छीपी जोहड़ के प्रधान कैलाश चंद उप प्रधान निरंजन लाल सचिव बृजमोहन गोठवाल एवं कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश नागर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई तथा नामदेव जी महाराज के मंदिर निर्माण कार्य के लिए अधिक से अधिक सहयोग करने का उपस्थित जनों को आह्वान किया। इस अवसर पर श्री नामदेव समाज समिति के प्रधान ओम प्रकाश लोहारिया उपसचिव हेमंत रतन के अलावा ओम प्रकाश डीपीई,महेंद्र रतन,सुभाष चंद्र वर्मा,सुभाष कश्यप,नीरज कोकचा एडवोकेट,प्रवीण कश्यप,रमेश पाण्डला,राम सिंह वर्मा,राजेश लखमरा,रवि लखमरा, मनोहर लाल वर्मा,पवन कुमार लखमरा,सुभाष कश्यप राजेश टेलर आदि ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे।

# साहित्यकार सुभाष भास्कर की दो पुस्तकों का विमोचन




» **विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता**

चंडीगढ़। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आज प्रसिद्ध साहित्यकार सुभाष भास्कर की ओर से अनुवादित दो पुस्तकें 'समां गवाह है' (पंजाबी में) इटली सिख फौजी- क्षितिज विश्व (हिंदी में) का विमोचन नरेश कौशल, संपादक दैनिक ट्रिब्यून ने किया। इस अवसर पर ट्राइसिटी के हिंदी, पंजाबी और उर्दू के अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे। बलविंदर सिंह चाहल चंडीगढ़ (लंदन) इटली में सिख फौजी के लेखक और समां गवाह है के मूल लेखक वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश सेठ हैं। दोनों लेखकों ने अनुवादित पुस्तक की प्रशंसा की।

इन पुस्तकों पर डा. कैलाश आहलूवालिया, लाभ सिंह, प्रेम विज, और अलका कांसरा ने पुस्तक पर चर्चा करते हुए अनुवाद की भूरि भूरि प्रशंसा की। भाष्कर की अब तक 15 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इस अवसर पर साहित्यकार जंग बहादुर, गणेश दत्त, विनोद शर्मा, विजय कपूर, प्रज्ञा शारदा, सुभाष शर्मा, परविंदर सोनी, राजिंदर कौर, ललिता पुरी, राजकुमार मलिक, अर्चना सेठी, वीना सेठी, एके शारदा, नलिन आचार्य, विनोद खन्ना, विनोद पंकज, अनिता सुरभि, अरुणा नाथानी, बलवंत तक्षक आदि उपस्थित थे। विजय कपूर ने मंच का संचालन कुशलतापूर्वक किया।

# नगर निगम अफसरों की देख रेख में सड़को पर लग रहे टेबल कुर्सियां

### अधिकारियों को सूचित करने पर भी कोई असर नहीं



» **हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता**

लुधियानाः आम आदमी पार्टी पंजाब में आने के बाद भी आज भी कांग्रेस पार्टी और अकाली दल पार्टी के नेताओ के कहने पर नगर निगम के अफसर चल रहे हैं सड़को पर रेडी फड़ी वाले खुले आम टेबल कुर्सी लगा कर जनता को खाना परोसा जा रहा है जबकि मॉडल टाउन एक्सटेंशन मार्केट रोड पर पहले ही इतना ट्रैफिक जाम लगा रहता है ऊपर से नगर निगम अफसरों की देख रेख पर सड़को पर कुर्सियां टेबल लग रही है जब नगर अधिकारियों को सूचित किया गया तो हर बार यही जवाब मिलता है कि जल्द कारवाही करेंगे मगर सामने देख कर चले जाते हैं और अपनी आंखे बंद कर लेते हैं इससे साफ जाहिर होता है कि इस के पीछे कोई बड़ा ही राजनेतिक दवाब बना हुआ है यह किसी नगर निगम अफसर के साथ सेटिंग है जिसे देख कर नगर निगम के इंस्पेक्टर नजर अंदाज कर रहे हैं जबकि आम आदमी पार्टी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बार बार यही बयान दे रहे हैं कि अब पंजाब में भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया जाएगा

# शराब पीने से मना किया तो टैक्सी ड्राइवर को ही पीट डाला

### पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं



» **मदरलैंड संवाददाता**

लुधियानाः थाना कोतवाली के अधीन आते रेखी सिनेमा चौंक स्थित जनता टैक्सी स्टैंड में शराब पीने से मना करने पर एक युवक को पीट दिया। पीड़ित अरुण वर्मा ने थाना कोतवाली को दी शिकायत में बताया कि वह एक टैक्सी ड्राइवर है। वह देर रात टैक्सी स्टैंड के आफिस में बैठा हुआ था। रात के करीब 1 बजे एक ड्राइवर अपने 10-12 दोस्तो के संग आफिस में आए और वही पर शराब की बोतल और गिलास रख कर शराब पीने लगे। जब वहां पर बैठे पीड़ित ने उनको शराब पीने से मना क्या तो टैक्सी स्टैंड के साथ लगते धार्मिक स्थल के बाहर शराब पीने लगे। जिसका पीड़ित ने कड़ा विरोध किया। लेकिन टैक्सी ड्राइवर व अज्ञात युवकों ने पीड़ित की जमकर पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन इंसाफ की गुहार लगाते हुए आरोपियों पर सख्त करवाई की मांग की है।

इस मामले सबंधी जब थाना कोतवाली के ए.एस

आई गुरमीत सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि मेरे पास पीड़ित अरुण वर्मा की शिकायत अभी आई है। दूसरी पार्टी को चार बजे बुलाया है मामले की जांच के बाद आरोपियों पर सख्त करवाई की जाएगी।

# सीबीएसई के दसवीं के टर्म परीक्षा में एसडी स्कूल ने बाजी मारी

मदरलैंड संवाददाता,कनीना। सीबीएसई दसवीं कक्षा टर्म-1 के परिणाम में एसडीवमा विद्यालय ककराला के विद्यार्थियों का शानदार परीक्षा परिणाम रहा।

विद्यालय निदेशक जगदेव यादव ने सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को बधाई देते हुआ बताया सीबीएसई द्वारा सत्र 2021-22 का टर्म-1 का परिणाम घोषित किया गया है जिसमें एसडी के कुल 273 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा है। 80 फीसदी से अधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या 165 रही 223 विद्यार्थियों ने 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए है। विद्यालय का कोई भी छात्र 66 फीसदी अंक से कम नही रहा। विद्यालय निदेशक ने कहा केवल परिश्रम ही सफलता का एक मात्र सूत्र है। विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के लगातार कड़ी मेहनत व अभिभावकों के सहयोग से अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे है। विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी अलग से तैयारियां करवाई जाती है।

सीबीएसई के टर्म 1 के परीक्षा परिणामों में यूरो स्कूलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यूरो ग्रुप के चेयरमैन सत्यवीर यादव ने बच्चों को सम्मानित करते हुए बताया कि विद्यालयों के कुल 328 बच्चों ने परीक्षा दी जिसमें से 65 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 165 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। परी पांडेय तथा विधि ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नेहा सिंह ,आद्या, तेजस तथा दीपांशु ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया । तनुश्री ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि सागर सहरावत , अक्षत वर्मा , कुसुम , अतुल , मुकुल तथा वंशिका ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अष्मित, कृति, प्रांजल, निधि , रजत, रजत पुनिया , भूमि , आरती यादव, अभिमन्यु कुमार , आकांक्षा , तनिष्क , अध्यांश , कल्पना , उज्ज्वल, दीपिका ,देवांश, परीजा ,सोनम , अनन्या, अभय रावत , भूमिका , सोनिया , लक्ष्य , गरिमा , सृष्टि , रौनक , ईशान , कुशाग्र, आरोही, किरण, अनुपम, परमजीत, प्रिया, मनीष, हिमांशु, कमल, मुकुल, युवराज तथा दिशांत में विभिन्न विषयों में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्राचार्य मीनू दुबे ने सभी बच्चों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रिंसिपल सुनील कुमार ने कहा कि यूरो ने पहले भी बहुत अच्छे परिणाम दिए हैं। सैनिक स्कूल में भी 166 बच्चों का क्वालीफाई हुआ है तथा ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त किया है। निदेशक स्वाति यादव , नितिन यादव व डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने सभी बच्चों , अध्यापकों एवं अभिभावकों को बधाई दी।

फोटो कैप्शन 06: यूरो स्कूल के दसवीं की परीक्षा में बेहतर रिजल्ट लाने पर सम्मान समारोह।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक संपन्न

नारनौल। जिला महेंद्रगढ़ ओबीसी मोर्चा की प्रभारी व जिला पार्षद शारदा यादव ने बतौर प्रभारी नारनौल पंचायत भवन में बैठक ली ' जिला अध्यक्ष ओ बी सी मोर्चा अरूण जांगड़ा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई' बैठक में जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट विशेष रूप से मौजूद थे। जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में बताया कि सरकार ओबीसी मोर्चा का विशेष ध्यान रखते हुए आगे बढ़ रही है। सरकार में ओबीसी समाज से अनेक मंत्री बनाए गए ओबीसी आयोग को अन्य शक्तियां दी गई और सशक्त किया गया। ओबीसी मोर्चा भी काम करने में आगे रहा है। कोविड काल में ओबीसी मोर्चा ने मास्क, सैनिटाइजर और अन्य जरूरी सामान खाद्य सामग्री आदि बांटे वृक्षारोपण व हवन किया और जिन लोगों की कोविड-19 में मृत्यु हुई उन लोगों की आत्मा की शांति के लिए यज्ञ किए। ओबीसी मोर्चा की प्रभारी शारदा यादव ने कहा की हमें ओबीसी मोर्चा को मजबूत करने की आवश्यकता है। उसके लिए हमें वार्ड स्तर पर मोर्चा के लिए टीम गठित करनी होगी। यहां तक कि हमें बूथ स्तर पर भी कार्यकारिणी का गठन करना होगा जो कि जल्दी ही किया जाएगा। ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष अरुण मंडाना व उनकी पूरी टीम ने पुष्प गुच्छ व फूल मालाओं से शारदा यादव का स्वागत किया।

# हांसी को द्वारो की नगरी बनाकर हिन्दुस्तान में हांसी को नई पहचान दिलाना

» **मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता**



- भव्य स्टेडियम का निर्माण करवानाए उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चो के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर लाइब्रेरी
- पर्यटन के माध्यम से रोजगार के असर पैदा करना

हांसी । सर्व व्यापार मंडल के उपप्रधान, तीन बार कैमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान रह व विधायक विनोद भयाना के काफी करीबी रह चुके समाज सेवी रमन भयाना ने कहा कि हांसी नगर परिषद के चैयरमैन पद पर चुनाव लडने वाले प्रत्याशी रमन भयाना ने कहा कि हांसी को पृथ्वीराज चौहान की ऐतिहासिक धार्मिक एव पर्यटन को नगरी पहली प्राथमिकता जिससे पर्यटन के माध्यम से हांसी के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उनकी इच्छा है कि हांसी के युवाओं के लिए खेल कूद के लिए स्टेडियम का निर्माण करनाए स्वास्थ्य की बेहतरीन सुविधा प्रदान करनाए उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय स्तरीय लाइब्रेरी बनवाना है। हांसी को द्वारो की नगर बनाकर हिन्दुस्तान में नई पहचान दिलाना है तथा सौ गज तक के मकानों के टैक्स माफ करना उनका उददेश्य है।

यह बात एक प्राईवेट होटल में आयोजित पत्रकात वार्ता में कही ।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के हिसार जिले की धार्मिक व प्राचीन नगरी हांसी धर्म प्राचीन नगरी को एक माडल के तौर से विकसित करना चाहते है क्योंकि हांसी का इतिहास धर्म व प्राचीन सभ्यता संस्कृति से जुडा हुआ है। रमन भ्याना ने प्रैस वार्ता में कहा कि हांसी में महिलाओं के लिए सुलभ शौचालायों का निर्माण भी करना चाहते है उनकी इच्छा है कि हांसी हर मार्किट में महिलाओं के लिए शुलभ शौचालायों की व्यवस्था हो जाए। भयाना ने कहा कि अगर हांसी शहर के लोगों ने उन्हें चेयरमैन पद मौका दिया तो हांसी में 27 वार्ड है जिसमें जल भराव की काफी समस्या रहती है इसे भी वे दूर करना चाहते है।

समाज सेवी रमन भयाना ने कहा कि वे नगर परिषद का चुनाव लड रहे है जिसके लिए वे लगातार हांसी के लोगों के साथ संपर्क अभियान में जुडे हुए है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हांसी में आज 36 बिरादरी के लोगों के साथ समर्थन मिल रहा है उनका संपर्क अभियान जारी है। हांसी के लोगों ने भरपूर समर्थन दिया है। रमन भ्याना ने कहा कि पिछले दिनों एक महापंचायत का आयोजन किया था जिसमे हजारो लोगों ने भाग लिया जिसमें बनीं 51 सदसीय टीम ने उन्हें खुल कर समर्थन दिया है इस महापंचायत में 36 बिरादरी के लोगों ने भाग लिया था। रमन भयाना ने कहा कि हांसी में उनका लगातार सम्पर्क अभियान जारी है और लोगो से भी उन्हें काफी समर्थन मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि रमन भयाना तीन बार कैमिस्ट एसोसिशन के प्रधान रहे चुके है और वर्तमान में सर्व व्यापार मंडल के उपप्रधान के पद पर कार्यरत है। कोरोना का की पहली दूसरी लहर में 60 गावों को स्टीसाइज करने का काम किया और साथ हांसी सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं को सैनीटाइज करने का काम किया इस काम वे खुद दिन रात लगे रहे हांसी के 1636 परिवारों को मेडीकल प्रोफ्रेसन के साथियो की मदद से कोरोना काल में मदद करना 7 से 8 हजार लोगो को कोरोना काल मे प्रवासी परिवरों को उनके घर तक पहुचाने का काम किया था। वे समाज सेवा के क्षेत्र में हांसी शहर में होने वाली गतिविधियों में बढकर हिस्सा लेते है।

इस मौके पर प्रमुख समाज सेवी व मीडिया प्रभारी उपेंद्र खनेजा, सुभाष भयाना, भीम वधवा, विनय सपडा, कमल भ्याना, सुनील पपनेजा, हेमंत गिरधर, दर्शन गिरधर, रामस्वरुप बजाज, राजकुमार वासुदेव मौजूद थे।

# भाजपा अविजित तो आप नए विकल्प की राह पर !



ऋतुपर्ण दवे

भारत के राजनीतिक भविष्य के लिए बेहद अहम से माने जा रहे 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव उसमें भी खासकर उत्तर प्रदेश ने न केवल यह जतला दिया है कि 2024 में दिल्ली की गद्दी का रास्ता फिर वहीं से निकलेगा बल्कि 37 वर्षों का मिथक भी तोड़ दिया कि एक ही दल दोबारा सत्ता में नहीं आता। अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद भाजपा और योगी का उत्तर प्रदेश में दोबारा प्रचण्ड बहुमत लौटना बताता है कि मिथक बस मिथक ही होते हैं जो जनादेश के आगे टूट जाते हैं। नारायण दत्त तिवारी के बाद योगी आदित्यनाथ ही अकेले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने कार्यकाल पूरा कर शानदार वापिसी की है। बेशक यह चुनाव 2024 के आम चुनाव के लिए वो ट्रेलर साबित होंगे जिसने पूरी दिखनी वाली फिल्म की कहानी खोल दी है।

अब जैसा कि तय दिख रहा है योगी आदित्यनाथ ही लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे जो 37 वर्षों के बाद होगा तथा राज्य के पांचवें मुख्यमंत्री होंगे जो दूसरे कार्यकाल की जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे पहले सिर्फ चार मुख्यमंत्री 1957 में संपूणार्नंद, 1962 में चंद्रभानु गुप्ता, 1974 में हेमवती नंदन बहुगुणा और 1985 में नारायण दत्त तिवारी ही चुनाव के बाद सत्ता में वापसी कर पाए थे। इसी तरह उत्तराखण्ड में दोबारा सत्ता में न आने का मिथक टूट चुका है। भाजपा की सत्ता में शानदार वापसी बता रही है कि मतदाताओं ने पूरा भरोसा किया है और यहाँ 3-3 मुख्यमंत्री बदलने के बाद भी वापसी ने मतदाताओं की परिपक्वता और विश्वास का जनादेश ही दिखाया है। शायद काँग्रेस यहाँ भी अपनी अन्दरूनी कलह की वजह से पिछड़ती चली गई।



बाँकी 3 राज्यों के नतीजों में पंजाब ने वो इतिहास रचा जो देश की भावी राजनीति का नया विकल्प होने के लिए तेजी से फैलता बरगद साबित हो सकता है। बेशक आम आदमी पार्टी की हैसियत अब क्षेत्रीय दल से बाहर आ रही है जिसको लेकर सभी मानते हैं कि वही काँग्रेस की जगह लेती दिखेगी। बिना लाग लपेट कहें तो 10 सालों में जिस तेजी से आम आदमी पार्टी ने अपना जनाधार तैयार किया है उससे भाजपा के शुरूआती दिनों की याद ताजा हो रही है। गोवा और मणिपुर में भाजपा की प्रभावी बढ़त बताती है कि भाजपा अभी भी अविजित है। अब काँग्रेस कहाँ होगी? कह पाना मुश्किल है 2024 के आम चुनाव से पहले 10 राज्यों के विधानसभा चुनाव भी होने हैं।

इसी साल के आखिर में गुजरात और हिमाचल प्रदेश तो 2023 में 8 राज्यों के चुनाव होने हैं। इनमें मार्च में पूर्वोत्तर के तीन राज्य मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा तो मई में कर्नाटक और दिसंबर में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों के चुनाव होंगे। जाहिर है 2024 के आम चुनावों की तैयारियों तक 10 राज्यों के चुनावों की झड़ी सामने दिख रही है जिसके लिए भाजपा अड़ी दिख रही है।

यकीनन 2024 का इसे शंखनाद कह सकते हैं। विरोधी दलों को एक बार फिर से सोचने को मजबूर करने वाले 5 राज्यों के नतीजों से एक बात तो तय है कि देश की राजनीतिक छवि काफी बदलने वाली है। भाजपा को अव्वल मानने से किसी को भी गुरेज नहीं है लेकिन जिस तरीके से आप पार्टी ने जहाँ जीतती तो वह किसी सुनामी से कम नहीं होती लाकर आने वाले दिनों में खुद को देश के तमाम राज्यों में विकल्प और मजबूत विपक्ष बनने की ओर अग्रसर कर लिया है।

उप्र में दलित कार्ड पर राजनीति का बदलता रंग एक बड़ा संकेत जरूर है। हासिए पर आई बसपा और काँग्रेस में इसकी अगर सबसे ज्यादा कीमत किसी भी दल को चुकानी पड़ेगी तो वह है काँग्रेस। बेशक अगले पौने दो बरस में 10 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें बसपा कहीं भी लड़ाके की मुद्रा में नहीं है। हाँ, काँग्रेस जरूर है जो अंर्तकलह और रणनीतियों में उलझी होगी। काँग्रेस के लिए यह नतीजे बड़े कुठाराघात से कम नहीं है। काँग्रेस के लिए छत्तीसगढ़ को छोड़कर उम्मीद की किरण कहीं दिखती नहीं। वहीं आम आदमी पार्टी की पैनी नजर हिमाचल प्रदेश और गुजरात में है। पंजाब में आप की सुनामी से उत्साहित इस पार्टी के हौसले निश्चित रूप से बुलंदियों पर हैं और इसे लेकर जनधारणा, अगले विधानसभा चुनावों में नतीजों में कितनी तब्दील होगी या नहीं इसके लिए तो इंतजार ही करना होगा। हाँ, शिक्षा, स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली और गुड गवर्नेंस को लेकर आम आदमी पार्टी का दिल्ली मॉडल धीरे-धीरे जरूर लोकप्रियता की ओर बढ़ रहा है। आगे यह भाजपा के लिए चुनौती जरूर होगा।

पंजाब में आप की सुनामी के आगे तमाम दिग्गजों का धराशायी होना राजनीति की नई इबारत लिखने जैसा है। इसके अलग ही परिणाम दिखेंगे, नशा से लेकर किसान आन्दोलन का असर भी बस पंजाब में ही दिखा। लेकिन उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में ऐसा नहीं रहा। हाँ, देश में भाजपा को एक नई और जनआकांक्षाओं के अनुरूप बड़े और कड़े निर्णय लेने का रास्ता उत्तर प्रदेश ने जरूर साफ कर दिया है। योगी आदित्यनाथ को बुलडोजर बाबा के रूप में प्रचारित कर खुद विपक्ष ने आगे बढ़ा कर वो हथियार दे दिया जो उन्हें ले डूबा। जाहिर है इन नतीजों को भू-माफियाओं, अपराधियों पर किए गए प्रहारों पर मुहर कही जा सकती है। हाँ, इसको लेकर मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की भी सोच अब समझ आने लगी है। उन्होंने भी अपराधियों और माफियाओं, सूदखोरों पर हाल ही में जो ताबततोड़ कार्रवाइयाँ की हैं, वह उत्तर प्रदेश की तर्ज पर हैं। 2023 के आखिर में मप्र में चुनाव हैं। जो तेवर शिवराज के दिख रहे हैं उससे लगता है कि यहाँ भी बच्चों में मामा के नाम से लोकप्रिय शिवराज भी अगर बुलडोजर मामा बन गए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उत्तर प्रदेश की भाँति मध्यप्रदेश में भी भू, रेत और खनन माफियाओं की बढ़ती आपाराधिक गतिविधियों पर जो प्रहार, बतौर प्रयोग शुरू हुआ था, लगता है कि वह अब बड़े स्तर पर कर वो नया करेंगे जो अब तक नहीं हुआ।

मणिपुर और गोवा में भी बढ़त से उत्साहित भाजपा के लिए अब पूरे देश में राजनीतिक रूप से नए फैसलों को लेने के लिए इन नतीजों को हरी झण्डा मान देश में राजनीति की नई तस्वीर जरूर दिखेगी और दिखनी भी चाहिए। बेशक उप्र ने योगी आदित्यनाथ को पहले इस्तेमाल करो फिर विश्वास करो के जुमला से ही सही दोबारा सत्ता में पहुंचाया। लेकिन क्या उनके कड़े फैसले देश में सुशासन की नई इबारत लिखेंगे? वहीं अपने कामों के प्रचार से दिल्ली के बाद पंजाब में भी सत्ता में आने वाली आम आदमी पार्टी भी आम लोगों के लिए खास बनकर देश में नया विकल्प बनेगी। हाँ, इतना तो कहा जा सकता है कि भाजपा में सत्ता की धुरी की जोड़ी अब दो नहीं तीन होकर पार्टी को और मजबूत करेंगे। अब योगी, मोदी और अमित शाह ही वो तिकड़ी होंगे जिन पर न केवल भाजपा बल्कि भावी फैसलों का सारा दारोमदार होगा जो कोरोना से लड़ने के बावजूद तमाम आरोप, प्रचार और दुष्प्रचार से इतर अपने लक्ष्य में कामियाब रहे। भारत के परिपक्व और मजबूत लोकतंत्र के लिए हर चुनाव बेमिशाल ही होते हैं ठीक वैसे यह भी रहा।

## संपादकीय

# चुनाव के सबक



भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड जीत के साथ सत्ता दोबारा हासिल कर ली है लेकिन इस जीत ने पार्टी को कई सबक भी दिए हैं। सबक पश्चिमी यूपी में जाटलैंड में हुए घाटे की भरपाई करने का है तो लोकसभा में हासिल 50 फीसदी मत प्रतिशत को फिर 2024 में हासिल करने की चुनौती भी है। वहीं सपा के लिए बढ़त बनाने के बावजूद अभी भी सत्ता तक पहुंचने का जादुई आंकड़ा पाने की चुनौती बनी हुई है। उसे चिंतन करना होगा कि कैसे वह इस बढ़त या यूं कहें भाजपा से छिटके ओबीसी को पाले में बरकरार रख सके जिसके कारण वह भाजपा को चुनाव प्रचार के दौरान काफी हद तक परेशान करने में कामयाब रही है। निःसंदेह भारतीय जनता पार्टी का मत प्रतिशत लगभग 42 फीसदी के पास रहा है। यह पिछले विधानसभा चुनाव में मिले 39.67 फीसदी से करीब दो फीसदी ज्यादा है लेकिन भाजपा को मत प्रतिशत को लोकसभा चुनाव 2019 के स्तर करीब 50 फीसदी तक पहुंचाने की चुनौती अभी भी बरकरार है। उसे सरकार की कार्यशैली से नाराजगी के चलते सपा के पाले में शिफ्ट 3-4 फीसदी वोटों पर भी चिंतन करना होगा। कहना गलत न होगा कि समाजवादी पार्टी ने वर्ष 2017 में कुल 311 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इन पर उसको 28.30 फीसदी वोट हासिल हुए थे, जो इस बार करीब 3 से 4 फीसदी बढ़कर 32 फीसदी से ज्यादा हुआ है। ऐसे करीब 11 फीसदी मतदाता सामने आए हैं जो पीएम नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट देते हैं। शायद यही वजह थी कि लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा का मत प्रतिशत 51 के आसपास रहा था। इन चुनावों में भी मोदी-योगी के नाम पर वोट मिले हैं। पार्टी को देखना होगा कि उसके विधायकों-सांसदों के कार्यों के चलते सत्ता विरोधी रुझान न हो। यह चिंता का सबब है कि पार्टी को लोकसभा चुनावों में मिला 50 फीसदी का मत प्रतिशत विधानसभा चुनाव में क्यों नहीं मिल सका। समाजवादी पार्टी ने 110 के करीब सीटें हासिल करने के साथ ही मत प्रतिशत सुधारा है। समाजवादी पार्टी के लिए उसकी इस बढ़त में सबक यह है कि उधार की हांडी में पकवान नहीं पकाए जा सकते। पार्टी वर्ष 2012 जैसा जातीय और सामाजिक समीकरण बनाने में नाकाम रही। याद रहे कि वर्ष 2012 के चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे बाहुबलियों को टिकट देने से इनकार कर एक अलग छवि बनाई थी। संदेश गया था कि सपा बदल रही है। समाजवादी पार्टी का मत प्रतिशत बढ़ाने में मुख्य रूप से युवाओं को नौकरी, महंगाई और छुट्टा जानवर की समस्या प्रमुख कारण रहे लेकिन सपा को समझाना होगा कि बद से बदनाम बुरा। उसे समाज में पार्टी की ऐसी छवि बनानी होगी, जिसे उसको सबका साथ मिल सके। समाजवादी पार्टी ने जिन स्वामी प्रसाद मौर्य और ओम प्रकाश राजभर को पार्टी में लेकर ओबीसी वोट बैंक को साधने की कोशिश की थी वह भी बहुत कामयाब होती नहीं दिखी। पूर्वांचल में न तो ओबीसी कार्ड चला और न ही लखीमपुर खीरी में किसान आंदोलन का मुद्दा। लखीमपुर की निघासन सीट इसका ज्वलंत उदाहरण है। तिकुनियां इसी सीट में पड़ता है जहां किसानों को कुचलने का कांड हुआ था।

# स्मृति शेष - क्रिकेट जगत के लिए अपूरणीय क्षति है शेन वॉर्न का निधन



योगेश कुमार गोयल

**शेन वॉर्न के बारे में कहा जाता है कि गेंदबाजी की कला लेग ब्रेक को उन्होंने ही पुनर्जीवित किया था। बहरहाल, शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि उनकी ह्यबॉल ऑफ सेंचुरीह्न का उल्लेख किए बिना अधूरी ही रहेगी। दरअसल 24 वर्ष की आयु में 1993 में ओल्ड ट्रैफर्ड में वॉर्न ने इंग्लैंड के माइक गैटिंग को जिस गेंद पर आउट किया था, उसे ही ह्यबॉल ऑफ सेंचुरीह्न कहा जाता है। उस लेग ब्रेक पर न सिर्फ गैटिंग बल्कि स्वयं शेन वॉर्न भी आश्चर्यचकित रह गए थे। कई वर्षों बाद वॉर्न ने कहा भी था कि एक लेग स्पिनर के तौर पर आप हमेशा एक बेहतर लेग ब्रेक गेंद डालने के बारे में सोचते हैं और उन्होंने भी उसी तरह की गेंद डालने की कोशिश की थी लेकिन वह बॉल एक अचरज थी और उन्होंने भी कभी इसकी कल्पना तक नहीं की थी, न ही वह इसे दोहरा सकते हैं। दरअसल उन्होंने 1993 की एशेज सीरीज के दौरान 4 जून 1993 को ऐसी बॉल फैंकी थी, जिसने 90 डिग्री पर टर्न लेते हुए बल्लेबाज माइक गैटिंग को चारों खाने चित्त कर दिया था।**

अपनी गेंदबाजी से दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाजों को भी चकमा देने में माहिर रहे सर्वकालिक महान् स्पिन गेंदबाज शेन वॉर्न के आकस्मिक निधन की खबर से समूचा क्रिकेट जगत स्तब्ध है। थाइलैंड के कोह सामुई में वक्त बिता रहे ह्यफिरकी के जादूगरह्न महान् लेग स्पिनर शेन वॉर्न का निधन 52 वर्ष की उम्र में 4 मार्च 2022 को दिल का दौरा पड़ने के कारण हुआ। 4 मार्च की सुबह ही ऑस्ट्रेलिया के महान् विकेटकीपर रॉड मार्श का भी निधन हो गया और इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए एक ही दिन में दो दिग्गजों को खोना बड़ा सदमा है। स्पिन गेंदबाजी में क्रांति लाने वाले और अपनी स्पिन गेंदबाजी से दुनियाभर में क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीतने वाले वॉर्न ने अपने निधन से कुछ घंटे पहले ही रॉड मार्श के निधन पर शोक जताते हुए लिखा था कि वह हमारे शानदार खेल के लीजैंड और कई युवा खिलाड़ियों के प्रेरणास्रोत थे।



13 सितम्बर 1969 को विक्टोरिया में जन्मे वॉर्न ने अपने कैरियर में स्पिन गेंदबाजी से कई कमाल के कारनामे किए। वॉर्न दुनिया के ऐसे इकलौते गेंदबाज थे, जिन्होंने ऐसी-ऐसी गेंदों का आविष्कार किया, जिन्हें सिर्फ वे ही डाल सकते थे। फ्लिपर उनकी सबसे घातक गेंद थी। लेगब्रेक होती गेंद के बीच जब वे विकेट पर तेज गति से फ्लिपर फैंकते थे तो बल्लेबाज प्रायः एलबीडब्ल्यू या बोल्ड हो जाता था। उनकी लेगब्रेक, फ्लिपर टॉप स्पिनर तथा गुगली को दुनियाभर के बल्लेबाज समझने में विफल रहते थे। वॉर्न ने 1993 से 2005 तक कुल 194 वनडे अंतर्राष्ट्रीय और 1992 से 2007 तक 145 टेस्ट मैच खेले। टेस्ट में उन्होंने 25.41 की गेंदबाजी औसत से 708 तथा वनडे फॉर्मेट में 293 विकेट चटकाए और टेस्ट क्रिकेट में 708 विकेट के साथ वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में 800 विकेट लेने वाले श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के बाद दूसरे नंबर पर रहे। वॉर्न टेस्ट तथा वनडे मैचों को मिलाकर 1000 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय विकेट लेने वाले भी मुरलीधरन के बाद दुनिया के दूसरे गेंदबाज बने थे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया तथा श्रीलंका क्रिकेट ने 2007 में क्रिकेट के दोनों दिग्गजों के सम्मान में दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज का नाम ह्यवॉर्न मुरलीधरन ट्रॉफीह्न रखा था। टेस्ट में वॉर्न ने कुल 12 अर्धशतक लगाए और इस फॉर्मेट में बिना एक भी शतक लगाए सबसे ज्यादा कुल 3154 टेस्ट रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 99 रनों का है। वनडे में उन्होंने 1 अर्धशतक के साथ कुल 1018 रन बनाए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम 1319 विकेट दर्ज हैं।

टेस्ट क्रिकेट में भारत के खिलाफ शेन वॉर्न ने 1992 में सिडनी टेस्ट से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था, जिसमें उन्होंने पहला विकेट रवि शास्त्री का लिया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद उन्होंने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स को पहले ही सत्र में कप्तान और कोच के रूप में खिताब दिलाया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद शेन वॉर्न बिग बैश लीग और आईपीएल से जुड़ गए थे और वे आईपीएल में पहली खिताब जीतने वाली टीम के कप्तान थे। 2008 में आईपीएल के पहले सीजन में उनकी कप्तानी में ही राजस्थान रॉयल्स ने खिताब जीता था। बाद में वह राजस्थान रॉयल्स टीम के कोच बने और कुछ समय तक क्रिकेट में कमेंट्री भी की। बेहतरीन कमेंटेटर के रूप में भी उन्हें सफलता मिली। क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में उन्होंने अपना आखिरी मैच वॉरियर्स की कप्तानी करते हुए 2015 में अमेरिका में भारत के महान् बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की एसआरटी ब्लास्टर्स की टीम के खिलाफ खेला था।

शेन वॉर्न के बारे में कहा जाता है कि गेंदबाजी की कला लेग ब्रेक को उन्होंने ही पुनर्जीवित किया था। बहरहाल, शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि उनकी ह्यबॉल ऑफ सेंचुरीह्न का उल्लेख किए बिना अधूरी ही रहेगी। दरअसल 24 वर्ष की आयु में 1993 में ओल्ड ट्रैफर्ड में वॉर्न ने इंग्लैंड के माइक गैटिंग को जिस गेंद पर आउट किया था, उसे ही ह्यबॉल ऑफ सेंचुरीह्न कहा जाता है। उस लेग ब्रेक पर न सिर्फ गैटिंग बल्कि स्वयं शेन वॉर्न भी आश्चर्यचकित रह गए थे। कई वर्षों बाद वॉर्न ने कहा भी था कि एक लेग स्पिनर के तौर पर आप हमेशा एक बेहतर लेग ब्रेक गेंद डालने के बारे में सोचते हैं और उन्होंने भी उसी तरह की गेंद डालने की कोशिश की थी लेकिन वह बॉल एक अचरज थी और उन्होंने भी कभी इसकी कल्पना तक नहीं की थी, न ही वह इसे दोहरा सकते हैं। दरअसल उन्होंने 1993 की एशेज सीरीज के दौरान 4 जून 1993 को ऐसी बॉल फैंकी थी, जिसने 90 डिग्री पर टर्न लेते हुए बल्लेबाज माइक गैटिंग को चारों खाने चित्त कर दिया था। हालांकि वॉर्न की गेंद लेग स्टंप के काफी बाहर पिच हुई थी और लग रहा था कि गेंद वाइड हो सकती है, इसीलिए गैटिंग ने उसे खेलने का प्रयास नहीं किया लेकिन गैटिंग को चकमा देते हुए जबरदस्त तेजी से घूमी गेंद उनके ऑफ स्टंप पर जा लगी, जिसे देखकर हर कोई हतप्रभ रह गया था। गेंद करीब 90 डिग्री के कोण से घूमी थी और ह्यबॉल ऑफ सेंचुरीह्न अर्थात ह्यशताब्दी की सर्वश्रेष्ठ गेंदह्न कही गई उस गेंद ने वॉर्न की जिंदगी बदल दी थी।

शेर्न वॉर्न न केवल मैदान के भीतर बल्कि बाहर भी बहुत लोकप्रिय थे और भारत में वह काफी लोकप्रिय रहे। उनकी गेंदबाजी को स्पिन का शास्त्रीय संगीत भी कहा जाता था। हालांकि अपने मिजाज के कारण मैदान के बाहर उनका विवादों से भी नाता रहा। उनके कई अफेयर्स रहे, ब्रेकअप हुए और पत्नी से तलाक भी हुआ। उन पर कई बार सट्टेबाजी के आरोप लगे और वह प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन करने के भी दोषी पाए गए थे, जिसके चलते उन पर प्रतिबंध भी लगा था। दक्षिण अफ्रीका में 2003 विश्व कप से पहले वह प्रतिबंधित डायूरेटिक के सेवन के दोषी पाए गए थे। शेन वॉर्न तथा मार्क वॉ को 1998 में एक सटोरिये को पिच तथा मौसम के हालात की जानकारी देने के एवज में पैसा लेने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को जुमार्ना भी देना पड़ा था। क्रिकेट में कोचिंग के खिलाफ रहे वॉर्न का मानना था कि क्रिकेट में मैनेजर होने चाहिएं।

शेन वॉर्न के नाम 10 बार एक मैच में 10 विकेट और 38 बार एक पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज है। वह दुनिया के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में तीन हजार से भी ज्यादा रन बनाए, लेकिन कभी शतक नहीं जड़ा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले लेग स्पिनर शेन वॉर्न पहले ऐसे क्रिकेटर थे, जिन्होंने सबसे पहले 600 और 700 टेस्ट विकेट लिए थे। एक वर्ष में सर्वाधिक 96 विकेट लेने का रिकॉर्ड भी वॉर्न के नाम दर्ज है, इसके अलावा वनडे में लगातार तीन पारियों में चार विकेट लेने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है। 15 वर्षों तक क्रिकेट के मैदान पर राज करने वाले शेन वॉर्न का 1999 के क्रिकेट विश्वकप की विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम में भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान था। विश्व कप फाइनल में उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया था। अपना आखिरी टेस्ट वॉर्न ने जनवरी 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ सिडनी में खेला था। 1993 से 2003 तक वह पांच बार एशेज सीरीज जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे और एशेज सीरीज में उन्होंने सर्वाधिक कुल 195 विकेट चटकाए। ह्यक्रिकेट की बाइबलह्न कही जाने वाली पत्रिका ह्यविज्डनह्न द्वारा उन्हें 1992 से 2007 के बीच उनकी अतुलनीय उपलब्धियों के लिए 20वीं सदी के पांच क्रिकेटर्स में चुना गया था तथा 2013 में उन्हें आईसीसी हॉल ऑफ फेम में भी शामिल किया गया था। बहरहाल, शेन वॉर्न का निधन क्रिकेट जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

# सांसारिक उन्नति के बिना धर्म अधूरा है



ओमप्रकाश श्रीवास्तव

आईएएस अधिकारी और धर्म, दर्शन और साहित्य के अध्येता ‘धर्म’ है क्या? यह हमेशा से विवाद का विषय रहा है। धर्म, संसार को समृद्धिशाली, नैतिक और सुखी बनाने के लिए था परंतु विडम्बना है कि उसका इस्तेमाल सदैव से चालाक लोगों के द्वारा अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए किया जाता रहा है। धर्म की मनमानी व्याख्याओं का परिणाम है कि इतिहास के अधिकतर झगड़े और युद्ध धर्म के कारण हुए हैं। धर्म शब्द कहते ही आम लोगों के जेहन में जो दृश्य पैदा होता है वह है यज्ञ, पूजा, नमाज, प्रार्थना या किसी धार्मिक ग्रंथ का पठन-पाठन। ऐसा लगता है कि धार्मिक क्रियाएं भविष्य के किसी अज्ञात लाभ के लिए हैं। धर्म को यहीं तक सीमित करके जहाँ एक ओर धार्मिक झगड़ों की नींव डाल दी वहीं दूसरी ओर समाज को वैज्ञानिक सोच और सांसारिक समृद्धि से वंचित कर दिया गया। भारतीय वाङ्मय में धर्म शब्द अत्यंत व्यापक अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। जहाँ एक ओर आत्मिक कल्याण के साधनों को धर्म कहा है वहीं कर्तव्य और दायित्व के लिए भी धर्म शब्द का इस्तेमाल हुआ है जैसे कार्य के आधार पर राजधर्म, सेवकधर्म, जीवन की अवस्थाओं के आधार पर गृहस्थधर्म, संन्यासधर्म, वंश के आधार पर आर्यधर्म, राक्षसधर्म, रिश्तों के आधार पर पत्नीधर्म, पुत्रधर्म, परिस्थिति के आधार पर आपद्धर्म आदि। सामान्य नैतिक नियमों को भी धर्म कहा गया है जो सभी लोगों के लिए पालन योग्य हैं। श्रीमद्भागवत (11.17.21) में अहिंसा, सत्य, चोरी न करना, काम, क्रोध व लोभ से बचे रहना, सदैव ऐसा प्रयास करते रहना जिससे सभी प्रणियों का हित हो आदि ऐसे ही धर्म हैं। इसी प्रकार के नैतिक नियमों को मनु ने भी धर्म कहा है (मनुस्मृति 6/92)। भगवान ने जिस वस्तु को जिस प्रयोजन के लिए रचा है उसकी पूर्ति करना ही उस वस्तु का धर्म है। जैसे अग्नि का धर्म ताप देना है, चंद्रमा का धर्म है शीतलता देना आदि। गीता में जब कृष्ण कहते हैं कि - स्वधर्मे निधनं श्रेयः -अर्थात अपने धर्म में मृत्यु भी श्रेष्ठ है तब धर्म का अर्थ है व्यक्ति का स्वभाव जो उसे प्रकृति ने स्वमेव दिया है न कि हिंदू, मुस्लिम, ईसाई आदि।

★ कहा जाता है कि आज की पीढ़ी भौतिकवादी है। इसे एक बुराई के रूप में लिया जाता है परंतु जरा सोचें भौतिकता के अभाव में सैकड़ों वर्षों से दरिद्रता, भेदभाव, अशिक्षा और अंधविश्वास में जी रही पीढ़ियॉं कौन सी आध्यात्मिक हो गई थीं?

★ युवाओं को अच्छी शिक्षा देना, कौशल प्रदान करना, उन्हें उत्साही और कर्मयोगी बनाना, उनमें वैज्ञानिक सोच का विकास करना ताकि वे ऐश्वर्यपूर्ण और समृद्धिशाली जीवन जी सकें, भी धर्म का ही भाग है।

धर्म की कोई सर्वमान्य परिभाषा ज्ञात करना बहुत कठिन है क्योंकि विभिन्न मतों या विचारों को माननेवाले अपने-अपने सिद्धांतों के अनुसार विभिन्न कार्यों को धर्म कहते हैं। नास्तिक दर्शन, जैसे चार्वाक-दर्शन, आत्मा-परमात्मा को नहीं मानता। उसके लिए प्रत्यक्ष दिखनेवाला संसार ही सत्य है। इसलिए जिस कर्म से संसार में उन्नति हो उनके लिए वही धर्म है। बुद्ध दर्शन के अनुसार अहिंसा और निर्वाण प्राप्ति के उपाय धर्म हैं। सांख्यदर्शन के प्रणेता कपिल ने कहा है कि जिस कर्म से अन्तःकरण में वैराग्य, शान्ति और विवेक का उदय हो वही धर्म है। योगदर्शन के प्रणेता पातञ्जलि कहते हैं कि वह कर्म जो मनुष्य की वृत्ति को समाधि के उपयुक्त बनाकर आत्मस्वरूप में स्थित कराते हैं वही धर्म हैं। पूर्व मीमांसा के प्रणेता जैमिनी ने वेदों में वर्णित यज्ञ, याज्ञ आदि को ही धर्म बताया है। वेदान्त दर्शन के प्रणेता महर्षि वेदव्यास के अनुसार ऐसे कर्म जो अन्तःकरण की शुद्धि करते हैं, धर्म हैं। धर्म की सबसे क्रांतिकारी परिभाषा वैशेषिक दर्शन के प्रणेता महर्षि कणाद ने दी है। उन्होंने धर्म को आत्मा के साथ ही संसार से भी जोड़ दिया। उनके अनुसार ह्ययतो२भ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मःह्न अर्थात जिस कर्म से मनुष्य का अभ्युदय अर्थात इस जगत में उन्नति होती है तथा अंत में निःश्रेयस अर्थात मोक्ष या मुक्ति की प्राप्ति होती है वही धर्म है। सनातन धर्म के अनुसार जीवन का परमलक्ष्य ह्यमोक्षह्य है जिसके लिए आध्यात्मिक उन्नति आवश्यक है। आध्यात्मिक उन्नति के साधन जप, तप, पूजा, यज्ञ आदि तभी संभव हैं जब भोजन, वस्त्र, आवास उपलब्ध हों, शरीर स्वस्थ हो और समाज में कानून और न्याय का शासन हो। कहा जाता है कि ह्यभूखे भजन न होय गोपालाह्न। महाभारत में सर शैय्या पर पड़े भीष्म ने कहा था कि शारीरिक कष्ट के कारण उन्हें धर्मतत्तव का स्मरण नहीं हो रहा है। स्पष्ट है कि सांसारिक अनुकूलतायं धर्म पालन में सहायक हैं। इस प्रकार धर्म के दो भाग हैं - वाह्य जो सांसारिक प्रगति से और आंतरिक जो आत्मिक प्रगति से संबंधित है। धर्म रूपी रथ के यह दो पहिये हैं। यदि सांसारिक प्रगति और समृद्धि नहीं होगी तो रथ चल नहीं पाएगा। वैदिक भारत में धर्म का समन्वित रूप प्रचलन में था इसलिए संसार से संबंधित विज्ञान व कलाएं जैसे गणित, आयुर्वेद, स्थापत्य, व्याकरण, नाट्य, खगोलविज्ञान, अस्त्र-शस्त्र, युद्धकला आदि का विकास हुआ। बाद में भारत में केवल आत्मतत्त्व पर जोर देने और जगत को मिथ्या मान लेने से हजारों वर्षों से सांसारिक समृद्धि व वैज्ञानिक प्रगति में देश पिछड़ता गया ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### आज जिलावासियों के सुविधा हेतु टॉक टू डीसी कार्यक्रम का आयोजनः उपायुक्त




मदरलैंण्ड संवाददाता, देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में *टॉक टू डीसी (Talk to DC)* ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाहन 12:00 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम से जुड़ने हेतु जिलावासी अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से अपने समस्याओं व सुझावों को उपायुक्त के समक्ष रख सकते हैं। ज्ञात हो कि प्रत्येक सोमवार को पूर्वाहन 12:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे के तक **#TalkToDc टॉक टू डीसी* कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि आम व्यक्ति अपनी समस्याओं एवं सुझावों को प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से जिला प्रशासन के समक्ष रख सके।

### श्याम परिवार द्वारा निशान शोभा यात्रा निकाली गई



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। सालमारी मुख्य बाजार में राजस्थानी समुदायों द्वारा श्याम परिवार सालमारी की तरफ से भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गई।निशान शोभा यात्रा सोमवारी राजश्व हाट स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्रांगण से पूजनोत्सव के पश्चात निकाली गई।उसके बाद मुख्य बाजार के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए,सालमारी स्थित ठाकुरबारी में पहुँच इसका समापन किया गया।निशान शोभा यात्रा में राजस्थानी समुदाय के पुरुष एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।सभी के हाथ श्याम नाम जय श्री राम लिखा ध्वज देखते बन रहा था।वहीं जय श्री राम जय श्री श्याम नाम के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था।वहीं निशान शोभा यात्रा में सालमारी के किराना व्यवसायी दीपक अग्रवाल की तरफ से अल्पाहार स्वरूप ड्राय फ्रूट्स व शीतलपेय जल की व्यवस्था की गई थी।निशान शोभा यात्रा के दौरान सालमारी ओपी अध्यक्ष विजय कुमार,एसआई कमल आनंद सिंह,विजय सिंह सहित पूरी पुलिस टीम मुस्तैद नजर आयी।इस अवसर पर बड़ी संख्या में मारवाड़ी समाज की महिलाएं,युवतियों,बच्चे बूढ़े अन्य सभी निशान शोभा यात्रा में शामिल होकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई, मौके पर पूरा सालमारी बाजार सहित आस-पास का क्षेत्र श्री श्याम के जयकारे से गूंज उठा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यस अग्रवाल,दुर्गेश शर्मा,नवल सिंघानिया,सोनू अग्रवाल,किशन अग्रवाल,मोनू अग्रवाल,विवेक शर्मा, राकेश अग्रवाल,आदर्श अग्रवाल,मौसम पटवारी,नितेश अग्रवाल,अनुज अग्रवाल,दीपक अग्रवाल,पवन अग्रवाल, संजय गुप्ता सहित समस्त श्याम परिवार इस आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर पानी शरबत सहित अन्य चीजों की व्यवस्था भक्तों द्वारा की गई थी।वहीं ओपी अध्यक्ष विजय कुमार यादव मौके पर अपने दल बल के साथ मुस्तैद दिखे, मौके पर ठाकुरबाड़ी में भंडारे का भी आयोजन किया गया था।

### ओपी में हुई शांति समिति की बैठक,होली-शब-ए-बारात को लेकर निर्देश जारी



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। सालमारी ओपी प्रांगण में होली एवं शब-ए-बारात को लेकर दोनों समुदायों के लोगों को आमंत्रित कर सालमारी ओपीध्यक्ष विजय कुमार ने शांति समिति की बैठक आयोजित की शांति समिति की बैठक ओपी अध्यक्ष विजय कुमार की अध्यक्षता में आहूत की गई।आयोजित बैठक में दोनों समुदायों से स्थानीय लोगों का पहुंचना हुआ था।स्थानीय लोगों की मौजूदगी में बैठक की कार्यवाही शुरू की गई।त्योहार को लेकर ओपी अध्यक्ष ने दोनों समुदायों के लोगों से अपील करते हुए कहा त्योहार शांतिपूर्ण एवं सद्भावना के साथ मनाएं आपसी सद्भाव का परिचय देते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाने की अपील की गयी।साथ हीं दोनों समुदायों के लोगों से कहा कि त्योहार के मौके पर ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं होगा उपयोग किए जाने पर पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।वहीं होली के दौरान हुड़दंगियों पर भी पुलिस की नजर रहेगी।इसके लिए बाजार में सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखी जाएगी।जिसकी निगरानी सालमारी पुलिस करेगी साथ हीं विभिन्न चौक चौराहों पर सिविल ड्रेस में पुलिस तैनात रहेगी।विभिन्न चौक चौराहों पर बारसोई अनुमंडल प्रशासन द्वारा पुलिस बलों के साथ दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी।जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे बैठक में क्षेत्र के त्रिस्तरीय पंचायती राज के बुद्धिजीवी,समाज सेवी गणमान्य लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।ओपी अध्यक्ष ने कहा शराब पीने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाएगी,अश्लील गाने एवं जोर जबरदस्ती किसी भी व्यक्ति पर रंग लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से ओपी अध्यक्ष विजय कुमार एसआई कमल आनंद सिंह प्रमोद शर्मा ललित बुबना अशोक सरावगी गोपाल अग्रवाल राज कुमार अग्रवाल संजय गुप्ता अब्दु सलाम प्रमोद सिंह जावेद आलम एहरार आलम गोपाल अग्रवाल सोरेन बिहार लाल तातमा मोहन राय आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालय चारदीवारी निर्माण में अनियमितता

» मदरलैंण्ड संवाददाता



अररिया। नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मुन्नी ऋषिदेव पुलहा पोसदाहा वार्ड 13 में 15वी वित्त योजना के अंतर्गत चारदीवारी का निर्माण कार्य चल रहा है। चारदीवारी निर्माण कार्य में ग्राम पंचायत राज पोसदाहा द्वारा गुणवत्ता को ताक पर रखकर लोकल बालू, दो नम्बर ईंट से निर्माण कार्य किये जाने को लेकर गत दिनों विद्यालय के प्रधानाध्यापक सरोज कुमार सरोज के द्वारा कनीय अभियंता अख्तर एवं पंचायत सचिव प्रमोद यादव से दूरभाष के माध्यम से शिकायत की। लेकिन कनीय अभियंता व पंचयात सचिव के द्वारा निर्माण कार्य का जांच नही किया गया। फलतः दिन के उजाले में बेखौफ हो कर के धड़ल्ले से लोकल उजला बालू से चार दिवारी का निर्माण किया जा रहा हैं। काम कर मजदूर ने बताया कि मुखिया जी कार्य करवा रहे है ठीकेदार मिजार्पुर पोसदाहा का हैं और पीलर में लाल और सफेद दोनो बालू डालते हैं और चारदीवारी में सफेद लगाते हैं।

**क्या कहते हैं कनीय अभियंता, अख्तर**

चारदीवारी में अनियमियाता को लेकर एच एम सरोज जी बात हुई थी। पत्रकार महोदय आप तो जानते ही हैं गांव घर का काम हैं, हम उनको कह दिए हैं कि काम मे कमी आएगा तो पैसा हम काट लगे हम जांच कर कार्रवाही करेंगे।

## अनुकम्पा व पेंशन से जुड़े मामलों को न रखें लंबितः- उपायुक्त

» मदरलैंण्ड संवाददाता




देवघर। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित सभी विभिन्न विभागों, प्रखण्डों तथा अंचलों से आये अनुकम्पा से संबंधित सभी मामलों के साथ रिक्त पदो, पेंशन से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए विभिन्न कार्यालयों में सेवा निवृत हुए कर्मियों के बाद रिक्त पदों की जानकारियों से अवगत हुए। साथ ही अनुकम्प व पेंशन से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

इसके अलावे उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुकम्पा से संबंधित आवेदनों पर किसी प्रकार की आपत्ति है या नहीं इसकी भी जांच करा ले। आगे जिला अनुकंपा समिति की बैठक में आए हुए 28 मामलों में 23 मामलों को जांच उपरांत उपायुक्त द्वारा स्वीकृत किया गया। साथ ही उपायुक्त ने 03 मामलों को अस्वीकृत करने के अलावा 02 मामलों की जांच करने के पश्चात अगली बैठक में निर्णय करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त कुमार ताराचंद, स्थापना उपसमाहर्ता परमेश्वर मुंडा, राज्य कर पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## गरीब वयोवृद्ध के निधन पर मुखिया ने दी आर्थिक सहायता



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेगूसराय। बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड छह निवासी 82 वर्षीय वयोवृद्ध नारायण मल्लिक का निधन रविवार को नागापोखर स्थित अस्थायी आवास पर हो गया. उनके निधन पर दर्जनों सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकताओं ने शोक व्यक्त की है. श्री मल्लिक के निधन पर मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा ने अपने नीजी कोष से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किया.शोक व्यक्त करनेवालों में सरपंच नवीन प्रसाद यादव, समाजसेवी पंकेश कुमार, राजेश कुमार, गरीब नंदन राय, योगेन्द्र पंडित, विजय शंकर कुमार, रामबाबू महतो सहित अनेक लोग शामिल हैं.

## होली और शब-ए-बरात को लेकर तरैया थाने में शांति समिति की बैठक

### डीजे पर पूर्णरूप से रहेगा प्रतिबंध, हर गतिविधियों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर


» मदरलैंण्ड संवाददाता



छपरा। तरैया थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार सिंह और सीओ अंकु गुप्ता की अध्यक्षता में होली और शब-ए-बरात को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एसआई प्रेम कुमार तिवारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गण्यमान्य लोगों से होली एवं शब-ए-बरात को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द बनाये रखने में पंचायत प्रतिनिधि स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस बार डीजे बजाने पर पूर्णरूप से प्रतिबंध रहेगा। जिसको लेकर सभी टेंट वालों को नोटिस तामिला करा दिया गया है। वहीं असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है। क्षेत्र के हर गतिविधियों पर ध्यान दिया जा रहा है। अफवाह फैलाने वालों और होली के दिन हुड़दंग करने वालो को किसी भी कीमत में बक्सा नहीं जायेगा। प्रशासन हर तरह से तैयार है। वहीं क्षेत्र में पेट्रोलिंग करने के लिए गश्तीदल तैनात कर दिया गया है। विशेष कर शराब बेचने एवं शराब पीने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में सरपंच संघ के जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष रविन्द्र सिंह उर्फ रवि सिंह, मुखिया प्रतिनिधि वीर बहादुर राय, हरेन्द्र सहनी, शैलेन्द्र राम, सरपंच बिगन राय, उमेश सिंह, भागवत सहनी, सरपंच प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, पंकज चौबे सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गायत्री यज्ञ को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

### दीप यज्ञ के माध्यम से लोगों को दिया जा रहा नैतिक शिक्षा का ज्ञान



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेगूसराय। आगामी 27 से 29 मार्च तक बरियारपुर पश्चिमी गांव में होनेवाले गायत्री यज्ञ का प्रचार प्रसार जोर पकड़ने लगा है.गायत्री परिवार से जुड़ें कार्यकताओं द्वारा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है.इसके तहत दीप यज्ञ के माध्यम से लोगों को अपने बच्चों को संस्कारित करने के तरीके बताए जा रहे हैं.इस कड़ी में बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के गोगल टोल स्थित समाजसेवी राजेश कुमार के दरवाजे पर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया. जिसमें भजन संध्या का आयोजन भी किया गया. मौके पर गायत्री परिवार से जुड़ें वैद्यनाथ सहनी एवं जवाहर महतो ने गायत्री मंत्र व दीप यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला.इन लोगों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने की अपील की.और सुबह जल्दी उठने, बड़ों को प्रणाम करने, समय पर अपना काम करने, अनुशासित रहने की शिक्षा देने की बात कहीं.इससे पूर्व बरियारपुर पूर्वी, मसुराज, तेतराही, फफौत, चलकी, बेगमपुर समेत अन्य गांवों में भी दीप यज्ञ के जरिए लोगों को जागरूक किया गया.इस मौके पर गायत्री परिवार से जुड़ें नरेन्द्र प्रसाद सैनी, नंदलाल ठाकुर, राजेन्द्र महतो, डॉ देवेन्द्र कुमार विमल, अरविन्द कुमार, जवाहर चौधरी, रंजीत कुमार, महेन्द्र दास, राजेश कुमार समेत दर्जनों नर नारी मौजूद थे.

## मदरलैण्ड वॉइस की खबर का असर

### मुखिया को प्रभार नहीं दिए जाने का मामला गरमाया, मुखिया के पक्ष में आगे आयी समाजसेविका

» मदरलैंण्ड संवाददाता



बेगूसराय। बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा को पिछले तीन महिने से प्रभार नहीं मिलने का मामला गरमाने लगा है.राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से विधायक पद की प्रत्याशी रहीं समाजसेविका रिजवाना खातुन इस मुखिया के समर्थन में आगे आयी है.उन्होंने बताया है कि पंचायत सचिव द्वारा बरियारपुर पश्चिमी पंचायत में प्रभार की अदला बदली नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है. प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी का इस दिशा में दिया गया निर्देश भी बेअसर रहने पर उन्होंने गहरी आपत्ति जताई है. उन्होंने बताया कि राज्य की सुशासन बाबू की सरकार में घोर भ्रष्टाचार है. आमजन अपने विभिन्न कार्यों को लेकर कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं. सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, कबीर अंतेष्टि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पशुशेड योजना आदि में जरुरतमंद लाभुकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है.हर कार्यालयों में भ्रष्टाचार व्याप्त है.बिचौलियों का बोलवाला है.इसको लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी.गरीबों के मुद्दे पर कार्यालयों का घेराव करेगी और चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी.जिसकी सारी जवाब नहीं विभागीय अधिकारियों की होगी.

## गर्मी की दस्तक के साथ ही पेयजल संकट से उबरने का किया जा रहा मरम्मती कार्य

» मदरलैंण्ड संवाददाता



बेगूसराय। गर्मी की दस्तक शुरू हो गयी है. तापमान बढ़ने लगा है.इसके साथ ही भूगर्भ, जलस्तर नीचे सिसकने लगा है.संभावित पेयजल संकट को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर जर्जर चापाकलों की मरम्मती की जा रही है. ग्रामीण स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा यह कार्य किया जा रहा है. विभाग की दो टीम खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र में इस कार्य में लगी हुई है. रविवार को मध्य विद्यालय खोदावन्दपुर, खोदावन्दपुर पंचायत के वार्ड एक, प्रखंड मुख्यालय, निर्वाचन कार्यालय, गौरबद्धा टोला, फफौत पंचायत के मटिहानी गांव में दर्जनों जर्जर चापाकलों की मरम्मती की गयी.यह जानकारी विभाग के संवेदक घनश्याम कुमार ने दी है.

## जिले के सभी प्रखंडो में आयोजित होने वाले कैम्प हेतु स्थलों का किया गया चयन

» मदरलैंण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा जानकारी दी गयी कि जिले में छुटे हुए दिव्यांगजनों का विकलांगता प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु देवघर जिले में लगभग 16000 से अधिक दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की आवश्यकता है। ऐसे में जिले के सभी दस प्रखंडो में कैम्प आयोजित करने के उद्देश्य से स्थलों का चयन किया गया है।

इसके अलावे दिनांक-14.03.2022 को मारगोमुण्डा प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पूर्वा0 10:00-01:00 बजे अप०तक एवं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पट्टाजोरी अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक, दिनांक-15.03.2022 को करौं प्रखण्ड अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व उच्च विद्यालय, पथरौल को अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक, दिनांक-16.03.2022 को मधुपुर अनुमंडल अन्तर्गत पूर्वा0 10:00 - 01:00 बजे अप० तक व जगदीशपुर, लीह्रइ ल्ली हीह्लल्ली२२ उील्ल३१ी (ल्हउ), अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक, दिनांक-19.03.2022 को सदर अस्पताल देवघर में पूर्वा0 10:00-05:00 बजे अप० तक, दिनांक-21.03.2022 को मधुपुर प्रखण्ड अन्तर्गत नौनियाद, एचडब्लूसी पूर्वा0 10:00-01:00 बजे अप० तक व मिसरना, पंचायत भवन को अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक, दिनांक-22.03.2022 को पालोजोरी अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को पूर्वा0 10:00-01:00 बजे अप० तक, उच्च विद्यालय खागा में अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक व दिनांक-23.03.2022 को पंचायत भवन, बागदाहा पूर्वा0 10:00 - 01:00 बजे अप० तक, दिनांक-23.03.2022 को सारठ प्रखण्ड अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पालोजोरी अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक, दिनांक-24.03.2022 को सदर अस्पताल देवघर में पूर्वा0 10:00 - 05:00 बजे अप० तक, दिनांक-25.03.2022 को सारठ प्रखण्ड अन्तर्गत चितरा, पंचायत भवन में पूर्वा0 10:00 - 01:00 बजे अप० तक व पथरड्डा, स्वास्थ्य उपकेन्द्र में अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक, दिनांक-26.03.2022 को देवघर प्रखण्ड अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जसीडीह में पूर्वा0 10:00 - 01:00 बजे अप० तक व पंचायत भवन, चाँदडीह में अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक, दिनांक-28.03.2022 को देवघर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय, चड़कीपहाड़ी में पूर्वा0 10:00 - 01:00 बजे अप० तक, दिनांक-28.03.2022 को सारवां प्रखण्ड अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सारवाँ में अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक, दिनांक-29.03.2022 को सारवां प्रखण्ड अन्तर्गत उच्च विद्यालय, लखोरिया में पूर्वा0 10:00 - 01:00 बजे अप० तक, दिनांक-29.03.2022 को सोनारायठाड़ी प्रखण्ड अन्तर्गत प्रखण्ड परिसर, सोनारायठाढ़ी में अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक, दिनांक-30.03.2022 को सोनरायठाढ़ी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत भवन, जरका में पूर्वा0 10:00 - 01:00 बजे अप० तक व स्वास्थ्य उपकेन्द्र चँदना में अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक, दिनांक-31.03.2022 को सदर अस्पताल, देवघर में पूर्वा0 10:00 - 01:00 बजे अप० तक, दिनांक-01.04.2022 को मोहनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोहनपुर में पूर्वा0 10:00 - 01:00 बजे अप० तक, रिखिया ल्हउ में अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक, दिनांक-02.04.2022 को मोहनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र, घोरमारा में पूर्वा0 10:00 - 01:00 बजे अप० तक व तपोवन, एचडब्लूसी में अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक एवं दिनांक-03.04.2022 को देवीपुर प्रखण्ड अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, देवीपुर में पूर्वा0 10:00 - 01:00 बजे अप० तक व हुसैनाबाद, स्वास्थ्य उपकेन्द्र में अप० 02:00 बजे से 05:00 अप० तक में किया जायेगा।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानाध्यापकों को पीएम पोषण योजना से मुक्त रखने की माँग

मदरलैण्ड संवाददाता,कटिहार। पी एम पोषण योजना से प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों को मुक्त करने हेतु लिखित सूचना पत्र सभी प्रधानाध्यापकों ने शिक्षा मंत्री को प्रेषित किया है। साथ ही पत्र की छाया प्रति सहित हस्ताक्षरित पन्ने जिला पदाधिकारी कटिहार ,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ,एमडीएम प्रभाग कटिहार ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी समेली, की सेवा में सूचनार्थ समर्पित किया है। प्रेषित पत्र में लिखा है कि हम सभी प्रधानाध्यापकों को पीएम पोषण योजना से मुक्त करने की दिशा में सकारात्मक पहल करने की कृपा की जाए ।यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षण में बाधक है ।साथ ही शिक्षा का अधिकार कानून 2009 एवं नई शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट निर्देश है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से दूर रखा जाए ताकि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण अनिवार्य एवं निशुल्क शिक्षा दी जा सके। पीएम पोषण योजना की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि बिना क्लर्क, कंप्यूटर ऑपरेटर, एवं डाटा ऑपरेटर ,प्रिंटर, स्कैनर के संभव नहीं है ।इस प्रक्रिया में शिक्षक मानसिक रूप एवं शारीरिक रूप से परेशान रहेंगे ।मध्यान्ह भोजन योजना पूर्व में भी एनजीओ एवं किसी अन्य स्वयंसेवी संस्थान द्वारा सफलतापूर्वक चलाई गई थी एवं अभी भी कई जिलों में यह व्यवस्था लागू है। पीएम पोषण योजना से अभिलंब मुक्त करने की कृपा प्रदान की जाए।

### दिव्यांग को मारपीट कर किया घायल



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के मरंगी गांव में एक विकलांग व्यक्ति को मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया हैं ।इस बाबत मनसाही अस्पताल में इलाजरत के माता ललिता देवी ने बताया कि मेरा पुत्र रोहित कुमार परिहार पूरे परिजन के साथ अपना गांव मरंगी छठी यारी भोज खाने गए थे और हम सभी अपना डेरा हफलागंज वापस लौट आए ,लेकिन दिव्यांग पुत्र रोहित कुमार परिहार मरंगी में ही रह गया सुबह में सामान चोरी की जानकारी के बारे में बोला तो गांव के ही राकेश साह ने पूरे परिवार के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों ने दी, ग्रामीणों ने उसे उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा हैं घटना की जानकारी मनसाही पुलिस को दी गई।

### दस लीटर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। हसनगंज थाना क्षेत्र में शराब का कारोबारी थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां आए दिन पुलिस प्रशासन द्वारा देसी शराब हो या विदेशी बरामद किया जा रहा है। इसके बावजूद भी शराब पिययकर व बेचने वाले अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे है। इसी दौरान हसनगंज पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर रामपुर कोसपली गांव पक्की सड़क से 10 लीटर देसी शराब के साथ एक 58 वर्ष अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध मे थाना अध्यक्ष रामचंद्र मंडल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस बल के द्वारा शराब छापेमारी की गई। जहां से 10 लीटर देसी शराब के साथ एक 58 वर्ष गोवर्धन पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं कागजी प्रक्रिया पूरी कर बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत थाना कांड संख्या 25/22 अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

### पूर्व विधायक पुनम पासवान मधुबनी का प्रर्वेक्षक नियुक्त



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। पूर्व विधायक पुनम पासवान को बिहार विधान परिषद स्थानीय प्राधिकरण 2022 का मधुबनी जिला का प्रर्वेक्षक नियुक्त किया है ।जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम राय सेवा दल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक रहे प्रो0 विनोद यादव, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राकेश यादव, माधव पांडे, मो0 शमी, सिकंदर मंडल, खेलकूद प्रकोष्ठ अध्यक्ष पंकज यादव, पियूष मिश्रा, विभा मिश्रा, कोढा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष पवन जयसवाल,फलका प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल कलाम आजाद, नगर अध्यक्ष सौरभ कुमार, मसरूर आलम प्राणपुर अध्यक्ष राजेश मंडल सोनू मंडल अमरजीत यादव आदि नेताओं ने पूर्व विधायक पुनम पासवान को बधाई दी।

### शांति समिति की बैठक का आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। पोठिया ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पु अ नि राम विजय शर्मा की ने किया ।बैठक में सर्वप्रथम सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की अपील की गई। साथ ही पहुंचे जनप्रतिनिधि वह बुद्धिजीवियों की राय ली गई कि क्षेत्र में अवैध रूप से चोरी चुपके शराब बनाने वालों पर नकेल कसा जाएगा। साथ ही शराब का सेवन करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर होगी। चौक चौराहे पर पुलिस बल तैनात किए जाएंगे ।शराब पीकर हंगामा हुआ तेज रफ्तार बाइक चलाने वालों पर पुलिस सख्ती से पेश आएगी। डीजे पर पाबंदी रहेगी, बैठक में पी एस आई राजू कुमार,पु अ नि नवल किशोर सिंह,विनय तिवारी,जिला पार्षद प्रतिनिधि रोशन मंडल,उमानाथ पटेल, शब्दा पंचायत मुखिया महेंद्र प्रसाद साह,मुखिया प्रतिनिधि संजय पटेल,पूर्व मुखिया बबलू पासवान,शंकर मंडल,बिनोद चौधरी,समाजसेवी मो सिराजुल,सरपंच रमजान अली, मधुकर कुमार,पूर्व सरपंच प्रणव सिंह,मुकेश कुमार झा,गोपाल झा, रंजीत कुमार सुखारी,नरेश केशरी,प्रदीप केसरी,मौसम झा,मोहन राम उपरपंच लालू मंडल,दिवाकर मंडल सहित ग्रामीण शामिल रहे।

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह का किया परदा फास

## पांच मोटरसाइकिल के साथ तीन गिरफ्तार

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कदवा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का किया परदा फास जिसको लेकर आज रविवार को थाना परिसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया ।इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में डी एस पी प्रेम नाथ राम ने सभी संवाददाताओं को बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक महोदय जितेंद्र कुमार के दिशा निर्देश में छापेमारी दल का गठन किया गया ।गुप्त सूचना के आधार पर थाना अध्यक्ष रंजय कुमार सिंह अपने छापेमारी दल बल के साथ मोटरसाइकिल चोरी गिरोह का उदभेदन किया तथा पांच मोटरसाइकिल के साथ तीन चोरो को गिरफ्तार किया। बुन्देल चौक सोनैली से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा एक चोर को गिरफ्तार किया ।उक्त चोर के निशान देही पर अन्य जिलों से चुराई गई अतिरिक्त मोटरसाइकिल कोढ़ा क्षेत्र के जुराबगंज से बरामद किया तथा दो चोरों को भी गिरफ्तार किया गया जो क्रमशः ऋषि यादव 22 वर्ष नयाटोला रौतारा, सहिल कुमार 22 वर्ष, प्रमोद यादव 27 वर्ष जुराबगंज कोढ़ा से पहचान की गई है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरो द्वारा बराबर मोटरसाइकिल चोरी के वारदात को अंजाम दिया जा रहा था ।इसी क्रम में कदवा प्रखंड के सोनैली में हुई मोटरसाइकिल चोरी का बारदात सी सी टी वी में कैद हुआ था इसी के आलोक में कदवा पुलिस द्वारा अलग अलग स्थानों से चार अन्य मोटरसाइकिल जिसमे दो ग्लैमर ,एक स्प्लेंडर प्रो 0,एक स्प्लेंडर प्लस,एक बुलेट बरामद किया गया ।छापेमारी दल में प्र0 पु0 स0 अ0 नि0 शैलेश कुमार,स0 अ0 नि0 सत्येंद्र कुमार,गिरीश प्रसाद,पंचू कुमार दास,संतोष कुमार सुमन ,अनिल कुमार,पूजा कुमारी पल्लवी कुमारी आदि शामिल थे ।जिसको लेकर श्री राम ने बताया कि पुलिस कप्तान कटिहार के निर्देश पर चोरी एवं अन्य घटना पर कड़ी करबाई की जाय ।वही श्री राम ने कदवा थाना अध्यक्ष रंजय कुमार सिंह के कार्य की सराहना किया।

# डाक विभाग ने खाता खोलो अभियान के तहत 55डिजिटल खाते खोले गए



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के जोकर पंचायत में डाक विभाग द्वारा उत्तक्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में खाता खोलो अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया ।जिसमे डाक अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी,सहायक डाक अधीक्षक मुकेश कुमार,स्थानीय जिला परिषद सदस्य मसूदा खातून,केलाबारी पंचायत मुखिया श्रीमती निर्मला देवी,जोकर पंचायत के सरपंच पुरुषोत्तम कुमार शर्मा,समाजसेवी रूपेश कुमार शर्मा,स्थानीय शाखा डाक पाल मो.मुनाजिर आलम,गौरीपुर के डाक सेवक चंदन कुमार मंडल,ढेंना बगछल्ला डाक घर के शाखा डाक पाल गोविंद कुमार साह,प्रदीप कुमार दास,इंद्रदेव मिश्र,गोपाल चंद्र रॉय,राजीव कुमार,अभिरंजन कुमार और अन्य डाक कर्मचारी उपस्थित रहे ।मौके पर लगभग 500 ग्रामीण उपस्थित हुए जिन्हें डाक विभाग की सभी योजनाओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। ग्रामीणों की तरफ से आये सवालों का जबाब मुकेश कुमार सहायक डाक अधीक्षक द्वारा काफी अच्छे तरीके से दिया गया और ग्रामीण संतुष्ट नजर आए मीटिंग के दौरान ही लगभग 35 सुकन्या समृद्धि खाते एवं बचत खाता के फॉर्म प्राप्त हुए जब कि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के 55 डिजिटल खाते खोले गए ।शिविर में ही पल्सा डाकघर,ढेंना व अन्य जगहों में टैंगोर निवासियों के खुले हुए नए खाते जिला परिषद सदस्य, मुखिया, सरपंच एवं डाक अधीक्षक महोदय के हाथ से खाता धारकों को पासबुक सुपुर्द किया गया ।उक्त आशय की जानकारी डाक अधीक्षक कटिहार ने दी है।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली एवं शब-ए-बरात मनाने की थानाध्यक्ष मानुतोष कुमार ने की अपील



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। आजमनगर थाना अध्यक्ष मानुतोष कुमार द्वारा रंगों का त्योहार होली एवं शब-ए- बरात को लेकर आजमनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की थानाध्यक्ष मानुतोष कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दोनों समुदाय के गणमान्य लोग शामिल हुए ।बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में क्षेत्र के त्रिस्तरीय पंचायती राज के बुद्धिजीवी समाजसेवी एवं गणमान्य बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया उक्त बैठक को संबोधित करते हुए आजमनगर पंचायत के मुखिया डॉ भरत कुमार राय आदि ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की लोगों से अपील की असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने की अपील की आजमनगर थानाध्यक्ष मानुतोष कुमार ने कहा डीजे बजाना,अश्लील गाने शराब के नशे में एवं जोर जबरदस्ती किसी भी व्यक्ति को रंग लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा की हुड़दंग मचाने वाले शरारती तत्वों को किसी भी शर्त पर छोड़ा नहीं जाएगा उन्होंने कहा चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि हुड़दंग करने वालों पर नजर रखी जा सके ऐसे व्यक्ति जो हुड़दंग करेंगे उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर मुखिया डॉ भरत कुमार राय, पूर्व जिला पार्षद रामजी केशरी, नीमोल सरपंच मुकीमुउद्दीन, प्रभाष भगत, आदि सहित दर्जनों गणमान्य प्रतिनिधि शांति समिति की बैठक में उपस्थित रहे।

# आम के पेड़ में मंजर आने से किसान खुश

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। हसनगंज प्रखंड के विभिन्न गावों में आम के पेड़ों पर मंजर के लगने से किसान काफी खुश नजर आ रहे हैं। उन्हें आशा है कि ओलावृष्टि, तेज हवा व लाही नहीं लगी तो आम की पैदावार अच्छी होगी। मंजर को देख सभी किसान आम के पेड़ों के मंजर को बचाने की तैयारी में लग चुके है। किसान सुबोध विश्वास, मो दाऊद, रामदयाल उरांव, मो सफीक आदि लोगों ने बताया कि मंजर देख अंदाजा लगाया जा सकता है की आम के पेड़ों में फल ज्यादा लगेगा। सभी चीजों की दामों में वृद्धि होने के बावजूद क्षेत्र के लोग आम सस्ता होने का अंदाजा लगा रहे हैं। वहीं प्रखंड अंतर्गत गावों में विभिन्न किस्म के आम जैसे सुरजापुरी, मालदा, लंगड़ा आदि पेड़ों की संख्या भरमार है। सभी किसान अपने खेतों में आम के पेड़ लगाने का शौक रखते हैं। कई अन्य जगहों के ठेकेदार लोग आम के पेड़ों के मंजर देख ही ठेका लेते हैं और उसमें दवा व कीटनाशक का प्रयोग कर शुरू से ही बचाव में जुट जाते हैं। ताकि फल लगने से उसे अच्छी आमदनी हो सके। संबंधित प्रखंड कृषि कर्मियों ने कहा कि फल वाले तनों में पानी रख-रखाव संबंधित उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। उनके द्वारा कीटनाशक दवाओं आदि के छिड़काव के बारे में आम किसानों को बताया जा रहा है। वहीं क्षेत्र के बड़े बुजुर्ग आम के पेड़ों में मंजर देखते हुए कहते है कि इस बार आंधी भी ज्यादा आएगी। जब जब आम के पेड़ों में ज्यादा मंजर लगती है तब तब आंधी तूफान आने की संभावना भी काफी रहती है। सभी संभावित परेशानियों के बावजूद क्षेत्र के किसान आम के पेड़ों पर मंजर देख काफी खुश है।

# विधायक ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। मरंगी नारायणपुर यादव टोला एवं बंदर टोला के बीच नवनिर्मित पीसीसी ढलाई सड़क का मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने उद्घाटन करते हुए कहा कि विकास कार्यों में युवाओं को बढ़-चढ़कर आगे आने जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं को दूर करने में पंचायत जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग जरूरी हैं,उन्होंने कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र की जो भी समस्याएं सामने आई हैं उसे प्राथमिकता के साथ निष्पादन करने की दिशा में ठोस पहल की गई हैं और यह सभी विकास कार्य जमीन पर दिख भी रही हैं, उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से कटिहार मनसाही मनिहारी एवं प्राणपुर प्रखंड आपस में ना सिर्फ जुड़ जाएंगे बल्कि लोगों की आवागमन को लेकर दूरी भी घटेंगे। इस मौके पर सभा का संचालन राजद के जिला सचिव संतोष यादव कर रहे थे उन्होंने कहा कि विधायक के द्वारा जो विकास कार्य चल रहे हैं उनकी जितनी तारीफ की जाए उतनी कम होगी। इस मौके पर पंचायत के मुखिया शंकर यादव ने विधायक के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर राजद के जिला सचिव संतोष यादव,मरंगी पंचायत के मुखिया शंकर यादव, अब्दुल मन्नान,भगवान प्रसाद यादव अविनाश कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# लैब टेक्नीशियन के स्थाई सरकारी नियुक्ति पर विदाई समारोह

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में पिछले बारह वर्ष से अपनी सेवा दे रहे प्रयोगशाला प्रावैधिक राजीव कुमार के सरकारी नियुक्ति पर फॉरबिसगंज पदस्थापना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. के डी पंडित की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर समारोह का संचालन कर रहे अस्पताल कर्मी राजीव रमण ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी राजीव कुमार एक सुलझे हुये व्यक्ति हैं, वे अपने कार्य व कर्तव्यों के प्रति पूरी तरफ निष्ठावान हैं उनके इसी कार्य के प्रति ईमानदारी को देखते हुए सरकार ने अररिया जिले के फारविसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में स्थाई नियुक्ति बिहार सरकार के कर्मी के रूप में हुई। मौके पर डॉ. केडी पंडित ने कहा कि राजीव कुमार 2010 से 2022 तक संविदा कर्मी के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में पदस्थापित थे,अब वे बिहार सरकार के स्थाई नियुक्ति पर फॉरविसगंज जा रहें,उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लेब के राजीव रमण,डॉ. प्रेमराज, डॉ. राकेश रौशन, डॉ. मनीष कुमार मनुवंश,क्लर्क पुष्कर राज, लेखापाल अनिमेष कुमार, रविशंकर कुमार, रवि पंडित कमलकिशोर रजक, एएनएम शबाना आजमी, सेजल जयसवाल, चंचल कुमारी, बबिता कुमारी, रंजना कुमारी , रोमा कुमारी,विकास पासवान,कमल किशोर झा,पिकेश कुमार आदि मौजूद थे।

## सरकारी योजनाओं में नहीं चलेगा पिसी का खेल

# कार्य के प्रति जो जेई दिलचस्पी नहीं लेंगे,डीएम से संघ करेगी शिकायत

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। आजमनगर प्रखंड में मुखिया संघ अध्यक्ष

पद हेतु जनप्रतिनिधियों ने एक बैठक बुलाई ।जहां सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर मुकुरिया मुखिया मो.मस्लेउद्दीन उपाध्यक्ष पद पर आलमपुर मुखिया गजाला प्रवीण वहीं कोषाध्यक्ष पद पर आजमनगर मुखिया डॉ. भरत राय को सर्वसम्मति से जनप्रतिनिधियों ने अपना समर्थन देकर चुनने का काम किया ।बताते चलें मुखिया संघ अध्यक्ष चयन के लिए केशरी चौक स्थित जीवन ज्योति पुस्तकालय के सभागार में बैठक आयोजित हुई थी ।जहां कई मुद्दों पर चर्चा हुई ।बैठक की अध्यक्षता मर्वतपुर मुखिया मो.नजरुल आलम ने की बैठक में प्रखंड क्षेत्र के28मुखिया में से25मुखिया शामिल हुए ।यूं कहें इतने मुखियाओं का समर्थन प्राप्त हुआ बैठक में सभी मुखियाओं ने कई मुद्दों पर विस्तार से आवाज बुलंद की दूसरी बार मुखिया संघ अध्यक्ष बनने पर मस्लेउद्दीन ने सहयोगी मुखियाओं को संबोधित करते हुए कहा।

*संघ खोलेगी भ्रष्ट कर्मियों के विरुद्ध मोर्चा:- *

भ्रष्ट कर्मियों के विरुद्ध आवाज बुलंद करेंगे जनप्रतिनिधियों के लिए जो मुख्यालय में भवन बना है ।उसे जनप्रतिनिधियों के सम्मान में खाली कराने की बात कहे ।साथ हीं कई योजनाएं भी बनाए गए तत्पश्चात संगठन की मजबूत पर मुखिया संघ कअध्यक्ष का चयन हुआ बैठक में आजमनगर मुखिया डॉ भरत राय ने मुकुरिया पंचायत के पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष मो.मस्लेउद्दीन को पुनःदूसरी बार मुखिया संघ अध्यक्ष चयन के लिए प्रस्ताव रखे सभी मुखियाओं ने एक स्वर में मो.मस्लेउद्दीन को आजमनगर मुखिया संघ अध्यक्ष निर्विरोध चयन किया ।वहीं उपाध्यक्ष गजाला प्रवीण कोषाध्यक्ष डॉ भरत राय बनाए गए ।अध्यक्ष बनने के बाद

*दुबारा विश्वास जताने के लिए आभार:- *

मसलेउद्दीन ने कहा सभी जनप्रतिनिधियों ने मुझ पर जो भरोसा जताया पिछली बार की तरह इस बार भी भरोसे पर खरा उतरने का काम करेंगे ।संघ की यह टीम भ्रष्ट कर्मियों के खिलाफ मोर्चा खोलने की भी बात कही और कहा मौजूदा वक्त में मनरेगा योजनाओं में जेई की मनमानी से अपेक्षित गति नहीं मिल रही इससे मजदूरों के पलायन को रोकना असंभव हो जाएगा जिला प्रशासन अगर मामले को गंभीरता से नहीं लेगी तो आने वाले दिनों में मनरेगा में करने योग्य काम बहुत होंगे लेकिन तब मजदूरों की कमी का दंश झेलना पड़ सकता है ।क्यों कि जेई 8किलोमीटर के रेंज से बाहर रहते हैं ।जब कि उनको8किलोमीटर के अंदर रहना है।

*बघौरा मुखिया ललन विश्वास ने रखी अपने मन की बात:- *

वहीं आजमनगर मुखिया संघ अध्यक्ष चुनाव के मौके पर बघौरा पंचायत के मुखिया ललन विश्वास ने अपने मुखिया सहयोगियों को संबोधित करते हुए कहा वर्तमान समय में

विपरीत परिस्थितियों से गुजरते हुए सभी जीत कर आए हैं ।अधिकांश नए और कुछ पुराने हैं ।सभी को मशक्कत करनी पड़ी है ।कोई काम पंचायत में शुरू होता है ।तो तुरंत राजनीत शुरू हो जाती है ।इसलिए सभी से अनुरोध है ।कार्य के प्रति पूरी पारदर्शिता बरतें जो जेई पीटीए काम नहीं करते हैं। या कार्य के प्रति दिलचस्पी पूरी पारदर्शिता के साथ नहीं दिखा रहे उनके विरुद्ध मोर्चा खोलें सरकार की जो प्राक्कलित योजना की राशि बनती है ।उसी के अनुरूप कार्य करें ।जो कर्मी पिसी मांगे इसकी शिकायत संघ से करें संघ का शिष्टमंडल वरीय अधिकारी से मिलकर संबंधित कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करेंगे ।लेकिन वर्तमान परिस्थिति में पंचायतों की स्थिति ठीक नहीं है ।इसलिए कार्य करने से पहले पूरी बारीकी से योजनाओं की जांच कर लें तभी कार्य शुरू करें।

## संक्षिप्त समाचार

### कैसे लक्ष्य की प्राप्ति होगी इस पर ध्यान दें विद्यार्थी :विजय कुशवाहा

मदरलैंण्ड संवाददाता,बेतिया। ठकराहा तुलसी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज के सेमिनार हॉल में सोमवार को वर्ग दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक सह प्राचार्य प्रो. विजय कुशवाहा व मुख्य अतिथि मोहन सिंह ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में 11वीं की छात्राओं ने मंगलाचरण गीत प्रस्तुति दी। इस क्रम में वर्ग पांचवीं से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बीच में 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं को वर्ग नवम एवं ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने विदाई दी। विदाई भाषण संस्थान के प्राचार्य प्रो. संजय कुशवाहा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में वे क्या-क्या कर सकते हैं और कैसे लक्ष्य की प्राप्ति करेंगे। इस पर विस्तार से विद्यार्थियों को समझाया गया। कार्यक्रम का संचालन गणित के शिक्षक रामप्रवेश यादव एवं अंग्रेजी के शिक्षक मंतोष यादव द्वारा की गई। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने-अपने उद्बोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं आगे भी अनुशासन में रहने की सलाह दी गयी। कार्यक्रम में शिक्षक विकास तिवारी, बृजेश सिंह, मंतोष यादव, छोटे यादव, जवाहर यादव व शिक्षिकाओं में सावित्री, श्वेता कुशवाहा उपस्थित थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिया, मनीषा, सभ्या खातून, रानी, अवनीश, गोपाल वर्मा, राजेश यादव, दुर्गा, मनीष, अफसाना खातून, छोटू का सराहनीय योगदान रहा।

### मानपुर थाना क्षेत्र से एक शराबी गिरफ्तार गया जेल

मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ मानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से शराब पीकर हंगामा करने के मामले में एक को भेजा गया जेल। मानपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार तिवारी ने बताया कि सूचना मिली कि चक्रसन गांव में कोई व्यक्ति शराब पीकर शोर शराबा कर रहा हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचनार्थ पर पहुंच देखा गया कि शराब के नशे में उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद कलूपुरा निवासी पप्पू सोनार ने हंगामा कर रहा हैं। नशे के हालत में तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।

### रसोईया को मिला चार लाख अनुग्रह अनुदान, दलालों ने खा लिया एक लाख

मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा सहोदरा थाना क्षेत्र के देवाढ में कार्यरत रसोइया की मृत्यु पर मिलने वाले अनुग्रह राशि में से एक लाख रुपये सुविधा शुल्क रूप में वसुल की गयी है। यह मामला जमुनिया पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवाढ़ की है। उक्त विद्यालय में कार्यरत रसोईया की मृत्यु 2019 में हुई थी। सरकार द्वारा अनुग्रह राशि के रूप में मृत रसोईया के परिजनों को 4 लाख रुपया सरकार द्वारा दी गयी थी। जिसमें से गौनाहा बीआरसी में कार्यरत शिक्षक हरिमोहन शर्मा ने एक लाख रुपये अपने खाते में मृतक के पुत्र से ट्रांसफर करवा लिया था। यह आरोप मृतक के पुत्र सरोज कुमार ने लगाया है। इस मामले से संबंधित सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें मृतक के पुत्र सरोज कुमार का कहना है कि हरिमोहन कुमार शर्मा के द्वारा दो बार मे एक लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कराए गए है। उनके द्वारा बताया गया कि हमसे हरिमोहन कुमार शर्मा डरा धमका कर पैसा ट्रांसफर करा लिया गया है। हरिमोहन कुमार शर्मा के द्वारा मृतक के पुत्र को बताया गया की ऊपर के पदाधिकारियों को भी देना पड़ता है। अगर यह राशि नही दिया गया तो यह राशि लौट जाएगी। मृतक के पुत्र से दो बार मे पैसा ट्रांसफर कराया गया है। इससे संबधित हरिमोहन कुमार का एक ऑडियो वायरल हुआ है जिसमे एक लाख रुपये लेने की पुष्टि हुई है। इधर बीईओ अरविंद कुमार भारती ने बताया कि यह मामला उन लोगों का व्यक्तिगत है। इधर शिक्षक हरि मोहन कुमार शर्मा का कहना है कि मैंने मृतक के पुत्र से एक लाख रुपया उधार लिया था, जिसको नगदी के रूप में वापस कर कागज बनवा लिया है। उसका साक्ष्य मेरे पास उपलब्ध है।

### 21 बिजली उपभोक्ताओं का कनेक्शन कटा, बिजली विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी



मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा माधोपुर पंचायत के मरजदी गांव में बिजली विभाग द्वारा की गई छापेमारी में अवैध ढंग से बिजली जलाने के आरोप में 7 विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया है। विदित हो कि विगत कई दिनों से बिजली विभाग द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे बिजली विभाग के सुपरवाइजर विभूति कुमार ने बताया कि मरजदी गांव व अमोलवा गांव में की गयी छापेमारी में यह पाया गया कि नेसार अहमद, शिवनाथ यादव, सरस्वती देवी, नागेंद्र राम, किशुनदेव यादव, गौरीशंकर शर्मा व रामलखन पटवारी बिजली बिल बिना जमा किये अवैध ढंग से बिजली जला रहे है। यही कारण है कि उनका कनेक्शन काट दिया गया है। ऐसे ही मंझरिया पंचायत के अमोलवा गांव के 14 बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल बकाया होने के कारण उनका बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। बिजली विभाग के आलाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अब अवैध ढंग से बिजली जलाने वालो पर प्रशासनिक कार्रवाई तय है। छापेमारी दल में मुकेश कुमार शुक्ला, प्रमोद कुमार, मुकेश कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, सूरज कुमार व रूपेश कुमार शामिल थे।

### नेपाली शराब और बाइक के साथ गिरफ्तार कारोबारी को भेजा गया जेल

मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। बिहार में शराबबंदी कानून पालन कराने को लेकर सरकार व प्रशासन लगातार प्रयासरत है। यहां तक कि शराबबंदी कानून में कई तरह के बदलाव भी किया गया लेकिन कारोबारी अपना कारोबार करने से बाज नही आ रहे है, हालांकि प्रशासन भी नकेल कसने में कोई कसर नही छोड़ रही है। वही होली पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग दिख रही है। इसी क्रम में सूचना के आलोक में करवाई करते हुए साठि पुलिस ने एक शराब कारोबारी को नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान भभटा निवासी राम विलास प्रसाद उर्फ भुलाई साह के रूप में की गई है। साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया की सूचना के आलोक में करवाई करते हुए ने 16 लीटर 5 सौ ग्राम नेपाली व देसी शराब के एक कारोबारी को बाइक सहित जब्त किया गया है जिसे बिहार मधनिषेध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# पत्रकार प्रशासन जनप्रतिनिधि के साथ होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

» मदरलैंण्ड संवाददाता



बेतिया। भितहा -बगहा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत गण्डक पार भितहा थाना के ठीक सामने एस टी एक्स ए पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पत्रकार ,प्रशासन , जनप्रतिनिधि के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ होली के गीत गाकर किया गया जहा गुलाल अबीर लगाकर सभी एक दूसरे के साथ खुशिया बटोरते हुये होली के गीतों पर झूमे सभी लोगो के साथ जमकर गड़गड़ाती रही तालिया। नारायणी प्रेस क्लब के संरक्षक अरबिंद नाथ तिवारी ने अपने संबोधन में बताया कि एक समय था की इस गण्डक पार के भितहा क्षेत्र मिनी चम्बल के नाम से जाना जाता था जहां चारो तरह खेतो में हरियाली की तरह दस्यु सरगना लहलहाते नजर आता था आज के युग मे जनप्रतिनिधियों समाजसेवी से यह क्षेत्र अमन चैन शांति से लहलहा रहा है चारो तरफ विकाश नजर आ रहा है ओहि नारायणी प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में बताया कि प्रेस क्लब पत्रकारों के हित के लिए बनाया गया है कभी कभी समाचार संकलन के दौरान पत्रकार साथियो के साथ इत्याचार ,हनन के साथ उनके कार्यो में बाधा डालने वाले लोगो से कई दिकते परेशानिया आ जाती है जिसको लेकर एक आवाज उठाने वाली यह संस्था है इस मौके पर कई पत्रकार साथियो ने संगठन का हिस्सा बन सदस्यता ग्रहण किया संस्था के तरफ से दर्जनों पत्रकारो को इन्सुरेंस दिया गया। नारायणी प्रेस क्लब सभी देश वाशियो से अपील करता है कि होली रंगों का पर्ब है जो हर ब्यक्ति के अन्दर जोश व उत्साह के साथ उमंग पैदा करता है जिसे पूरे हर्षोल्लास के साथ साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखते हुये होली का पर्ब मनाए। भितहा थानाध्यक्ष अनवर अली हुसैन ने बताया कि पुलिस व प्रेस संबंध हमेशा रहा है लेकिन उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस का मतलब यह भी नही की डण्डा मिल गया तो कही भी सड़क पर नही भांजे। साथ ही पत्रकार भी समाज के आईना के साथ कलम के सिपाही है कुछ भी लिखने से पहले घटना की पूरी पुष्टि कर लेखन प्रेषित करे। मौके पर मौजूद जिला परिषद सुशील शर्मा ने बताया कि यह सुदूरवर्ती क्षेत्र है यहां एक डिग्री कॉलेज की आवश्कता है जिनके तरफ से सभी पत्रकार साथियो को कलम व डायरी देकर समानित किया गया साथ ही सभी बरिय पदधिकारियो को अंग वस्त्र ओढ़ाकर समानित किया गया। इस मौके पर क्लब के महासचिव ठाकुर संजय द्विवेदी , संरक्षक इजरायल अंसारी , कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार , जितेंद्र यादव , महा सचिव अजय सिंह चंदेल , विजय कुमार शर्मा , नरेंद्र पांडेय , बिबेक पांडेय , संजीव तिवारी धनन्जय यादव संवाददाता प्रथा प्रतिज्ञा , जनार्दन यादव संवाददाता सत्याग्रह टाइम्स भितहा इत्यादि तमाम लोग मौजूद रहे।

## कलवार समाज के लोगो ने होली मिलन समारोह किया आयोजित

### सभी ने जमकर उड़ाया गुलाल



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेतिया। बगहा समाज को एक सूत्र में बांधने का पर्व है होली। होली में गरीब अमीर छोटे बड़े जाति से ऊपर उठ कर एक दूसरे के साथ सभी गमों को भूल कर रंग अबीर खेल पुराने गमों को भुलने का पर्व होली है। उक्त बातें होली मिलन समारोह के दौरान नगर के समाजसेवी विष्णु प्रकाश गुप्ता ने कही। होली मिलन समारोह का आयोजन सबसे पहले दीप प्रज्वलित कर किया गया। कलवार समाज के द्वारा समाज के अध्यक्ष अजय गुप्ता के परिसर मे पुरे बृहत रूप से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के तमाम प्रबुद्धजन समाजसेवी व अन्य लोगों की भागीदारी रही। समारोह को संबोधित करते हुए संत जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एमडी संजय कुमार ने बताया कि सभी को एकजुट हो समाज का कल्याण करना होगा। वही उत्तर प्रदेश से आए श्रीकांत गुप्ता ने बताया कि होली का पर्व एकता व भाईचारे का पर्व है। समारोह के दौरान सभी लोग एक दूसरे को रंग अबीर लगा होली की बधाइयां देते रहे। कलवार समाज के अध्यक्ष अजय गुप्ता के द्वारा कराए गए होली मिलन समारोह में समाज के उपाध्यक्ष संजय जयसवाल, अशोक गुप्ता, प्रवक्ता दिवाकर गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी मृत्युंजय कुमार गुप्ता,सतीश कुमार, सुधीर कुमार, मनोज कुमार, रामेश्वर प्रसाद, दीपक कुमार, पिंटू गुप्ता, चंद्रशेखर गुप्ता, मनोज जायसवाल के साथ दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## मां सोना भवानी के प्रांगण में शत चंडी महायज्ञ को लेकर पूजा समिति की बैठक सम्पन्न हुई



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेतिया। ठकराहा प्रखण्ड के सुप्रशिद्ध मंदिर मां सोना भवानी के प्रांगण में शत चंडी महायज्ञ को लेकर पूजा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में चैत नवरात्र के अवसर पर आयोजित शतचंडी महायज्ञ की तैयारी पर विचार-विमर्श किया गया। समिति ने निर्णय लिया की महायज्ञ में इस वर्ष भव्य कलश यात्रा निकलेगी। तथा पहले के तरह प्रवचन व भंडारा का आयोजन भी होगा। गत दो वर्ष कारोना को लेकर महायज्ञ में कलश यात्रा व अन्य कार्यक्रम नही हो सका। जबकि समिति ने निर्णय लिया की इस वर्ष सब ठीक रहा तो जलयात्रा के साथ यज्ञ परिसर में प्रवचन व अन्य कार्यक्रम आयोजन होगा। पूजा समिति के संयोजक कृष्ण मुरारी तिवारी ने बताया कि मां सोना भवानी के दरबार में वर्ष 1996 से प्रत्येक चैत्र नवरात्र में शतचंडी महायज्ञ का आयोजन अनवरत होता आ रहा है। नवरात्र प्रारंभ से शुभारंभ होने वाला माह यज्ञ नवरात्र समाप्ति के दिन समापन होगा। महायज्ञ में दिन में वाराणसी के विद्वान पंडितों द्वारा पूजन तथा रात्रि में मां के दरबार में स्मिता शास्त्री के द्वारा प्रवचन किया जायेगा। बैठक में रमेश कुमार तिवारी, सुभाष तिवारी, रामचंद्र साह, अशर्फी यादव, शंभू तिवारी, चंद्र प्रकाश तिवारी, रवि तिवारी शशि प्रताप तिवारी, असर्फी यादव,संदीप तिवारी, व्यास चौबे, विनोद कुमार तिवारी, मनोज तिवारी , दिवाकर मिश्रा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## पर्यटन के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है नरकटियागंज-गौनाहा मुख्य पथः कार्यपालक अभियंता

» मदरलैंण्ड संवाददाता

- भितिहरवा गांधी आश्रम व रमपुरवा अशोक स्तंभ के लिंक पथ से जुड़ती है यह सड़क

बेतिया। गौनाहा बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग द्वारा नरकटियागंज से मंगूराहां तक बनायी जा रही 25ङ्173 किलोमीटर लम्बी सड़क पर्यटन के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। इस पथ से महात्मा गांधी की ऐतिहासिक कर्म भूमि भितिहरवा गांधी आश्रम तथा महात्मा बुद्ध की ऐतिहासिक धरती रमपुरवा अशोक स्तम्भ को लिंक पथ से जोड़ती है। वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के मंगूराहां वन क्षेत्र से भी यह पथ सीधे जुड़ती है। इस पथ से पर्यटक भितिहरवा गांधी आश्रम, रमपुरवा अशोक स्तम्भ तथा मंगूराहां वन क्षेत्र का भ्रमण कर प्राकृतिक दृश्यों का आनंद ले सकते है। पर्यटकों की यहां आने में अब कोई कठिनाई नही होगी। कम समय मे पर्यटक यहां पहुंच कर यहां के ऐतिहासिक स्थलों तथा प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते है। पथ प्रमंडल बेतिया के पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता संजय कुमार सिंह बताते है कि इस पथ का निर्माण कार्य संवेदक आदित्या इंटरप्राइजेज कंपनी खाजपुर पटना द्वारा करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि 61ङ्82 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क की चौड़ाई 18 फिट है। इस पथ का निर्माण अवधि 2 वर्ष का है। अर्थात पथ का निर्माण कार्य फरवरी 2023 तक पूरा कर लेना है। विदित हो कि फरवरी 2021 में इस पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास राज्य सभा संसद सतीश चंद्र दुबे ने मंगूराहां में की थी। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सड़क के निर्माण कार्य मे गुणवत्ता के सभी मानकों को ध्यान में रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस पथ में 13 छोटी-बड़ी पुलिया तथा 3 उच्चस्तरीय आरसीसी पुल का निर्माण किया जा रहा है। सहायक अभियंता विकास चन्द्र ने बताया कि पथ का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है ताकि इस वर्ष बरसात के पहले ही पथ निर्माण कार्य को पूरा किया जा सके। इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद नरकटियागंज से गौनाहा आने जाने में जहां एक से डेढ़ घण्टा समय लगता था अब 30 से 45 मिनट में 25 से 26 किलोमीटर की दूरी तय की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि यह बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सहायक अभियंता विकास चन्द्र व कनीय अभियंता राजेश कुमार को पथ का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि पथ निर्माण कार्य के गुणवत्ता में अगर कोई गड़बड़ी हुई तो उक्त कंपनी पर कारवाई होगी। इधर कनीय अभियंता राजेश कुमार का कहना है कि बिजली विभाग की उदासीनता के कारण इलेक्ट्रिक पोल सिफ्टिंग में कुछ जगहों पर कार्य मे विलम्ब हो रहा है। इसके बावजूद भी काम मे तेजी लायी गयी है तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जा रहा है।

## वार्ड सदस्यों के द्वारा प्रखंड वार्ड सदस्य संघ का गठन किया गया



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेतिया।भितहा क्षेत्र के रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय अजय नगर रेडहा के प्रांगण में प्रखंड के सभी वार्ड सदस्यों की बैठक की गई। जिसमें उपस्थित वार्ड सदस्यों के द्वारा प्रखंड वार्ड सदस्य संघ का गठन किया गया। जिसमें वार्ड उपस्थित सदस्यो ने सर्वसम्मति से सुमन देवी पति मुकेश गौड़ को अध्यक्ष पद के लिए चुना वही उपाध्यक्ष पद के लिए हदीशन नेशा पुत्र मंजर इमाम को चुना गया तथा सचिव पद के लिए सुमन देवी पति मृत्युंजय राय को चुना गया। इसके अलावा संघ के और सदस्यों का भी चुनाव किया गया। जिस में उपस्थित सभी वार्ड सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। वही निर्वाचित संघ के सभी पदाधिकारियों ने कहा कि वार्ड सदस्यों के द्वारा जो हम लोगो जिम्मेवारी सौंपी गई है हम लोग उसका बखुबी से पालन करेंगे। वार्ड सदस्यों की जो भी समस्या आएगी पंचायत से लेकर प्रखंड और जिला तक हम लोग पहुंचाएंगे। बैठक में यह निर्णय किया गया कि संघ की बैठक हर माह में कराई जाएगी और विभिन्न पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा भी होगी। साथ ही साथ वार्ड सदस्यों पर आने वाले समस्याओं को भी संघ के बैठक में रखा जाएगा।

## उत्पाद विभाग द्वारा ड्रोन कैमरे से की गई छापेमारी अवैध शराब के साथ पांच कारोबारी गिरफ्तार



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा ड्रोन कैमरे की मदद से गौनाहा थाना क्षेत्र के 6 गावो में उत्पाद विभाग व गौनाहा पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में 35 लीटर अवैध देसी चुलाई शराब के साथ पांच शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गौनाहा थाना का नेतृत्व कर रहा है थाना अध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा व एसआई विवेक कुमार विमलेंदु, ने बताया कि उत्पाद विभाग बेतिया के पुलिस बल तथा स्थानीय थाना कि महिला पुलिस, बीएमपी के जवानों और चौकीदारों की मदद से गौनाहा थाना क्षेत्र के रूपवलिया, मंडीहा, बखरी, सलेमपुर, सीठी, अहरार पिपरा में ड्रोन कैमरे की निगरानी से छापेमारी की गई। जिसमें मंडिहा गांव के आनंद उरांव के घर से 9 लीटर, फुल कुमारी देवी घर से 15 लीटर, सुखिया देवी के घर से 10 लीटर तथा अमृता देवी के घर से 1 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। उक्त शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर किया गया है। मंडिया गांव में पुलिस बल द्वारा 600 लीटर अर्ध निर्मित शराब को विनिष्ठ किया गया। ऐसे ही सीठी गांव में की गई छापेमारी में रामविनय महतो के घर से 4 लीटर अवैध शराब सहित कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया है कि शनिवार को दिन के डेढ़ बजे से शाम 6 बजे तक छापेमारी की गयी। उंन्होने ने बताया की गिरफ्तार शराब कारोबारी आनंद उरांव, फूलकुमारी देवी, सुखिया देवी, अमृता देवी, रामविनय महतो को रविवार को जेल भेज दिया गया।

## बिजली का करंट लगने से हुई करीमन चौधरी की मौतं



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव निवासी वार्ड नम्बर 14 के कैलाश चौधरी के बड़े पुत्र करीमन चौधरी (43) की मौत रविवार को बिजली का करंट लगने से हो गयी। घटना के सम्बंध में परिजन बताते है कि करीमन चौधरी रमपुरवा अशोक स्तम्भ के समीप अपने खेत मे पानी पटा रहे थे। इसी बीच 11 हजार वोल्ट के तार के सम्पर्क में आ गया, जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। आनन-फानन में उसे गौनाहा रेफरल अस्पताल में लाया गया, जहाँ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिकुमार व डॉ. विवेक विकास ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौनाहा पुलिस द्वारा लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बेतिया भेज दिया गया है। मृतक अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक अपने पीछे अपनी विधवा पत्नी बच्ची देवी, एक शादी-शुदा लड़की अंजली देवी (24), पुत्र भगत कुमार(18), नीतीश कुमार (13) तथा पुत्री खुशबू कुमारी (10) को अपने पीछे छोड़ गया है। उनके इस आकस्मिक मौत से पूरे गांव में मातम छाए हुए है। उनके इस आकस्मिक मौत की खबर सुनकर पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी, बच्चे व परिवार के अन्य सदस्य दहाड़े मारकर रो रहे थे। रो-रो कर उनका बुरा हाल हो रहा है

# तीन दर्जन से अधिक महिलाओ को दी गई स्वयं सहायता समूह की जानकारी

» मदरलैंण्ड संवाददाता



बेतिया। ठकराहा तीन दर्जन से अधिक महिलाओ को दी गई स्वयं सहायता समूह की जानकारी, एक नए समूह की हुई गठन। गोरखपुर एन्वायरमेंटल एक्सन ग्रुप संस्था ने ठकराहा प्रखण्ड के ठकराहा, बेलवारीपट्टी तथा धूमनगर गांव के तीन दर्जन से अधिक महादलित मुसहर समुदाय के वैसी महिलाओ को स्वयं सहायता समूह का प्रशिक्षण दिया जो महिलाएं आज के दौर में भी स्वयं सहायता समूह के महत्व को नहीं समझ पायी थी। संस्था के माध्यम से महिलाओ को बेलवारीपट्टी में दलित समुदाय के लिए बने सामुदायिक शेड में तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। गोरख पुर से आये प्रशिक्षक जयशंकर प्रसाद ने बताया कि महिलाओं को पाच सूत्री मन्त्र यानि गठन, बैठक, बचत,लेनदेन, कर्ज वापसी तथा लेखा जोखा की विस्तृत जानकारी दी गयी। संस्था के प्रखण्ड कोऑर्डिनेटर प्रेमशंकर सिंघ ने बताया कि संस्था के सर्वे के अनुसार प्रखण्ड में महादलित के मुसहर समुदाय की अधिकांश महिलाए आज के दौर में भी स्वयं सहायता समूह से अनभिज्ञ थी। आज भी उन महिलाओ के लेनदेन साहूकारो से ही चलता है। उन महिलाओं को साहूकारो के चुंगल से मुक्त करने व उनके आर्थिक व सामाजिक उत्थान को लेकर पी डब्ल्यू सी के सहयोग से संस्था ने महिलाओ को नास्ता भोजन देकर समूह के गठन संचालन आदि की विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही धूमनगर के दियारे में आदि मानव की स्थिति में जी रहे महादलित महिलाओ के बीच स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओ ने जहा जीईएजी संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया वही गठित समूह का सफल संचालन करने का शपथ भी लिया। महिलाओ ने बताया कि खेल के माध्यम से उन्हें वो प्रशिक्षण दिया गया जो उनके जिंदगी के रंग बदल देगा।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# अब डिजिटाइज होगी व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी

## रजिस्ट्रेशन और फंक्शन के लिए जारी हुआ नोटिफिकेशन



मुंबई, एजेंसी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर व्हीकल्स (रजिस्ट्रेशन और व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी अमेंडमेंट) नियम, 2022 से संबंधित मसौदा अधिसूचना जारी किया है। ये मोटर व्हीकल्स (रजिस्ट्रेशन और वाहन स्क्रैपिंग फैसिलिटी) के नियम दिनांक 23 सितंबर 2021 में संशोधन हैं, जो रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी की स्थापना के लिए प्रक्रिया निर्धारित करते हैं। ये संशोधन, इकोसिस्टम के सभी हितधारकों, जैसे वाहन मालिकों, आरवीएसएफ ऑपरेटरों, डीलरों, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारों आदि के लिए वाहन स्क्रैपिंग की प्रक्रिया को सरल और डिजिटल बनाने के लिए किए गए हैं। ये संशोधन, नियमों पर प्राप्त फीडबैक के आधार पर किए गए हैं। कारोबार में आसानी सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रियाओं को समयबद्ध बनाया गया है। मसौदा अधिसूचना वाहन मालिकों को वाहन स्क्रैपिंग के लिए डिजिटल रूप से आवेदन करने का प्रावधान करती है और वाहन स्क्रैपिंग के लिए सभी आवेदन डिजिटल रूप से जमा करने होंगे। आरवीएसएफ वाहन मालिकों को अपने वाहनों को स्क्रैप करने के लिए डिजिटल रूप से आवेदन करने में मदद करने के लिए सुविधा केंद्र के रूप में कार्य करेगा। वाहन मालिक द्वारा आवेदन जमा करने से पहले वाहन डेटाबेस से की जाने वाली आवश्यक जांच को निर्दिष्ट किया गया है। इन जांचों में शामिल हैं- वाहन का किराया-खरीद, सीज या अवधारणा समझौता जमा करना, नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के रिकॉर्ड में वाहन के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, वाहन पर कोई बकाया नहीं है और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों द्वारा वाहन को ब्लैकलिस्ट करने का कोई रिकॉर्ड नहीं है। इनमें से किसी भी जांच में विफल रहने वाले वाहनों के लिए आवेदन जमा नहीं किए जाएंगे।

वाहन जमा करने के समय वाहन मालिक और आरवीएसएफ ऑपरेटर द्वारा वचन-पत्र की शुरूआत से यह सुनिश्चित होगा कि स्क्रैपिंग के लिए प्रस्तुत करने से पहले और बाद में वाहन की जिम्मेदारी में पारदर्शिता बरती गई है। स्क्रैपिंग के लिए प्रस्तुत वाहन से संबंधित अधिक विवरण जमा प्रमाण पत्र में शामिल करना, ताकि उक्त प्रमाण पत्र के कारोबार में पारदर्शिता को सक्षम बनाया जा सके। उक्त प्रमाण पत्र वाहन मालिकों को डिजिटल रूप से उपलब्ध होंगे और इनकी वैधता अवधि 2 वर्ष की होगी। जमा के हस्तांतरण प्रमाणपत्र की शुरूआत यह सुनिश्चित करने के लिए कि इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग के माध्यम से जमा प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं के पास लेनदेन का डिजिटल प्रमाण मौजूद है।

# सोने का आयात चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह में बढ़कर 45 अरब डॉलर पहुंचा



नई दिल्ली, एजेंसी। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह (अप्रैल-फरवरी) में देश का सोने का आयात 73 प्रतिशत बढ़कर 45.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मांग बढ़ने से सोने का आयात में बढ़ोतरी हुई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में सोने का आयात 26.11 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार फरवरी, 2022 में बहुमूल्य धातु का आयात हालांकि 11.45 प्रतिशत घटकर 4.7 अरब डॉलर रह गया। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह में सोने का आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा भी बढ़ा है। 2021-22 के पहले 11 माह में व्यापार घाटा बढ़कर 176 अरब डॉलर हो गया है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 89 अरब डॉलर रहा था। चीन के बाद भारत सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की जरूरत को पूरा करने के लिए किया जाता है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर में रत्न एवं आभूषणों का निर्यात 57.5 प्रतिशत बढ़कर 35.25 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक के अनुसार चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में देश का चालू खाते का घाटा (कैड) 9.6 अरब डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद का 1.3 प्रतिशत रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन कोलिन शाह ने कहा कि अप्रैल-फरवरी, 2022 के दौरान सोने का मासिक आयात औसतन 76.57 टन रहा है, जो सामान्य स्तर से कम है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में सोने का आयात 842.28 टन रहा है, जो सामान्य आयात से कम है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी बाजार से दो उत्पाद वापस लेगी मैकलियॉड्स फार्मा

मुंबई, एजेंसी। मैकलियॉड्स फार्मास्युटिकल्स विनिर्माण मानदंडों को पूरा करने में विफल रहने के कारण अमेरिकी बाजार से अपने दो उत्पाद वापस मंगा रही है। अमेरिकी खाद्य एवं दवा प्रशासन (यूएसएफडीए) की रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। मैकलियॉड्स की अमेरिकी दवा इकाई एम्लोडेपिन और ओल्मेसर्टन मेडोक्सोमिल टैबलेट की 3,672 बोतलें बाजार से वापस मंगा रही है। इन दवाओं का इस्तेमाल उच्च रक्तचाप के इलाज में होता है। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक के अनुसार, न्यू जर्सी की कंपनी मैकलियॉड्स फार्मा यूएसए इंक अच्छे विनिर्माण व्यवहार को पूरा करने में विफल रहने की वजह से इन दवाइयों को बाजार से वापस मंगा रही है। इन दवाइयों का विनिर्माण मुंबई की कंपनी मैकलियॉड्स फार्मा ने अपने हिमाचल प्रदेश के बद्दी संयंत्र में किया है।

### रतनइंडिया फिनटेक मंच के लिए मार्च, 2023 तक बैंकों से गठजोड़ करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। रतनइंडिया एंटरप्राइजेज ने अगले वित्त वर्ष के आखिर मार्च, 2023 तक सभी बैंकों के साथ गठजोड़ की योजना बनाई है। कंपनी हाल में वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कारोबार में उतरी है। फिलहाल कंपनी के वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच बैंकसे का ऋण उत्पादों की पेशकश के लिए 21 बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ करार है। रतनइंडिया के चेयरपर्सन राजीव रतन ने कहा कि हमारा अगले वित्त वर्ष के अंत तक सभी बैंकों के साथ करार का इरादा है। सभी बैंक हमारे मंच पर अपने उत्पादों की पेशकश करेंगे। उन्होंने दावा कि दोपहिया और व्यक्तिगत ऋण की मंजूरी मात्र दो मिनट में दी जाती है। रतन ने कहा कि आगे चलकर हम अपने मंच से और उत्पाद जोड़ेंगे। हमारा विचार सभी वित्तीय उत्पादों के लिए पूर्ण मार्केटप्लेस बनने का है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हमारा मंच ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ पेशकश की तुलना करने की भी सुविधा देता है। यह ऐसा है जिसमें पूंजी का जोखिम नहीं है। क्रेडिट स्कोर की जांच और कर्ज देने का काम वित्तीय संस्थान करते हैं। बैंक या वित्तीय संस्थान रिजर्व बैंक के दिशानिदेर्शों के अनुसार ही कर्ज देते हैं। बैंकसे एक पूर्ण डिजिटल वित्तीय एग्रीगेटर मंच है जिस पर एंड्रॉयड मोबाइल वेब पोर्टल के जरिये पहुंचा जा सकता है।

### एफपीआई ने भारतीय बाजारों से अब तक निकाले 45,608 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारतीय बाजारों से निकासी का सिलसिला लगातार छठे महीने जारी है। मार्च में अब तक एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 45,608 करोड़ रुपए निकाले हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि एफपीआई मान रहे हैं कि जिंस कीमतों में तेजी से भारत अधिक प्रभावित होगा। इसकी वजह यह है कि भारत कच्चे तेल का प्रमुख आयातक है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने दो से 11 मार्च के दौरान शेयरों से 41,168 करोड़ रुपए निकाले हैं। इसके अलावा उन्होंने ऋण या बांड बाजार से 4,431 करोड़ रुपये तथा हाइब्रिड माध्यमों से नौ करोड़ रुपये की निकासी की है। इस तरह उनकी शुद्ध निकासी 45,608 करोड़ रुपए रही है। यह लगातार छठा महीना है जबकि एफपीआई भारतीय बाजारों में बिकवाल बने हुए हैं। मुख्य रूप से एफपीआई वित्तीय और आईटी कंपनियों के शेयर बेच रहे हैं। इसकी वजह है कि एफपीआई के पोर्टफोलियो में सबसे अधिक इन्हीं शेयरों की हिस्सेदारी है। इसके अलावा अगस्त-सितंबर, 2021 से डॉलर मजबूत हो रहा है। अमेरिका में ब्याज दरें भी अब बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव की वजह से भी उनकी निकासी बढ़ी है।

### एसबीआई ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरें बढ़ाई

मुंबई, एजेंसी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने होली से पहले करोड़ों ग्राहकों को एक तोहफा दिया है। बैंक ने डॉमेस्टिक बल्क डिपॉजिट पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। ये नई दरें 10 मार्च से प्रभावी हो गई हैं। बल्क डिपॉजिट से आशय 2 करोड़ रुपए और इससे ज्यादा के फिक्स्ड डिपॉजिट से है। बैंक ने दरों में 20 से 50 आधार अंकों तक का इजाफा किया है। बैंक ने 211 दिन से लेकर एक साल तक के टर्म डिपॉजिट पर ब्याज दरों को 3.1 से बढ़ाकर 3.30 फीसदी कर दिया है। इसी तरह एक साल से लेकर 10 साल तक के विभिन्न बल्क टर्म डिपॉजिट पर ब्याज दरों को 3.10 से बढ़ाकर 3.60 कर दिया गया है। भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ऑफिशियल वेबसाइट पर बताया कि ये नई ब्याज दरें 10 मार्च, 2022 से लागू हो गई हैं। एसबीआई अपने सीनियर सिटीजन कस्टमर्स को भी इसका लाभ देगी। बैंक ने 211 दिन से लेकर एक साल तक के टर्म डिपॉजिट पर ब्याज दरों को 3.60 से बढ़ाकर 3.80 फीसदी कर दिया है। इसी तरह एक साल से लेकर 10 साल तक के विभिन्न बल्क टर्म डिपॉजिट पर ब्याज दरों को 3.60 से बढ़ाकर 4.10 कर दिया गया है। एसबीआई ने बताया कि इन नई एफडी दरों का लाभ नई डिपॉजिट कराने के साथ ही पुरानी डिपॉजिट को रिन्यू कराने पर भी मिलेगा। इसके साथ ही मैच्योरिटी के पहले एफडी निकालने पर एक फीसदी जुमार्ना देना होगा।

# डीएसएफ-तीन तेल दौर की बोली एक अप्रैल से: डीजीएफ



नई दिल्ली, एजेंसी। खोज किए गए छोटे क्षेत्रों की नीति (डीएफएस-तीन) के बोली दौर के तहत 75 छोटे और सीमान्त तेल एवं गैस खोजों की नीलामी एक अप्रैल से शुरू होगी। हाइड्रोकॉर्बन महानिदेशालय (डीजीएफ) ने यह जानकारी दी है। इन क्षेत्रों में ज्यादातर ओएनजीसी के पास है। इन क्षेत्रों के लिए तीसरी बोली का दौर 10 जून, 2021 को शुरू किया गया था। बोलियां जमा करने की मूल तारीख 31 अगस्त, 2021 थी। हालांकि इसे टालकर 29 अक्टूबर, 2021 कर दिया गया। उसके बाद इसकी शुरूआत को फिर टालकर एक फरवरी, 2022 किया गया। यह 15 मार्च, 2022 को संपन्न होनी थी। बोली की तिथि नजदीक आने के साथ इसे फिर बिना कोई वजह बताए टाल दिया गया। डीजीएफ ने कहा कि डीएसएफ बोली दौर- तीन के तहत बोलियां जमा करने की शुरूआत एक अप्रैल, 2022 से होगी। यह 16 मई, 2022 को संपन्न होगी। डीएसएफ-तीन के तहत 32 अनुबंधित क्षेत्रों की पेशकश की जाएगी। इनमें 75 क्षेत्र शामिल हैं जो कुल 13,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक में फैले हैं। सरकार ने डीएसएफ को अक्टूबर, 2015 में शुरू किया था। इसका मकसद सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया की उनकी खोजों का मौद्रीकरण करना था जिन्हें अभी बाजार में नहीं चढ़ाया जा सका है। डीएसएफ के दो बोली दौर 2016 और 2018 में आयोजित किए गए थे। इनके तहत 101 क्षेत्रों के साथ 54 अनुबंधित क्षेत्रों की पेशकश की गई थी।

# चाय उद्योग ने सरकार से मांगा विशेष वित्तीय पैकेज



कोलकाता, एजेंसी। चाय उद्योग ने सरकार से विशेष वित्तीय पैकेज की मांग की है। चाय उद्योग के प्रतिनिधियों ने कहा है कि यह क्षेत्र गंभीर संकट का सामना कर रहा है और वित्तीय पैकेज के बिना इसको आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाए रखना मुश्किल है। चाय उद्योग के निकायों की हाल में वाणिज्य पर संसद की स्थायी समिति के साथ बैठक हुई थी जिसमें क्षेत्र के समक्ष आ रही चुनौतियों के बारे में ज्ञापन भी दिया गया। भारतीय चाय संघ (आईटीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस बैठक में उद्योग के सामान्य मुद्दों पर विचार किया गया। इसमें विशेष रूप से दार्जिलिंग की चाय की चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि दार्जिलिंग में चाय का उत्पादन काफी अधिक घट गया है। यह 1.2 करोड़ किलोग्राम से घटकर 60 लाख किलोग्राम रह गया है। दार्जिलिंग में चाय का उत्पादन घटने के कई कारण हैं। वहां पहाड़ी क्षेत्र की वजह से चाय बागानों का विस्तार संभव नहीं है। इसके अलावा पुनः पौधरोपण भी काफी मुश्किल है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा दार्जिलिंग की चाय के दाम लगातार नीचे आ रहे हैं। 2016 से 2021 के दौरान दार्जिलिंग की चाय के दाम सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत घटे हैं। दार्जिलिंग का चाय उद्योग आर्थिक रूप से व्यावहारिक नहीं रह गया है। निर्यात में भी अन्य से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में हम चाहते हैं कि चाय उद्योग की मदद के लिए सरकार वित्तीय पैकेज प्रदान करे। उन्होंने कहा कि उद्योग ने बैंकों से पूंजीगत ऋण पर ब्याज सहायता की भी मांग की है।

# रूस-यूक्रेन विवाद और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले से तय होगी बाजार की चाल



मुंबई, एजेंसी। रूस और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर के निर्णय और घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति के आंकड़ों से इस सप्ताह शेयर बाजारों की चाल तय होगी। बाजार के विश्लेषकों का मानना है कि बाजार में अभी उतार-चढ़ाव का सिलसिला बना रहेगा। एफओएमसी की बैठक, रूस-यूक्रेन संघर्ष इस सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण वैश्विक कारक रहेंगे। अभी रूस-यूक्रेन तनाव को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। फेडरल ओपन मार्केट कमिटी (एफओएमसी) की बैठक के नतीजे 16 मार्च को आएंगे। इन सबके बीच कच्चे तेल की कीमतें और विदेशी निवेशकों का रुख भी भारतीय बाजारों की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। मुद्रास्फीति के आंकड़े 14 मार्च को आएंगे। होली के मौके पर शुक्रवार 18 मार्च को बाजार बंद रहेंगे। सोमवार को बाजार भागीदार औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देंगे। इसी तरह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े भी आने हैं। अमेरिकी केंद्रीय बैंक की बैठक के नतीजे 16 मार्च को आएंगे। इन पर सभी की निगाह रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,216.49 अंक चढ़ा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 385.10 अंक के लाभ में रहा। बाजार के जानकारों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और अब निकट भविष्य में बाजार अन्य महत्वपूर्ण कारकों पर प्रतिक्रिया देगा। रूस-यूक्रेन भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, अर्थव्यवस्था पर मुद्रास्फीति दबाव को लेकर रिजर्व बैंक की प्रतिक्रिया आदि पर अब बाजार की निगाह रहेगी। इनके अनुकूल होने तक बाजार में उतार-चढ़ाव कायम रहेगा। रुपए का उतार-चढ़ाव, कच्चे तेल के दाम और विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुख भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेगा। रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिकी केंद्रीय बैंक की बैठक इस सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण घटनाक्रम हैं। घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

# बीते सप्ताह तेल-तिलहनों की कीमतों में सुधार का रुख रहा



नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक बाजारों में मांग बढ़ने और आयातित तेलों का भाव में बढ़ोतरी होने से बीते सप्ताह देशभर के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, सीपीओ सहित लगभग सभी तेल-तिलहनों के भाव सुधार के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि भारत अपनी खाद्य तेल जरूरतों का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है। यूक्रेन और रूस के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच पिछले लगभग डेढ़ महीने से मंडियों में सूरजमुखी तेल की आवक नहीं हो रही है। जो सूरजमुखी तेल थोड़ी बहुत मात्रा में आ भी रहा है, उसे अर्जेंटीना से आयात किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सूरजमुखी तेल की वैश्विक आवश्यकता के लगभग 80 प्रतिशत भाग की आपूर्ति यूक्रेन और रूस करते हैं। इन दोनों देशों के बीच छिड़े युद्ध के लंबा खिंचने से सूरजमुखी की अगली बिजाई प्रभावित होने की आशंका है। आयातित तेल के मुकाबले देशी तेल सस्ता होने की वजह से मांग बढ़ने के कारण भी तेल-तिलहनों के भाव में सुधार आया। अर्जेंटीना में सूरजमुखी तेल का दाम बढ़कर 2,300 डॉलर प्रति टन हो गया है जिसका रिफाइंड तेल देश में लगभग 200 रुपए किलो पड़ता है। इस भाव के मुकाबले मूंगफली का तेल लगभग 40 रुपए किलो सस्ता है। इसलिए सूरजमुखी के विकल्प के रूप में मूंगफली के साथ-साथ सरसों की भी खपत बढ़ी है। यह सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में सुधार का मुख्य कारण है।

जानकारी के मुताबिक मांग बढ़ने से अपने पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 225 रुपए के सुधार के साथ 7,725-7,750 रुपए प्रति क्विंटल हो गया। सरसों दादरी तेल 1,075 रुपए सुधरकर 16,300 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें भी पर्याप्त सुधार के साथ बंद हुईं। विदेशी बाजारों में तेजी के बीच सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के भाव क्रमशः 275-275 रुपए के सुधार के साथ क्रमशः 7,775-7,825 रुपए और 7,475-7,575 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन तेल कीमतों में भी सुधार रहा। सोयाबीन दिल्ली, इंदौर और सोयाबीन डीगम के भाव क्रमशः 750 रुपए, 810 रुपए और 520 रुपए का सुधार दशार्ते क्रमशः 17,150 रुपए, 16,810 रुपए और 15,720 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली दाने का भाव 425 रुपए के सुधार के साथ 6,850-6,945 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ, जबकि मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली सॉल्वेंट के भाव क्रमशः 1,220 रुपए और 175 रुपये सुधरकर क्रमशः 16,020 रुपए प्रति क्विंटल और 2,645-2,835 रुपए प्रति टिन पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताहांत में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का भाव 1,050 रुपए बढ़कर 15,150 रुपए क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव भी 600 रुपए के सुधार के साथ 16,700 रुपए और पामोलीन कांडला का भाव 650 रुपए के सुधार के साथ 15,450 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बिनौला तेल का भाव भी 550 रुपए के सुधार के साथ 15,350 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# टाटा स्टील ने की रूसी कोयले के विकल्प की तलाश शुरू




कोलकाता, एजेंसी। टाटा स्टील ने कहा कि वह रूस और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के बीच रूसी आपूर्तिकताओं और बैंकों के साथ अनिश्चितता का सामना कर रही है और कोयले के आयात के लिए वैकल्पिक बाजारों की तलाश कर रही है। टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने कहा कि रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद के भू-राजनीतिक हालात ने यूरोप में इस्पात निर्यात के नए अवसर भी खोले हैं। इस संघर्ष के चलते रूस और यूक्रेन की आपूर्ति बाधित होने से यूरोप में 4.5 करोड़ टन इस्पात की कमी हो गई है। नरेंद्रन ने सीआईआई पूर्वी क्षेत्र की वार्षिक बैठक में कहा कि टाटा स्टील कोयले के आयात के लिए वैकल्पिक बाजारों की तलाश करेगी। इस समय रूसी आपूर्तिकताओं और बैंकरों को लेकर काफी अनिश्चितता है। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील अपनी कोयला जरूरतों का 10-15 फीसदी रूस से खरीदती है। उन्होंने कहा कि कंपनी के यूरोपीय परिचालन के लिए उत्तरी अमेरिका से अधिक कोयला खरीदना होगा। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील बेहतर मार्जिन के लिए दक्षिणी यूरोप को अधिक निर्यात करने पर जोर देगी। यदि यूक्रेन-रूस संघर्ष अगले कुछ महीनों तक जारी रहता है, तो लागत में वृद्धि सभी को प्रभावित करेगी।

# रुचि सोया 24 मार्च को पेश करेगी एफपीओ




नई दिल्ली, एजेंसी। रुचि सोया ने शेयर बाजार को बताया कि बोर्ड की एक समिति ने रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) को मंजूरी दे दी है। बोर्ड ने बोली के लिए निर्गम को 24 मार्च को खोलने और 28 मार्च को बंद करने की मंजूरी भी दी। कंपनी को पिछले साल अगस्त में एफपीओ लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिली थी। रुचि सोना ने जून 2021 में ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया था। डीआरएचपी के अनुसार रुचि सोया कुछ बकाया कर्ज को चुकाने, अपनी कार्यशील पूंजी संबंधी जरूरतों और अन्य सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए निर्गम से मिली आय का इस्तेमाल करेगी। पतंजलि ने 2019 में 4,350 करोड़ रुपए में एक दिवाला प्रक्रिया के माध्यम से रुचि सोया का अधिग्रहण किया था। कंपनी के प्रवर्तकों के पास फिलहाल करीब 99 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी को एफपीओ के इस दौर में कम से कम नौ फीसदी हिस्सेदारी बेचनी है। सेबी के नियमों के मुताबिक कंपनी में कम से कम 25 फीसदी सार्वजनिक हिस्सेदारी होनी चाहिए। प्रवर्तकों के पास अपनी हिस्सेदारी को घटाकर 75 फीसदी करने के लिए करीब तीन साल का समय है।

# सेंसेक्स की प्रमुख नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.91 लाख करोड़ बढ़ा

## प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंसपहले स्थान पर बरकरार रही

मुंबई, एजेंसी। पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 1,91,434.41 करोड़ रुपए बढ़ा है। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में सिर्फ आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन नीचे आया। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 49,492.7 करोड़ रुपए बढ़कर 16,22,543.06 करोड़ रुपए, इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 41,533.59 करोड़ रुपए बढकर 7,66,447.27 करोड़, टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 27,927.84 करोड़ रुपए बढ़कर 13,31,917.43 करोड़ रुपए और भारती एयरटेल का 22,956.67 करोड़ रुपए बढ़कर 3,81,586.05 करोड़ रुपए पहुंच गया। सप्ताह के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 17,610.19 करोड़ रुपए बढ़कर 4,92,204.13 करोड़ रुपए पर और एचडीएफसी बैंक की 16,853.02 करोड़ रुपए बढ़कर 7,74,463.18 करोड़ रुपए पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार मूल्यांकन में 7,541.3 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 4,19,813.73 करोड़ रुपए रहा। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 5,308.61 करोड़ रुपए बढ़कर 4,00,014.04 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी ने सप्ताह के दौरान 2,210.49 करोड़ रुपए जोड़े और उसका बाजार पूंजीकरण 4,04,421.20 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस रुख के उलट आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 7,023.32 करोड़ रुपए के नुकसान के साथ 4,71,047.52 करोड़ रुपए रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## रोनाल्डो सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर बने

लंदन, एजेंसी। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो ने प्रीमियर लीग में टोटेनहम के खिलाफ गोल करते ही विश्व फुटबॉल में एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। रोनाल्डो अब विश्व फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर बन गये हैं। रोनाल्डो ने 807 गोल के साथ ही पेशेवर फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल स्कोरर के रूप में अपना नाम दर्ज किया है। रोनाल्डो ने सबसे ज्यादा गोल की दौड़ में जोसेफ बीकन को पीछे छोड़ा। बीकन के नाम 805 गोल हैं।

क्रिस्टियानो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से खेलते हुए 12वें मिनट में अपने करियर का 805वां गोल किया। वहीं हैरी केन ने 35वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। 38वें मिनट में रोनाल्डो ने जादोन सांचो के शानदार क्रॉस को गोल में बदल कर करियर का 806 वां गोल किया और सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने। प्रीमियर लीग में भी रिकॉर्ड किया।



वहीं टोटेनहम के हैरी मगुइर ने 72वें मिनट में गोल करके चलते स्कोर 2-2 कर दिया और इस प्रकार मैनचेस्टर ने बढ़त खो दी। मैनचेस्टर ने इसके बाद तब बढ़त बनाई जब रोनाल्डो ने 81वें मिनट में एक हैट्रिक लगायी। रोनाल्डो ने पिछले 13 कैलेंडर वर्षों में से प्रत्येक में क्लब स्तर पर हैट्रिक लगायी है। यह रोनाल्डो के करियर की 59वीं हैट्रिक थी और 2008 के बाद से ओल्ड ट्रैफर्ड के लिए उनकी पहली हैट्रिक थी।

रोनाल्डो ने इसी के साथ ही अपने क्लब करियर की 49वीं हैट्रिक बनाई और अगस्त 2003 (37साल और 146 दिन) में टेडी शेरिंघम के बाद तिहरा नेट करने वाले प्रीमियर लीग के इतिहास में दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। इसके अलावा रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए अपना 94वां और 95वां

## विराट की जरुरत बनी रहेगी : डु प्लेसी

बेंगलुरु, एजेंसी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के नये कप्तान फाफ डु प्लेसी ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा है कि विराट ने कप्तानी छोड़ दी है पर अब भी टीम को हर कदम पर उनके जोश और उर्जा की जरुरत रहेगी। विराट के पिछले सत्र में ही कप्तानी छोड़ने की घोषणा के बाद अब डु प्लेसी को कप्तान बनाया गया है। डु प्लेसिस ने कप्तान बनने पर कहा कि कोहली कप्तान नहीं रहने के बाद भी जिस प्रकार का जुनून और उर्जा खिलाड़ियों में भरते हैं वह अहम है। इसलिए उनकी उर्जा का पूरा उपयोग किया जाएगा। डु प्लेसी के अनुसार कोहली की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट में बदलाव आये हैं। एक खिलाड़ी के रूप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है, इसलिए बल्लेबाजी के अलावा कप्तान के तौर पर भी टीम के लिए बेहतरीन काम किया था। इसी कारण भारतीय क्रिकेट में बदलाव आया है।



टीम के पास कोहली के अलावा ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक जैसे और खिलाड़ी भी हैं जिन्हें फ्रेंचाइजी क्रिकेट में कप्तानी का अच्छा अनुभव है। डु प्लेसी ने हालांकि कहा कि टीम को स्टार खिलाड़ी एबी डिविलियर्स की कमी महसूस होगी। इस खिलाड़ी की जगह लेना बेहद कठिन है। साथ ही कहा कि विश्व का कोई भी खिलाड़ी डिविलियर्स की कमी पूरी नहीं कर सकता। दुनिया में ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं है जो एबी के जगह लेने का प्रयास करे। उसका दर्जा काफी बड़ा है। मेरे पास कुछ बड़े खिलाड़ी हैं लेकिन वे कभी एबी की उपलब्धि की बराबरी नहीं कर सकते। डिविलियर्स आरसीबी के स्टार बल्लेबाज रहे हैं पर संन्यास लेने के कारण अब वह आईपीएल में नजर नहीं आयेंगे।

संक्षिप्त समाचार

### विश्व कप तक ही ब्राजील के कोच रहेंगे टिटे

साओ पाउलो, एजेंसी। ब्राजील को कतर में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के बाद नया कोच तलाशना होगा। इसका कारण है कि कोच टिटे ने दिसंबर में होने वाले विश्व कप फुटबॉल के बाद अपना पद छोड़ने की घोषणा की है। टिटे ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा, हमैं विश्व कप के अंत तक ही टीम के साथ रहूंगा। यह इस बारे में बात करने का यह समय नहीं है पर मैं किसी चीज को छिपाना भी नहीं चाहता। हूहू गौरतलब है कि टिटे साल 2016 से ही टीम के साथ जुड़े हुए हैं। साठ साल के टिटे ने हालांकि खुलासा नहीं किया कि वे विश्व कप के बाद क्या करेंगे। ब्राजील की टीम ने कतर में होने वाले विश्व कप में पहले ही अपनी जगह पक्की कर ली है हालांकि दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर के अभी दो दौर के मुकाबले शेष हैं। ब्राजील में आमतौर पर कोच का अनुबंध नहीं बढ़ाया जाता इसके बाद भी साल 2018 में उनका अनुबंध बढ़ाया गया था।

### रूट इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने



एंटीगुआ, एजेंसी। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया है। इसी के साथ ही रुट इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हैं। वहीं रूट पहली पारी में केवल 13 रन बना पाये थे। इस शतक के साथ ही रुट इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर आ गये हैं। उन्होंने पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के 23 शतकों का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ा है। इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक शीर्ष पर हैं। कुक के नाम 33 शतक हैं जबकि रूट के नाम 24 और पीटरसन के नाम 23 शतकों का रिकार्ड है। वहीं दिग्गज खिलाड़ी वैली हेमंग के नाम 22 और माइकल कॉलिन काउड्रे के नाम 22 शतक हैं।


## एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण में भारतीय टीम की खराब शुरूआत, जर्मनी ने हराया

भुवनेश्वर, एजेंसी। भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण के शुरुआती मैच में ही हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम को जर्मनी ने पैनाल्टी शूट आउट में 2-1 से हराया। इस मैच में तय समय तक दोनो ही टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। च की शुरूआत के चौथे ही मिनट में नवनीत कौर ने एक गोल कर भारतीय टीम को बढ़त दिला दी थी पर इसके एक मिनट बाद ही जर्मनी की केलोर्टा सिपेल ने एक गोल कर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया।



दोनों ही टीमों को इसके बाद गोल करने के कई अवसर मिले पर उन्हें सफलता नहीं मिल पायी। निर्धारित समय तक स्कोर स्कोर 1-1 से बराबर था जिस कारण मैच शूट आउट में पहुंच गया। शूट आउट में भारत की ओर से केवल नवनीत ही गोल कर पायी। वहीं जर्मनी की ओर से पॉलिन हेंज और सारा स्ट्रॉस ने गोल कर अपनी टीम को जीत दिला दी।

इससे पहले प्रो लीग के पहले चरण में भारतीय टीम ने मस्कट में शुरुआती दो मैचों में चीन को 7-1 और 2-1 से हराया था। इसके बाद पिछले महीने ही विश्व की छठे नंबर की टीम स्पेन को अपनी ही धरती पर 2-1 से हराया था हालांकि दूसरे चरण में उसे 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद भी भारतीय टीम अब तक 5 मैच में 10 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रही है। वहीं जर्मनी की टीम तीन मैच में केवल दो अंक के साथ छठे स्थान पर है।



ब्रिटेन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में जीत के बाद उत्साहित रोनाल्डो।

## अय्यर की शानदार पारी से भारत ने बनाये 252, श्रीलंका 86/6

बेंगलुरु, एजेंसी। श्रेयस अय्यर की शानदार पारी की सहायता से भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां मेहमान टीम श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी पहली पारी में 252 रन बनाये। दिन रात्रि के इस मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और टीम के अन्य बल्लेबाजा श्रीलंकाई गेंदबाजों के खिलाफ उम्मीद के अनुसार पदर्शन नहीं कर पाये। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने भी पलटवार करते हुए दिन का खेल समाप्त होने के समय तक श्रीलंकाई पारी के छह विकेट 86 रनों के अंदर ही गिरा दिये। दिन का खेल समाप्त होने समय निरोशन डिकवेला 13 और लासिथ इमबुलदिनिया 0 रन बनाकर क्रीज पर थे।



श्रीलंकाई टीम की पहली पारी की शुरुआत भी खराब रही। भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह ने श्रीलंकाई ओपनर कुशल मेंडिस को 2 रन पर श्रेयस के हाथों कैच आऊट करा दिया बुमराह के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने श्रीलंकाई कप्तान करुणारत्ने को चार रन पर ही आउट कर दिया। इसके बाद शमी ने डीसिल्वा को 10 रन पर आउट कर श्रीलंका का चौथा विकेट गिरा दिया।


बुमराह ने इसके बाद लाहिरु थिरमाने को भी 8 रन पर ही आउट कर दिया। भारत की ओर से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अंतिम क्षणों में अनुभवी बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज को विकेट लिया। मैथ्यूज ने 85 गेंदों पर 43 रन बनाए। इस मैच से वापसी कर रहे अक्षर पटेल ने असलांका को केवल 5 रन ही आउट कर दिया।

इससे पहले भारतीय पारी के दौरान रविन्द्र जडेजा नाकाम रहे और 4 रन बनाकर आउट हो गये। ऋषभ पंत 39 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। अय्यर ने अच्छी बल्लेबाजी कर भारतीय टीम को संभाला। अय्यर ने शानदार अर्धशतक लगाया।

कप्तान रोहित शर्मा भी इस मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये और 15 रनों पर ही आउट हो गये।

## आईएसएल में हैदराबाद एफसी ने बागान को हराया

बैम्बोलिन, एजेंसी। हैदराबाद एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए एटीके मोहन बागान को हरा दिया। यह हैदराबाद की बागान पर पहली जीत है। हैदराबाद ने दूसरे सेमीफाइनल के पहले चरण में बागान को 3-1 से हराया। इस जीत के साथ ही टीम अब सेमीफाइनल के दूसरे मैच में बढ़े हुए मनोबल के साथ उतरेगी। इस हार के बाद इस सत्र में दोनों टीमों के बीच मुकाबला बराबरी पर आ गया है। इस सत्र के पहले मैच में दोनों ने ही 2-2 से ड्रा खेला था जबकि दूसरे मैच में बागान ने 2-1 से विजयी रहा था। इस मैच का पहला गोल 18वें मिनट में रॉय कृष्णा ने किया।



इस प्रकार बगान को 1-0 की बढ़त मिल गयी। हाफ टाइम से पहले बाथोलोम्यू ओग्बेचे ने एक गोल कर हैदराबाद को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। ओग्बेचे ने हैडर से एक गोल किया। ओग्बेचे का यह इस सत्र में 18वां गोल है और उन्होंने इसी के साथ ही कोरो के एक सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने के आईएसएल रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। उनके अब कुल 53 गोल हो गए हैं, जो कि आईएसएल में सबसे ज्यादा गोल हैं। 58वें मिनट में मोहम्मद यासिर ने गोल करके हैदराबाद को 2-1 बढ़त दिला दी। 64वें मिनट में हावी सिवेरिओ ने हैडर से गोल करके हैदराबाद को 3-1 से आगे कर दिया।

## आईसीसी ने वेस्टइंडीज की महिला टीम पर लगाया जुर्माना



हैमिल्टन, एजेंसी। आईसीसी महिला विश्व कप के तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम से हारी वेस्टइंडीज पर दोहरी गाज गिरी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस मैच में धीमी ओवर गति के लिए भारतीय टीम पर मैच फीस का 40 फीसदी जुर्माना लगाया है। एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के शांद्रे फ्रिट्ज द्वारा वेस्टइंडीज की कप्तान स्टैफनी टेलर की ओर से तय समय से दो ओवर कम डालने पर यह जुर्माना लगाया गया है। मैदानी अंपायर एलोइस शेरिडन और पॉल विल्सन, तीसरे अंपायर अहमद शाह पकतीन और चौथे अंपायर रुचिरा पल्लियागुरुगे ने इंडीज टीम पर धीमे ओवर रेट के आरोप लगाये थे।

आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है। उसके तहत खिलाड़ियों पर मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना लगाया जाता है, जब उनकी टीम आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहती है। वहीं टेलर ने अपनी गलती मान और जुर्माना स्वीकार कर लिया जिस कारण औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। इस मैच में स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर के शतकों से भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 155 रनों से हराया।

## विलियमसन, बोल्ट और साउथी आईपीएल के शुरूआती मैचों में खेल सकेंगे

### नीदरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए अलग टीम तैयार कर रहा न्यूजीलैंड

क्राइस्टचर्च, एजेंसी। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड अब नीदरलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए एक अलग टीम तैयार कर रहा है। इस टीम में केवल उन्हीं क्रिकेटरों को शामिल किया गया है जो आईपीएल नहीं खेल रहे हैं। ऐसे में केन विलियमसन, ट्रेंट बोल्ट और टिम साउथी सहित सभी 12 कीवी खिलाड़ी शुरुआती मैचों से ही आईपीएल से जुड़ सकेंगे जबकि पहले इन खिलाड़ियों का शुरू के मैचों में खेलना संदिग्ध था।

न्यूजीलैंड को नीदरलैंड के साथ 26 मार्च को एकमात्र टी-20 मैच खेलना है जबकि इसके बाद 3 एकदिवसीय मैच 29 मार्च से शुरू होंगे यह 4 अप्रैल तक चलेंगे। अगर न्यूजीलैंड के यह 12 खिलाड़ी बोर्ड रोक लेता तो वह आईपीएल के पहले दो सप्ताह उपलब्ध नहीं होने थे क्योंकि भारत में आकर इन्हें आईपीएल से पहले अपना क्वारंटाइन भी पूरा करना था। अब न्यूजीलैंड के ये खिलाड़ी अगले सप्ताह भारत के लिए रवाना हो जाएंगे ताकि अपनी टीमों के साथ अभ्यास कर सकें।



वहीं ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन गुजरात टाइटन्स तो इसी सप्ताह टीम में शामिल हो जाएंगे। जबकि डेवान कॉनवे, डेरिल मिशेल 15 मार्च तक टीम से जुड़ेंगे।

वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों का शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध है। उसके खिलाड़ी बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज खेलेंगे। इस दौरान आठ दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी आईपीएल के शुरुआती कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। इसी कारण भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से बातचीत कर रहा है ताकि इन खिलाड़ियों को शुरुआत से खेलने का अवसर मिल सके। । अगर राहत मिलती है तो अफ्रीकी स्टार भी आईपीएल के शुरूआत में ही उपलब्ध हो सकते हैं।

## बोनर और होल्डर की साझेदारी से वेस्टइंडीज ने ड्रॉ कराया पहला टेस्ट

सेंट जोंस, एजेंसी। इंग्लैंड और मेजबान टीम वेस्टइंडीज के बीच यहां पहला क्रिकेट टेस्ट मैच ड्रॉ रहा है। इस मैच में जीत के लिए मेजबान टीम वेस्टइंडीज को 70 ओवर में जीत के लिए 286 रनों का लक्ष्य मिला था। इसका पीछा करते हुए, अंतिम दिन वेस्टइंडीज टीम खेल समाप्त होने के समय तक चार विकेट पर 147 रन ही बना पायी। बोनर 38 रन और होल्डर 37 रन बनाकर नाबाद रहे। इन दोनो ही खिलाड़ियों ने चार विकेट पर 67 रनों के स्कोर से पारी को आगे बढ़ाते हुए अपनी टीम को हार से बचाया। इससे पहले मेहमान टीम इंग्लैंड ने अंतिम दिन अपनी पारी घोषित कर दी थी। मेहमान टीम ने अंतिम दिन कप्तान जो रूट के 109 रनों की सहायता से दूसरी पारी लंच से पहले छह विकेट पर 349 रन पर घोषित कर दी थी। रुट ने इस पारी के दौरान अपना 24 वां शतक भी लगाया।



मेहमान टीम के स्पिनर जैक लीच ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी के तीन विकेट लिए 49वें ओवर में लीच की गेंद होल्डर के पैड पर लगी और उन्होंने अपील की पर इंग्लैंड ने रिव्यू नहीं लिया। इंग्लैंड ने अपना अंतिम रिव्यू 53वें ओवर में लिया जब लीच को लगा कि गेंद होल्डर के बल्ले का किनारा लेती हुई विकेटकीपर के पास गई पर यह रिव्यू भी बेकार गया।

58वें ओवर में बोनर को क्रेग ओवरटन की गेंद पर पगबाधा आउट किया गया पर बोनर ने रिव्यू लेने का फैसला किया। जिसके बाद अंपायर का फैसला बदल दिया गया और बोनर नाबाद रहे। इससे बोनर और होल्डर अंत तक डटे रहे दोनों ने 80 रन की नाबाद साझेदारी की। दोनों ने पहले पारी में भी 79 रन बनाये थे।

वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के पहली पारी के 311 और छह विकेट पर 349 रन की घोषित दूसरी पारी के जवाब में 375 और चार विकेट पर 147 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से दूसरी पारी में रुट के अलावा जैक क्रॉली ने भी शतक लगाया। क्रॉली ने 121 रन बनाए थे।

## शाकिब अपने रुख से पलटे, राष्ट्रीय टीम से खेलने तैयार हुए

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने अपने पहले वाले फैसले से पलटते हुए कहा है कि वह इस साल तीनों प्रारूपों टेस्ट, एकदिवसीय ओर टी-20 में राष्ट्रीय टीम से खेलने के लिए तैयार है। इससे पहले शाकिब ने दक्षिण अफ्रीका दौरे से इंकार करते हुए कहा कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रुप से तरोताजा होने के लिए ब्रेक की जरुरत है। वहीं बोर्ड अध्यक्ष नजमुल हसन से बातचीत के बाद शाकिब के रुख में बदलाव आया है। शाकिब ने कहा है कि मैं तीनों प्रारूपों में उपलब्ध रहूंगा और बोर्ड तय करेगा कि मुझे कब आराम देना है। मैं दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए उपलब्ध हूं।



अब मैं मानसिक रूप से बेहतर स्थिति में हूं। दक्षिण अफ्रीका जाने के बाद मैं बेहतर हो सकता हूं। कभी-कभी ऐसा होता है जब आप बेहतर माहौल में जाते हैं तो आप अच्छा महसूस करते हैं। नजमुल ने स्पष्ट किया कि दौरे में शामिल होना इस बात की गारंटी नहीं है कि शाकिब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पूरी श्रृंखला के लिए उपलब्ध होंगे।

बोर्ड अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि शाकिब को आराम भी मिले। नजमुल ने कहा कि पहले हमने उन्हें छुट्टी दे दी थी क्योंकि उन्होंने कहा था कि वह बेहतर मानसिक स्थिति में नहीं हैं और यह किसी के साथ भी हो सकता है। वहीं आज लंबी बातचीत के बाद शाकिब ने कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका सीरीज समेत सभी प्रारूपों में खेलने के लिए तैयार हैं। इससे पहले मैंने उन्हें आराम करने और शांत दिमाग से सोचने के लिए कहा था। वह आज बोर्ड कार्यालय आए और कहा कि वह खेलना चाहते हैं। हम सभी को उनका समर्थन करना चाहिए।

# ऑफिस यूनिफॉर्म में भी ट्रेंडी लुक के लिये टिप्स



**ऑफिस का यूनिफॉर्म पहनने का अर्थ यह नहीं है कि आप भी दूसरों जैसे ही दिखें! कई ऑफिस में यूनिफॉर्म पहनना पड़ता है। इस कारण अच्छा दिखने के लिए आप कपड़ों के साथ अलग अलग प्रयोग नहीं कर पाते। क्या आपको आश्चर्य हो रहा है कि आप यूनिफॉर्म में भी कैसे ट्रेंडी दिख सकते हैं? जानकारी के लिए पढ़ें। जब आपको ऑफिस में यूनिफॉर्म पहनना होता है तो अलग दिखना थोडा कठिन होता है। परंतु उसी समय यह भी निश्चित है कि आप अपने सहयोगियों से कुछ अलग दिखना पसंद करेंगे।**

अपने व्यवसाय की गरिमा को धक्का लगाए बिना मेकअप करना भी एक कला है। आपकी शैली आपके व्यवसाय को परिलक्षित करती है तथा कुछ मामलों में यह आपकी क्षमता के स्तर का भी सूचक होती है। यदि आपको आश्चर्य होता है कि ऑफिस यूनिफॉर्म में आप कैसे ट्रेंडी दिख सकते हैं तो ये आसान और प्रभावी उपाय अपनाएँ ताकि आप ऑफिस में कुछ अनोखी और अलग दिखें। इससे आप बेहतर दिखेंगी। एसेसरीज़ यदि आपके ऑफिस यूनिफॉर्म के साथ एसेसरीज़ पहनने पर कोई पाबंदी नहीं है तो आप विभिन्न शैली की एसेसरीज़ के साथ प्रयोग कर सकती हैं। विभिन्न प्रकार के हल्के आभूषण और एसेसरीज़ पहनें जो पहली नज़र में ही सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर ले। डिज़ाइनर बैग्स एक अलग बैग की चमक का स्थान कोई नहीं ले सकता। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका ऑफिस का यूनिफॉर्म कितना फीका है; यदि आप एक स्टाइलिश डिज़ाइनर बैग चुन सकते हैं तो भी आप अलग और आकर्षक दिख सकते हैं। यदि आप उच्च पेशेवर हैं तो कुछ अलग डिज़ाइन वाले ऑफिस बैग्स खरीदें। यह एक रोचक सलाह है जिसका उपयोग आप कर सकते हैं। हेयरस्टाइल आपकी शैली को व्यक्त करने में आपकी हेयरस्टाइल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक ही हेयरस्टाइल करने के बजाय विभिन्न प्रकार की हेयरस्टाइल करें। ऐसा न सोचें कि केवल बाल कटवाकर ही आप अपनी हेयरस्टाइल बदल सकती हैं। आप अलग अलग तरीके से कंघी करके, बालों को अलग प्रकार से बांध सकती हैं। आप हेयर कलर का भी प्रयोग कर सकती हैं परन्तु इस बात का ध्यान रखें कि यह अजीब न दिखे। घड़ी इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके ऑफिस का यूनिफॉर्म क्या है, एक अच्छी घड़ी आपको लग दिखने में मदद करती है। जहाँ पुरुष ब्रांडेड घड़ियाँ पहनना पसंद करते हैं वही महिलायें सस्ती परन्तु आधुनिक घड़ियाँ पहनना पसंद करती हैं। घड़ी पहनने के उद्देश्य के अलावा घड़ी आपकी गरिमा को भी प्रदर्शित करती है।

# 10 मिनट में दिखें जवां



**बीबी क्रीम** - बीबी क्रीम महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों के लिए 'मस्ट हैव' बनती जा रही है। ये न सिर्फ चेहरे के दाग धब्बे छुपाता है बल्कि टोंड त्वचा पाने में भी मदद करता है। बीबी क्रीम इस्तेमाल करने का सबसे बड़ा फायदा ये है कि इसके साथ आपको कुछ और इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ती।


**अंडर आई क्रीम**-आंखों के नीचे के एरिया से बढ़ती उम्र और तनाव का पता चलता है। इसे ठीक करने के लिए सबसे पहले अच्छी नींद और अच्छा खानपान शुरू करना होगा। इसके साथ रोजाना अंडर आई क्रीम का इस्तेमाल करना होगा जो आपको फ्रेश और यंग लुक देगा।

**हेयर वॉल्यूम स्प्रे** -बाल पतले होना काफी गंभीर समस्या है जो आज हर वर्ग के लोगों को है। पतले बाल आपको उम्र से पहले ही बूढ़ा बना देते हैं, इस समस्या से समाधान के लिए आपको एक अच्छे हेयर वॉल्यूम स्प्रे की जरूरत है। ये बालों को बाउंस और वॉल्यूम देते हैं। इसे इस्तेमाल करने के बाद पानी और बारिश से बचें।

**एंटी ऐजिंग प्रोडक्ट** -एंटी ऐजिंग क्रीम, फेसवॉश और मॉइस्चरीजर बढ़ती उम्र वाले लोगों के लिए आइडियल उत्पाद हैं। ये आपकी त्वचा को टाइट करते हैं और चेहरे में निखार आता है।

**फेस मिस्ट** -तैयार होने के बाद आपके चेहरे पर ताजगी बनी रहे उसके लिए 'फेस मिस्ट' परफेक्ट कॉस्मेटिक उत्पाद है। ये आपके चेहरे पर 'सीलिंग एजेंट' की तरह काम करते हैं।

# महिलाओं को ब्लड प्रेशर की समस्या में जरूरी है नारियल पानी



**नारियल पानी दोनों का अपना ही मजा है। नारियल पानी सेहत के लिए वरदान से कम नहीं है, क्योंकि इसके अंदर मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और पोषक तत्व आपके शरीर के लिए फायदेमंद तो होते ही है, लेकिन ये कई बीमारियों को भी आपसे कोसों दूर रखता है। नारियल पानी के कई ऐसे फायदे भी होता है जो आपके शरीर के लिए बेहद जरुरी भी होता है।**

**नारियल पानी के फायदेः**

ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में नारियल पानी काफी मदद करता है। नारियल पानी में मौजूद विटामिन सी, पोटैशियम और मैग्नीशियम ब्लड प्रैशर को कंट्रोल रखता है। नारियल पानी में कम कैलोरी होने की वजह से ये वजन घटाने में भी आपकी मदद करता है। नारियल पानी में पोटेशियम, मैग्नीज, सोडियम, कैल्शियम के अलावा प्रोटीन और फाइबर भी होता है।

बढ़ती गर्मी की वजह से आपका एनर्जी लेवल काफी कम हो जाता है। इसमें इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। नारियल पानी आपको ठंडक देने के साथ ही एनर्जी लेवल को भी बढ़ाता है।

# निमोनिया-डायरिया न बने जानलेवा

**बीमारियों के बारे में-**

**समझें इसके लक्षण**

निमोनिया व डायरिया वैसे तो सामान्य बीमारियां मानी जाती हैं लेकिन भारत में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की सर्वाधिक मृत्यु इन रोगों के कारण ही हो रही है। भारत में वर्ष 2015 में ही करीब 3 लाख बच्चों को इनके कारण जान गंवानी पड़ी है। हाल ही एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक रोग के लक्षणों को न समझ पाना व सही समय पर उपचार न मिल पाना इसकी वजह हैं। जानते हैं इन बीमारियों के बारे में-

**प्रमुख कारण**

डायरियाः दूषित भोजन व पानी, साफ-सफाई की कमी, छह माह तक ब्रेस्ट फीड कम कराना।

निमोनियाः बैक्टीरिया के संक्रमण, वातावरण में प्रदूषण, कुपोषण आदि।

लक्षणों से करें पहचान

डायरियाः बार-बार दस्त, अत्यधिक प्यास, आंखें चढना, कम यूरिन, जीभ सूखी व हाथ-पैर ठंडे पडना आदि। परेशानी बढने पर रक्तसंचार बाधित होकर अंग में विकार भी आ सकता है।

निमोनियाः जुकाम, बुखार, सांस लेने में दिक्कत। गंभीर स्थिति में बेहोशी, दौरे किसी अंग में विकार या जान भी जा सकती है।

**निमोनिया में रखें खयाल**

डेढ, ढाई और साढ़े तीन माह में एच इनफ्लूएंजा व न्यूमोकोकल का वैक्सीनेशन जरूर करवाएं।

दिन में कमरे की खिड़कियां आदि खोलकर रखें ताकि दूषित वायु बाहर निकल सके।

बच्चे को पोषक तत्त्वों से भरपूर आहार जैसे फल, हरी सब्जियां, दूध व दूध से बने पदार्थ दें।

कुछ बनाते या खिलाते समय साफ-सफाई का विशेष खयाल रखें।

अधिक मसालेदार व तली-भुनी चीजें खाने को न दें।

जुकाम, बुखार के साथ यदि सांस की गति तेज हो तो देर किए बगैर विशेषज्ञ से परामर्श करें।

**डायरिया से बचाव के लिए**

छह माह तक बच्चों को केवल ब्रेस्ट फीड करवाएं। इसके अतिरिक्त कुछ भी न दें। इससे उसे शरीर के मुताबिक पोषण मिलता रहेगा।

नवजात को रोटावायरस का टीका ढाई व साढ़े तीन महीने पर जरूर लगवाएं। हरी-सब्जियां, फैट, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, मिनरल्स कैल्शियम व आयरन से भरपूर चीजें दें।

कुछ बनाते समय साफ-सफाई का ध्यान रखें। ताजा चीजें ही खिलाएं, बासी या रखी हुई न दें।

फल देते समय अच्छे से धोएं व खुला रखा जूस, दूध या कोई अन्य पदार्थ न दें।

**बच्चा कुपोषित कब?**

कुपोषित बच्चों में निमोनिया के गंभीर होने की आशंका ज्यादा रहती है। हम अक्सर इस शब्द का इस्तेमाल तो करते हैं लेकिन इसके वास्तविक पैमाने के बारे में नहीं जानते। विशेषज्ञ के मुताबिक जिन बच्चों का वजन उम्र के अनुसार न होकर 20 प्रतिशत तक कम हो, साथ ही हाथ-पैर पतले हों तो उन्हें इस श्रेणी में रखा जाता है।

**कितना होना चाहिए वजन**

| | |
|---|---|
| नवजात : | 2.5-3.5 किलो |
| 6 माह : | 7.5-8.5 किलो |
| 1 साल | 9-10 किलो |
| 2 साल | 11-12 किलो |
| 3 साल | 13-14 किलो |
| 4 साल | 15-16 किलो |
| 5 साल | 19-20 किलो |



# स्टैमिना क्यों कम होता है



**आपने कई लोगों को कहते सुना होगा कि उनका स्टैमिना बहुत कम या फिर बहुत अच्छा है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसका मतलब क्या होता है? आइए, हम आपको बताए कि क्या होता है स्टैमिना -**

स्टैमिना का मतलब है आपके शरीर की उर्जा व आपके आंतरिक बल से। सामान्य शब्दों में कहे तो स्टैमिना अर्थात व्यक्ति द्वारा किसी भी काम को मानसिक या शारीरिक रूप से लंबे समय तक जारी रख पाना। वैसे आमतौर पर अधिकांश लोग स्टैमिना से शारीरिक कार्यों को करने की क्षमता ही समझते है।

* थोड़ी दूर तक चलने में या कुछ ही सीढ़ियां चढ़ते वक्त थकान लगना।
* बिना मेहनत किए पसीना आना।
* भूख नहीं लगना।
* हर वक्त खुद को थका हुआ महसूस करना और चक्कर आना।
* आंखों के सामने कभी-कभी धुंधलापन छा जाना।
* किसी काम को करने में मन न लगना।
* हाथों और पैरों में दर्द महसूस होना।
* अधिक नींद आना।

■ **नींद की कमी** – जो लोग रोजाना 7 से 8 घंटे की नींद नहीं ले पाते हैं, उनके शरीर की ताकत धीरे-धीरे कम होने लगती है, जिससे उनका किसी काम में मन भी नहीं लगता।

■ **पानी कम पीना** – हमारे शरीर का 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना है, ऐसे में अगर शरीर में पर्याप्त पानी नहीं होगा तो भी स्टैमिना कम होने लगता है, इसलिए जरूरी है कि पर्याप्त मात्रा में पानी पिते रहें।

■ **कार्बोहाइड्रेट की कमी** – क्या आपको पता है कि कार्बोहाइड्रेट का सेवन ही शरीर को सबसे ज्यादा एनर्जी देता है। ऐसे में अपने खान-पान में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा को संतुलित रखें।

# फेफड़ों को नेचुरल तरीके से करें क्लीन

**न्यूट्रिशन से भरपूर डाइट न सिर्फ आपके हेल्थ और वजन के लिए अच्छी होती है बल्कि इनका काम आपको कई सारी गंभीर बीमारियों से भी दूर रखना है। इतना ही नहीं न्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर फूड आइटम्स वायु प्रदूषण के खतरे को कम कम आपके फेफड़ों को हेल्दी बनाए रखने का काम करते हैं। तो आज हम ऐसे ही कुछ नेचुरल फूड आइटम्स के बारे में जानेंगे।**



**मिर्च** : मिर्च विटामिन सी से भरपूर होते हैं जो आपके फेफड़ों की सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद है। विटामिन सी एक ऐसा असरदार एंटीऑक्सीडेंट होता है जो गंभीर फेफड़ों की बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए रामबाण इलाज है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि विटामिन सी बॉडी से सभी टॉक्सिन्स और फ्री रेडिकल्स को रिमूव करने का काम करता है। जिससे बॉडी के साथ लंग्स भी रहते हैं सुरक्षित।

**चुकंदर** :चुकंदर में ढेर सारे विटामिन्स और खनिज होते हैं। ये प्राकृतिक शुगर का स्त्रोत है और इसमें आयरन, सोडियम, पोटैशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम आदि भी पाए जाते हैं। चुकंदर कफ बलगम निकालकर सांस की नली को साफ रखता है। मतलब इसका सेवन शरीर के लिए तो फायदेमंद है ही साथ ही ये हमारे फेफड़ों के लिए भी। इसलिए रोजाना चुकंदर का किसी न किसी रूप में सेवन करें।

**सेब**: फाइबर और विटामिन्स से भरपूर और कैलोरी की कम मात्रा लिए हुए सेब के रोजाना सेवन से आप न सिर्फ डॉक्टर के पास जाने से बचे रहेंगे बल्कि ये आपके श्वसन तंत्र को भी दुरुस्त रखने का काम करता है। सेब में पाया जाने वाला एक खास तरह का फ्लेवोनॉयड क्वरसिटिन फेफड़ों को साफ करने में मदद करता है।

**सब्जियां** : कुछ सब्जियां जैसे पत्तागोभी, ब्रोकली, गोभी, काले, स्प्राउट्स बहुत ही सेहतमंद ऑप्शन्स होते हैं। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर ये सब्जियां स्किन के साथ ही फेफड़ों के लिए भी काफी अच्छी होती हैं। तो कोशिश करें इनका ज्यादा से ज्यादा सेवन करने की जिससे आपके फेफड़े आसानी से सांस ले सकें।

# मेडिटेशन को करें अपनी दिनचर्या में शामिल




**मेडिटेशन को ही ध्यान लगाना कहते है, इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाकर रोजाना करने से कई फायदे होते हैं। अगर अभी तक आपने मेडिटेशन को अपने रूटीन में शामिल नहीं किया है तो, ये 13 फायदे जानने के बाद आप कल से ही इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेंगे...**

- मेडिटेशन, मन अशांत रहने पर उसके निष्क्रिय पड़े हुए भागों को उपयोग में लाने योग्य बनाता है।
- अनुभव की क्षमता को सूक्ष्म करने की एक प्रक्रिया है ध्यान।
- यदि आपको भूलने की आदत है तो ध्यान आपके लिए बहुत उपयोगी है।
- गुस्सैल प्रवृत्ति के लोगों का मन शांत करने में कारगर है भावातीत ध्यान।
- निर्णय न ले पाने वाले भी इसे अपनी जिंदगी में शामिल कर सकते हैं।
- हृदयरोग की रोकथाम के लिए उत्तम औषधि के समान है।
- मन की चंचलता को नियंत्रित करता है।
- दीर्घायु बनाने में इसकी अहम उपयोगिता है।
- शांति, सामर्थ्य, संतोष, शांति, विद्वत्ता और सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है भावातीत ध्यान।
- चाहें तो ध्यान के समय कुछ फूल आस-पास रखें, कोई सुगंधित वस्तु का छिड़काव कर दें, अगरबत्ती जला दें।
- रात्रि के भोजन से पहले ही ध्यान के लिए बैठें। प्रातःकाल सूर्योदय से पहले ध्यान करें।
- ढीले वस्त्र पहनकर ध्यान करें।
- महिलाएं यदि चाहें तो भावातीत ध्यान किसी शिक्षक के द्वारा भी सीख सकती हैं। चाहें तो मेडिटेशन सेंटर में भी आप इसे सीख सकती हैं।

## आज की रेसिपी

# खुबानी रेसिपी



**यह किसी भी फेस्टिवल सीजन के लिए एकदम परफेक्ट है, जिसमें आपको खुबानी, अंजीर और प्रून्स का स्वाद मिलता है यह एक पारंपरिक खुबानी रेसिपी है.**

**सामग्री :**

- 300 ग्राम खोया, कद्दूकस किया हुआ
- 200 ग्राम खूबानी (सूखा बीज रहित, भिगोया हुआ और कटा हुआ)
- 200 ग्राम प्रून्स (सूखा बीज रहित, लथपथ और कटा हुआ)
- 200 ग्राम अंजीर सूखा
- 50 ग्राम बादाम पाउडर
- 30 ग्राम गुड़
- 20 ग्राम पिस्ता (बारीक स्लाइस)
- 10 ग्राम चिरौंजी
- 1 टी स्पून हरी इलायची पाउडर
- 25 ग्राम घी

**विधि :**

- खुबानी को एक घंटे के लिए भिगोने के बाद नरम होने तक उबालकर बारीक काट लें.
- सूखे प्रून्स को भी एक घंटे भिगोने के बाद नरम होने तक उबालकर बारीक काट लें.
- सूखे अंजीर को एक घंटे के भिगोने के बाद छानकर पतली प्यूरी बना लें.
- पिस्ते को छीलकर स्लाइस में काट लें. बादाम को हल्का उबालकर ज्छील लें और बारीक पाउडर बना लें.
- अब एक पैन में घी गरम करें. इसमें अंजीर की प्यूरी डालें और इसे गाढ़ा होने तक पकाएं.
- इसमें कटा हुआ अंजीर और प्रून्स डालकर 15 मिनट तक पकाएं.
- अब इसमें कददूकस की हुआ गुड़ डालें और 2 से 3 मिनट के बाद बादाम पाउडर डालें.
- इसके बाद कददूकस किया हुआ खोया डालें और धीमी आंच पर 4 से 5 मिनट के लिए पकाएं. इसे लगातार चलाते हुए इसमें हरी इलाइची पाउडर डालें.
- इसमें गाढ़ापन आने दें और इसे बर्फी की तरह सेट होने दें.
- चिरौंजी को ड्राई रोस्ट करें. इस मिश्रण को किसी चकोर ट्रे में अच्छी तरह फैलाएं.
- इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दें और अपने मनचाहे आकार में काट लें.

# चेहरे पर आएगा बिना मेकअप के ग्लो



चेहरे की रंगत अगर फीकी पड़ जाए तो लड़कियां परेशान हो जाती हैं। हर लड़की चाहती है कि उसका चेहरा बेदाग, गोरा और चमकदार बना रहे। मगर धूल-मिट्टी और बढ़ते प्रदूषण के कारण चेहरे की रंगत को बरकरार रख पाना काफी मुश्किल हो जाता है। वहीं, इन दिनों लॉकडाउन की वजह से लोगों का स्क्रीन टाइम भी काफी बढ़ गया है, जिससे लैपटॉप से निकलने वाली घातक किरणें सकिन को अंदर से खराब कर देती हैं। यदि आप भी अपने चेहरे पर कील-मुंहासों के दाग, टैनिंग और झाइयों के कारण परेशान हैं और चेहरे के नूर को दोबारा वापस लाना चाहती हैं, तो एक्सपर्ट की सलाह आपके बड़े काम की हो सकती है। जी हां, एनबीटी ने अपने पाठकों के लिए कुछ ब्यूटिशन से बात की है, जो आपको ऐसे ब्यूटी टिप्स देंगे, जिसको आजमा कर आपकी सकिन दोबारा चमकदार और हेल्दी बन सकती है।

**कच्चा आलू**

आलू के इस्तेमाल से सनिक से डार्क स्पॉट्स, पिंग्मेंटेशन और टैनिंग की परेशानी दूर होती है। यही नहीं अगर आपकी सकिन से ग्लो चला गया है तो भी आलू का फेस मास्क काफी काम आता है।

कच्चे आलू को घिसकर चेहरे पर स्क्रब की तरह लगाएं। फिर दूसरे दिन कच्चा दूध लगाएं। इससे त्वचा के दाग हल्के हो जाते हैं। कद्दूकस किया हुआ खीरा त्वचा की क्लींजिंग और टोनिंग करता है।

**नारियल पानी**

त्वचा के दाग दूर करने के लिए नारियल का पानी बहुत कारगर हैं। नारियल पानी में एक चम्मच शहद मिलाकर उसे आइस ट्रे में डालकर बर्फ जमा दें। फिर रोज एक टुकड़ा निकल कर हल्के हाथों से चेहरे पर मलें। 10 मिनट बाद पानी से धो लें। नारियल के पानी में कैराटिन होता है, जो त्वचा की ऊपरी परत को हटाकर नई त्वचा विकसित करता है।

**नींबू**

नींबू प्रकृति का वरदान है, यह ब्यूटी ही नहीं बल्कि हेल्थ के लिए भी बेहद फायदेमंद है। खाली पेट नींबू, पानी और शहद पीने से आपका मेटाबॉलिजम ठीक रहता है वहीं स्किन पर नींबू लगाने से यह दागरहित, सॉफ्ट बनती है और रंगत भी निखरती है। नींबू को शहद में मिलाकर स्किन पर लगाएं, इससे आपकी स्किन सॉफ्ट होगी और रंगत में निखार आएगा।

नींबू का इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि यह एसिडिक होता है इसलिए इसे स्किन पर कभी डायरेक्ट न लगाएं। इसे डाल्यूट करने के लिए गुलाबजल, या ऊपर बताई गई चीजों के साथ मिलाकर ही इस्तेमाल करें। इसके अलावा स्किन पर नींबू का इस्तेमाल करने के बाद धूप में न निकलें।

**नारियल तेल और कपूर**

धूल-मिट्टी, प्रदूषण के कारण त्वचा पर दाने और कील-मुंहासे आ जाते हैं। नारियल तेल में एक टिकिया कपूर मिलाकर अच्छी तरह ब्लेंड करें। इसे चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं। 10 मिनट बाद पानी से धो लें। कच्चे दूध से रोज सुबह चेहरा साफ करने से दाग दूर होते हैं। यह उपाय अल्टरनेट दिन में एक महीने तक आजमाएं।

**मलाई और हल्दी**

एक टीस्पून दूध की मलाई में एक चुटकी हल्दी पाउडर और 1/4 चम्मच गुलाबजल मिलाकर चेहरे पर हलके हाथों से गोलाई में मलें। फिर ऐसे ही छोड़ दें। बीस मिनट बाद चेहरा हलके गुनगुने पानी या ताजे पानी से धो लें। इसे रोजाना दो महीने तक करने से रंगत साफ होगी और दाग भी दूर हो जाएंगे।

**फ्रूट पैक का करें नियमित इस्तेमाल**

फलों में ऐंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट तो करते ही हैं, दाग-धब्बे भी हल्के करते हैं। फ्रूट पैक के लिए मसला हुआ आधा पका केला, मसला हुआ एक टुकड़ा पका पपीता में आधा चम्मच शहद मिलाकर चेहरे पर रोज सुबह व रात में सोने से पहले लगाएं। 20 मिनट बाद पानी से धो लें।